नई दिल्ली RNI No. DLHIN/2010/37009

वर्ष : 14

अंक : 38

सोमवार, 21 से 27 अक्टूबर 2024

मूल्य : 5 रू प्रति

रू 250 वार्षिक

हटाए गए बस मार्शल चार महीने के लिए फिर होंगे नियुक्त, एलजी ने दिया निर्देश 03

बेफिक्र रहिये! न कोई कटेगा और न कोई बटेगा 08

NCR समाचार

भारत 12 साल बाद घर में टेस्ट सीरीज हारा 10

बच्चों के मां-बाप नहीं दोस्त बनें 11

इस्माईल खान

www.ncrsamacharlive.in

BY C.R.O. TEAM

twitter-@ncrsamacharlive

भारत का नं. 1 साप्ताहिक समाचार पत्र

तमन्ना भाटिया की फिल्म ओडेला 2 को लेकर आया नया अपडेट 12

इजराइल की ईरान पर एयर स्ट्राइक से युद्ध छिड़ने की आशंका बढ़ी

हमले के बाद इजरायल-ईरान में बयानबाजी तेज

तेहरान, एजेंसी। इजराइल की ईरान पर की गई एयर स्ट्राइक से युद्ध की आशंका बढ़ गई है। ईरान ने इस माह की शुरूआत में इजराइल पर बड़ा हमला किया था। प्रतिशोध की आग में झुलस रहे इजराइल के सैनिकों ने बदला लेने के बाद हमला रोक दिया है। इजराइल ने ईरान को चेतावनी दी है कि भविष्य में उसे दोबारा निशाना बनाया गया तो वह और भी कड़ी प्रतिक्रिया देगा।

इजरायल ने ईरान के 1 अक्टूबर के हमले के बाद इसका जवाब दिया है. करीब 26 दिनों से जो आशंका बनी हुई थी वो आखिर सच हुई. इस बार इजरायल ने सिर्फ ईरान को निशाना बनाने की जगह इराक और सीरिया पर भी बम बरसाए हैं. इराक और ईरान के साथ-साथ इजरायल ने भी फिलहाल अपना एयर स्पेस यात्री फ्लाइट्स के लिए बंद कर कर दिया है. इजरायल के हमले को लेकर ईरान की ओर से पहला आधिकारिक बयान आया है. ईरान एयर डिफेंस ने माना है कि इजरायल ने तेहरान, कुजेस्तान और इलम प्रांत में कुछ मिलिट्री ठिकानों के हिस्से को टारगेट किया है.

हमले के बाद इजरायल-ईरान में बयानबाजी तेज है. इजरायली सेना ने ईरान को धमकी देते हुए कहा है कि अगर ईरान अब ईरान कोई प्रतिक्रिया देने की कोशिश करता है तो हम हर तरह से तैयार हैं. वहीं ईरान के सांसद अहमद अज्जाम ने कहा कि हमारे पास आत्मरक्षा के सारे अधिकार हैं. इस बीच एयरस्ट्राइक पर अमेरिका समेत दूसरे देशों के रुख पर भी सभी की नजरें टिकी हैं. इजरायली मीडिया रिपोर्ट का दावा है कि अमेरिका ने भी ईरान को पलटवार न करने के लिए कहा है.

जानकारी के मुताबिक इजरायल ने ईरान के एयर डिफेंस सिस्टम पर हमला बोला है. इजरायल का दूसरा और तीसरा टारगेट मिसाइल और ड्रोन के बेस के साथ साथ प्रोडक्शन साइट रहे. ईरान की प्रतिक्रिया उस हमले के जवाब में आई है जो इजरायल ने आधी रात को किया. इजरायल ने ईरान के कई शहरों में रॉकेट और बम बरसाए हैं. इजरायल के 100 जंगी जहाज ईरान के एयरस्पेस में घुस गए और बडा हमला किया. इजरायल की सेना ने ईरान के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है. ईरान के अलावा सीरिया और इराक को भी निशाना बनाया गया है.

ईरान ने इजरायल के शहरों पर 1 और 2 अक्टूबर की दरमियानी रात को एक के बाद एक कुल मिलाकर 180 बैलेस्टिक मिसाइलें दागी थीं. इजरायल के आसमान पर इन मिसाइलों का हमला डरावना दिख रहा था. ये हमला बिना उकसावे के हुआ था. ईरान ने इजरायल पर इस साल दो बड़े हमले किए. पहला हमला अप्रैल में हुआ था जब 130 मिसाइलें दागी गई थीं. दूसरा हमला अक्टूबर में हुआ था जब 180 मिसाइलें दागी गईं. और यही दो हमले ईरान को अब भारी पड़ रहे हैं. दोनों देशों के बीच बयानबाजी भी तेज है.

हमले के बाद इजरायल-ईरान में बयानबाजी तेज है. इजरायली सेना ने ईरान को धमकी देते हुए कहा है कि अगर ईरान अब ईरान कोई प्रतिक्रिया देने की कोशिश करता है तो हम हर तरह से तैयार हैं.

वहीं ईरान के सांसद अहमद अज्जाम ने कहा कि हमारे पास आत्मरक्षा के सारे अधिकार हैं. इस बीच एयरस्ट्राइक पर अमेरिका समेत दूसरे देशों के रुख पर भी सभी की नजरें टिकी हैं. इजरायली मीडिया रिपोर्ट का दावा है कि अमेरिका ने भी ईरान को पलटवार न करने के लिए कहा है.

पाकिस्तान ने भी हमले की निंदा करते हुए कहा, 'संघर्ष के बढ़ने और विस्तार के मौजूदा चक्र के लिए इजरायल पूरी तरह जिम्मेदार है.'

अमेरिका और ब्रिटेन की ईरान की सलाह

वाइट हाउस के एक सीनियर अधिकारी ने कहा है कि प्रतिक्रिया आनुपातिक थी. हमने ईरान को संदेश भेजा कि अगर वह जवाब देता है तो हम इजरायल की रक्षा करेंगे. ईरान में सैन्य ठिकानों पर इजरायल के हमले लक्षित और आनुपातिक प्रतीत होते हैं. अब उनके बीच गोलीबारी का अंत हो जाना चाहिए. वहीं ब्रिटिश प्राइम मिनिस्टर कीर स्टार्मर ने इरान को आगाह किया है कि पलटवार करने से बचें और बदले का खयाल दिमाग से निकालें.

मुस्लिम देशों की क्या रही प्रतिक्रिया?

सऊदी अरब के विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा हमले की निंदा की है. उसने कहा कि अरब ईरान को निशाना बनाने वाले इजरायली सैन्य हमले की निंदा करता है. यह ईरानी संप्रभुता का उल्लंघन और अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन है. वहीं मलेशिया के विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर इसे अंतर्राष्ट्रीय कानून का स्पष्ट उल्लंघन बताया. बयान में कहा गया, 'मलेशिया शत्रुता को तत्काल समाप्त करने और हिंसा के चक्र को समाप्त करने का आह्वान करता है. मध्य पूर्व के देशों पर इजरायल के लगातार हमले इस क्षेत्र को व्यापक युद्ध के कगार पर ला रहे हैं.'

यूरोपीय नेताओं ने किया संयम बरतने का आह्वान

ईरान के सैन्य ठिकानों पर इजरायल द्वारा जवाबी हमले किए जाने के बाद यूरोपीय नेताओं ने संयम बरतने का आग्रह किया है. पढ़ें किसने क्या कहा-

फ्रांसः फ्रांसीसी विदेश मंत्रालय ने एक बयान में लिखा कि आगे और तनाव न बढ़े, इसके लिए चेतावनी दी. बयान में कहा गया "फ्रांस को ईरान में सैन्य ठिकानों पर इजरायल द्वारा हमले की घोषणा के बारे में पता चला है. फ्रांस ने तुरंत पक्षों से आग्रह किया कि वे क्षेत्र में व्याप्त अत्यधिक तनाव के संदर्भ को बढ़ाने वाली किसी भी कार्रवाई या तनाव को बढ़ाने वाली कार्रवाई से बचें."

स्विट्जरलैंडः देश के विदेश मंत्रालय ने एक्स पर एक बयान में लिखा, "स्विट्जरलैंड मध्य पूर्व में हिंसा के खतरनाक रूप से बढ़ने की निंदा करता है, जिसमें आज ईरान में इजरायल द्वारा किए गए हवाई हमले भी शामिल हैं. क्षेत्रीय तनाव को और अधिक बढ़ने से रोकने के लिए सभी पक्षों की ओर से शत्रुता समाप्त होनी चाहिए."

जर्मनीः चांसलर ओलाफ स्कोल्ज ने जोर देकर कहा कि इजरायल ने कहा था कि उन्होंने हमलों के दौरान व्यक्तिगत चोट को कम करने की कोशिश की, और कहा कि इससे तनाव को और अधिक बढ़ने से रोकने का अवसर मिलता है. ईरान के लिए मेरा संदेश स्पष्ट है है कि उग्रता की व्यापक प्रतिक्रियाएं जारी नहीं रहनी चाहिए. इसे अब समाप्त होना चाहिए. तब मध्य पूर्व में शांतिपूर्ण विकास का अवसर मिलेगा.

दिल्ली की कुम्हार कॉलोनी में पहुंचे राहुल गांधी, सड़क किनारे बनवाई दाढ़ी

एनसीआर समाचार

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी शुक्रवार सुबह पश्चिमी दिल्ली के उत्तम नगर स्थित प्रजापति कॉलोनी पहुंचे। यहां उन्होंने सैलून मालिक अजीत ठाकुर से लेकर कुम्हार परिवार की रामरति तथा अन्य लोगों से मुलाकात की। उन्होंने अजीत ठाकुर के सैलून पर दाढ़ी बनवाई और रामरति के घर जाकर उनसे बर्तन बनाना सीखा। कांग्रेस सांसद ने अपने हाथों से दीये भी बनाए।

अजीत ठाकुर ने कहा, ह्लराहुल गांधी किसी कार्यक्रम से गुजर रहे थे, मैं बाहर खड़ा था। अचानक उनकी गाड़ी रुकी, और राहुल गांधी ने मेरी ओर ध्यान दिया। इसके बाद मैं घबरा गया, क्योंकि मेरे सामने एक बड़े नेता खड़े थे। उन्होंने कहा, राहुल गांधी ने मुझसे हाथ मिलाते हुए पूछा, आप क्या काम करते हैं? तो मैंने संकोच में कहा, सर, मैं कुछ खास नहीं करता। तब राहुल गांधी ने कहा, क्या मेरी दाढ़ी की सेटिंग करोगे? इसने मुझे थोड़ा सहज कर दिया और मैंने जवाब दिया, जरूर करेंगे।

अजीत ने कहा कि राहुल गांधी के साथ बिताए गए 20 मिनट ने उन्हें काफी प्रभावित किया। राहुल गांधी ने अजीत से उनके काम रोजगार और जिंदगी के बारे में कई सवाल पूछे। उन्होंने जानना चाहा कि अजीत की कमाई क्या है, दुकान का किराया कितना है, और वह किस तरह से अपनी जिंदगी बिता रहे हैं। अजीत ने बताया कि उनका व्यवसाय 1993 से चल रहा है, और कोई भी नेता उनके पास इस तरह से नहीं रुका था।

राहुल गांधी ने उनकी स्थिति को समझते हुए उन्हें आश्वासन दिया कि वह मदद कर सकते हैं। अजीत ने खुलकर अपनी कठिनाइयों का जिक्र किया। राहुल गांधी ने उनके प्रति सहानुभूति जताई और कहा कि वह उनकी मदद करने का प्रयास करेंगे। अजीत ने कहा कि इस छोटी-सी मुलाकात ने मुझे आशा दी।

मैंने महसूस कराया कि एक नेता केवल राजनीतिक आकांक्षाओं से नहीं भरा होता, बल्कि वह सामान्य लोगों के साथ जुड़ने और उनकी समस्याओं को समझने में भी रुचि रखता है।

रामरति ने कहा, मैं कुम्हार कॉलोनी में रहती हूं। मेरे घर की घंटी बजी, और मैंने दरवाजा खोला, तो सामने राहुल जी खड़े थे। उस वक्त मेरे बच्चे भी साथ में थे। मैंने राहुल को देखा, तो दंग रह गई। राहुल पूरी सिक्योरिटी के साथ मेरे सामने खड़े थे। उन्होंने मुझसे कहा कि 'माता जी नमस्कार'।

महाराष्ट्र विधानसभा चुनावः भाजपा ने जारी की 22 उम्मीदवारों की सूची

एनसीआर समाचार

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शनिवार को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिये प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी की, जिसमें 22 उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं।

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह की ओर से जारी की गयी सूची के मुताबिक पार्टी ने लातूर ग्रामीण विधानसभा सीट पर श्री रमेश कराड को उम्मीदवार बनया है।

गौरतलब है कि यहां पर कांग्रेस ने दिग्गज नेता विलासराव देशमुख के पुत्र धीरज विलासराव देशमुख को मैदान में उतारा है। इस तरह से अब यहां पर लड़ाई श्री कराड और श्री देशमुख के बीच देखने को मिलेगी।

उल्लेखनीय है कि भाजपा ने इससे पहले अपनी पहली सूची में 99 उम्मीदवारों के नामों का एलान किया था। इस तरह से पार्टी अब तक 121 प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर सूची जारी की है। महाराष्ट्र विधानसभा की 288 सीटों के लिये 20 नवंबर को मतदान होगा और नतीजे 23 नवंबर को आयेंगे।

उम्मीदवारों की सूची

1 धुले ग्रामीण राम भदाणे
2 मलकापुर चैनसुख मदनलाल संचेती
3 अकोट प्रकाश गुणवंतराव भारसाकले
4 अकोला पश्चिम विजय अग्रवाल
5 वाशिम श्याम खोडे
6 मेलघाट केवलराम काले
7 गढ़चिरौली डॉ. मिलींद नरोटे
8 राजुरा देवराव भोंगले
9 ब्रह्मपुरी कृष्णलाल सहारे
10 वरोरा करण देवतले
11 नासिक मध्य देवयानी सुहास फरांदे
12 विक्रमगढ़ हरिश्चंद्र सखाराम भोये
13 उल्लहासनगर कुमार उत्तमचंद आयलानी
14 पेन रवींद्र दगडू पाटिल
15 खड़कवासला भिमराव तापकीर
16 पुणे छावनी सुनील कांबले
17 कस्बा पेठ हेमंत नारायण रासने
18 लातूर ग्रामीण रमेश कराड
19 सोलापुर शहर मध्य देवेंद्र कोठे
20 पंढरपुर समाधान आवताड़े
21 शिराला सत्यजित देशमुख
22 जत गोपीचंद कुंडलिक पडलकर

दुनिया की स्थिरता, भरोसे और पारदर्शिता का मजबूत आधार है भारतः प्रधानमंत्री

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को दुनिया की स्थिरता, सातत्य, भरोसे और पारदर्शिता का मजबूत आधार बताते हुए जर्मनी के उद्योग जगत का भारतीय प्रतिभा एवं नवान्वेषण को अपनाने और विश्व के बेहतर भविष्य के लिए योगदान सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

श्री मोदी ने यहां जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज और वाइस चांसलर डॉक्टर रॉबर्ट हाबेक की मौजूदगी में एशिया-पैसिफिक कांफ्रेंस ऑफ जर्मन बिजनेस को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने हर कदम, हर मोर्चे पर भारत और जर्मनी की दोस्ती के गहरे होने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा, ये साल, भारत-जर्मनी रणनीतिक साझीदारी का 25वाँ वर्ष है।

अब आने वाले 25 वर्ष, इस साझीदारी को नई बुलंदी देने वाले हैं। हमने आने वाले 25 वर्षों में

विकसित भारत का एक रोडमैप बनाया है। मुझे खुशी है कि ऐसे महत्वपूर्ण समय में जर्मन कैबिनेट ने फोकस ऑन इंडिया डॉक्यूमेंट रिलीज किया है। विश्व की दो सशक्त लोकतंत्र, विश्व की दो शीर्ष अर्थव्यवस्थाएं, साथ मिलकर कैसे विश्व कल्याण की शक्ति बन सकती हैं, फोकस ऑन इंडिया डॉक्यूमेंट में उसका ब्लू प्रिंट है। इसमें रणनीतिक साझीदारी को समग्रता से आगे बढ़ाने की कार्यशैली और प्रतिबद्धता साफ दिखती है। खासतौर पर भारत की कुशल श्रमशक्ति पर जर्मनी ने जो भरोसा जताया है, वो अद्भुत है।

श्री मोदी ने कहा, जर्मनी ने कुशल भारतीयों के लिए हर वर्ष मिलने वाले वीजा की संख्या, 20 हजार से बढ़ाकर 90 हजार करने का फैसला किया है। मुझे विश्वास है कि इससे जर्मनी की तरक्की को नई गति मिलेगी।

उन्होंने कहा कि हमारा आपसी व्यापार 30 अरब डॉलर से अधिक के स्तर पर पहुँच चुका है। आज एक तरफ सैकड़ों जर्मन कम्पनियां भारत में हैं, तो वहीं भारतीय कंपनियां भी तेजी से जर्मनी में अपनी उपस्थिति बढ़ा रही हैं। आज भारत विविधता और जोखिम मुक्त सबसे बड़ा केंद्र बनता जा रहा है। भारत वैश्विक कारोबार एवं विनिर्माण का भी हब बन रहा है। ऐसे में आपके लिए मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड का, ये सबसे उपयुक्त समय है।

उन्होंने कहा कि यूरोपीय संघ और एशिया प्रशांत क्षेत्र के बीच संबंध मजबूत करने में एशिया प्रशांत सम्मेलन की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। लेकिन वह इस मंच को सिर्फ कारोबार और निवेश के सीमित दायरे में ही नहीं देखते हैं। बल्कि वह इसे हिन्द प्रशांत क्षेत्र और विश्व के बेहतर भविष्य की साझीदारी के रूप में देखते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा, ह्लदुनिया को स्थिरता और सातत्य की जरूरत है, भरोसे और पारदर्शिता की जरूरत है। चाहे समाज हो या फिर आपूर्ति श्रृंखला, हर मोर्चे पर इन मूल्यों को बल देने की जरूरत है। इनके बिना कोई भी देश, कोई भी क्षेत्र, अपने बेहतर भविष्य की कल्पना नहीं कर सकता। हिन्द प्रशांत क्षेत्र तो दुनिया के भविष्य के लिए बहुत जरूरी है। वैश्विक वृद्धि हो, जनसंख्या हो या कौशल हो, इस क्षेत्र का योगदान और क्षमता, दोनों बहुत व्यापक है। इसीलिए इस सम्मेलन का महत्व और भी बढ़ जाता है।

उन्होंने कहा कि भारत की जनता, एक स्थिर राजनीतिक प्रणाली और विश्वसनीय नीतियों के इकोसिस्टम को बहुत महत्व देती है।

एलएसी पर जमीनी स्थिति बहाल करने पर भारत-चीन सहमत : राजनाथ सिंह

नई दिल्ली, एजेंसी। पूर्वी लद्दाख में एलएसी विवाद समाप्ति समझौते और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व राष्ट्रपति शी जिनपिंग की रूस में हुई द्विपक्षीय बैठक के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि दोनों पक्षों की चर्चा के बाद वास्तविक नियंत्रण रेखा पर जमीनी स्थिति बहाल करने के लिए सहमति बन गई है। इसमें पारंपरिक क्षेत्रों में गश्त में मवेशियों को चराने की अनुमति देना भी शामिल है। वह राजधानी दिल्ली में आयोजित चाणक्य रक्षा संवाद-24 को संबोधित कर रहे थे। जिसमें उन्होंने इस समझौते को एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम बताते हुए कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय मंच पर वार्ता के महत्व को रेखांकित करता है।

रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत और चीन के बीच एलएसी के साथ कुछ क्षेत्रों में विवाद सुलझाने के लिए सैन्य और कूटनीतिक माध्यमों से बातचीत जारी है। समझौते में

पारंपरिक क्षेत्रों में गश्त और चारागाह गतिविधियों की मंजूरी भी दी गई है। दोनों देशों के बीच बनी इस सहमति के पीछे लगातार हुई बातचीत का अहम योगदान है। क्योंकि कभी न कभी समाधान निकल ही जाएगा। गौरतलब है कि पीएम मोदी और राष्ट्रपति जिनपिंग ने रूस में हुई करीब 50 मिनट की अपनी बैठक को महत्वपूर्ण बताते हुए विवाद समाप्ति समझौते को अपनी स्वीकृति प्रदान की थी। बातचीत के लिए स्थापित उच्च अधिकारी स्तर के तंत्र की बहाली पर भी दोनों ने जोर दिया। साथ ही कहा कि आपसी विश्वास, सम्मान और संवेदनशीलता ही संबंधों का आधार होना चाहिए।

सुरक्षा के कई अहम पहलू

राजनाथ ने कहा कि सुरक्षा एक व्यापक और बहुआयामी विचार है। जिसमें कई पहलू शामिल हैं जैसे आंतरिक स्थिरता, आर्थिक लचीलापन और जटिल बुनियादी ढांचे की सुरक्षा शामिल है। यह सभी राष्ट्र के समूचे सुरक्षा तंत्र के लिए जरूरी हैं। सुरक्षा, सीमा सुरक्षा से भी जुड़ी हुई है। जब हम सुरक्षा के बारे में विचार करते हैं तो हमारे मन में बार्डर पर तैनात सैनिकों की छवि उभरती है, आसमान में गश्त करते हुए विमान दिखते हैं और समुद्र की रक्षा कर रहे जहाज नजर आते हैं।

हालांकि आप सभी जानते हैं कि सुरक्षा सीमा सुरक्षा के भी काफी परे है। रक्षा मंत्री ने कहा कि हथियारों का स्वदेशी रूप से निर्माण सुरक्षा ढांचे के साथ ही देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान करेगा।

पिछली सरकारों पर साधा निशाना

पूर्व की कांग्रेस नीत सरकारों पर कटाक्ष करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा, क्या रक्षा को पहले के समय में विकास का एक अहम तत्व माना जाता था? भारत को काफी पहले ही रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल कर लेनी चाहिए थी? आज रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता एक बड़ा राष्ट्रीय लक्ष्य है। लेकिन इसमें वैश्विक समुदाय से अलग-थलग होकर कार्य करना शामिल नहीं है। जब भारत आत्मनिर्भरता की बात करता है तो यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि हम समान और समावेशी विश्व व्यवस्था को लेकर प्रतिबद्ध हैं।

एनसीआर समचार, साप्ताहिक समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

कार्यालय :
12/276, संगम विहार
नई दिल्ली- 62

फोन :
8888883968
9811111715

एनसीआर समाचार पत्र के स्वामित्व/ प्रकाशन परिवर्तन के संबंध में

आवश्यक सूचना

एनसीआर समाचार पत्र के समस्त पाठकों तथा समाचार पत्र के साथ जुड़े समस्त पत्रकारों, व्यावसायिक संयोजक, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं/संस्थानों को यह सूचित किया जाता है कि गत वर्षों से श्री बलबीर सिंह के नेतृत्व व स्वामित्व में चले आ रहे वर्तमान एनसीआर समाचार पत्र का प्रकाशन व स्वामित्व मो. हनीफ, पुत्र श्री इस्माईल खान मास्टर जी, संगम विहार के स्वामित्व व नेतृव में हो रहा है।

अतः भविष्य में समस्त प्रकार की व्यावसायिक, कानूनी एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु मो. हनीफ/ नए कार्यालय जी-12/276, संगम विहार, नई दिल्ली- 110062, दूरभाष (मोबाईल) 8888883968, 9811111715 सम्पर्क करें।

एक नजर

दक्षिण अफ्रीका : फूड पॉइजनिंग के बाद 40 से अधिक छात्र अस्पताल में भर्ती

जोहान्सबर्ग , एजेंसी। दक्षिण अफ्रीका के क्वाजुलु-नताल प्रांत स्थित एक प्राथमिक स्कूल के 43 छात्रों को फूड पॉइजनिंग के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रांतीय शिक्षा विभाग ने कहा कि मटुबातुबा के नगाका प्राथमिक विद्यालय के छात्र स्कूल के बाहर सड़क के विक्रेताओं से खरीदे गए स्नैक्स खाने के बाद बीमार पड़ गए। क्वाजुलु-नताल प्रांत में शिक्षा विभाग के प्रवक्ता मुजी म्हालम्बी ने कहा, छात्रों को स्थानीय क्लिनिक ले जाया गया और चिकित्सा उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार म्हालम्बी ने कहा कि विभाग इस मामले के कारणों की जांच करने के लिए पुलिस और स्वास्थ्य विभाग के साथ सहयोग कर रहा है। हाल ही में दक्षिण अफ्रीका में बच्चों में फूड पॉइजनिंग के मामलों में वृद्धि देखी गई है। 6 अक्टूबर को जोहान्सबर्ग में फूड पॉइजनिंग से छह बच्चों की मृत्यु हो गई थी और इस महीने की शुरुआत में गौतेंग, लिम्पोपो और क्वाजुलु-नताल प्रांतों के 130 से अधिक छात्रों को इसी तरह के कारणों से अस्पताल में भर्ती कराया गया। दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रीय स्वास्थ्य विभाग ने इन मामलों की जांच करने और स्थानीय दुकानों में बेचे जाने वाले खाद्य पदार्थों का निरीक्षण करने के लिए पर्यावरण और स्वास्थ्य निरीक्षकों सहित 80 सदस्यीय जांच दल को तैनात किया है। सोमवार को शुरू की गई जांच में फूड पॉइजनिंग का कारण अब तक पता नहीं चल पाया है।

पाकिस्तान में गुरु नानक जयंती व दीपावली से पहले हिंदुओं और सिख परिवारों को नकद राशि देगी सरकार



इस्लामाबाद, एजेंसी। पाकिस्तान की पंजाब सरकार गुरु नानक जयंती व दीपावली के मौके पर प्रांत में प्रत्येक सिख और हिंदू परिवार को 10,000 पाकिस्तानी रुपये देगी। कुल 2200 परिवारों को यह राशि दी जाएगी। पाकिस्तान की पंजाब सरकार प्रांत में प्रत्येक सिख व हिंदू परिवार को एक 'त्यौहार कार्ड जारी करेगी, जिसके तहत गुरु नानक जंयती और दीपावली के मौके पर उन्हें 10,000 पाकिस्तानी रुपए दिए जाएंगे। अधिकारियों ने बताया कि गुरु नानक देव की 555वीं जयंती मनाने के लिए अगले महीने आने वाले विदेशी तीर्थयात्रियों के वास्ते विशेष व्यवस्था की गई है। पंजाब सरकार के प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे 'हमारे हिंदू और सिख भाइयों को त्यौहार कार्ड जारी करने की प्रक्रिया तुरंत शुरू करें। उन्होंने बताया कि पंजाब सरकार ने 2,200 सिख और हिंदू परिवारों के लिए 'त्यौहार कार्ड जारी करने की मंजूरी दी है। इस वर्ष से इन 2,200 परिवारों को त्यौहार कार्ड के तहत ये धनराशि प्रत्येक वर्ष दी जाएगी। 'इवैक्यूई ट्रस्ट प्रॉपर्टी बोर्ड (ईटीपीबी) के अतिरिक्त सचिव सैफुल्लाह खोखर ने बताया कि विदेशी तीर्थयात्रियों को वीजा जारी करने की सुविधा के लिए एक वीजा स्वचालन प्रणाली शुरू की गई है, जिसमें भारत से 3,000 से अधिक और अन्य देशों से आने वाले 1,000 सिख तीर्थयात्री शामिल हैं।

ब्रिटिश मंत्री ने जमकर की भारत की तारीफ, कहा- एआई और अंतरिक्ष विज्ञान में भारत से बहुत कुछ सीख जा सकता

लंदन, एजेंसी। ब्रिटेन भारत से विशेष रूप से कृत्रिम मेधा (एआई) और अंतरिक्ष विज्ञान के मामले में बहुत कुछ सीख सकता है। प्रधानमंत्री कीअर स्टार्मर के नेतृत्व वाली सरकार के एक मंत्री ने भारत की तारीफ करते हुए यह बात कही। सोमवार शाम को यहां 'लेबर इंडियन डायस्पोरा समूह द्वारा आयोजित दिवाली समारोह को संबोधित करते हुए ब्रिटेन की कार्मिक एवं पेंशन मंत्री लिज केंडल ने जुलाई में होने वाले आम चुनाव के लिए पार्टी के घोषणापत्र का जिक्र किया, जिसमें भारत के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने और मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए प्रतिबद्धता जताई गई है। केंडल ने कहा, यह हमारे घोषणापत्र का एक बहुत ही स्पष्ट हिस्सा था कि हम भारत के साथ एक नया रणनीतिक संबंध बनाना चाहते हैं क्योंकि हम अपने दो महान देशों के बीच महत्वपूर्ण संबंधों को समझते हैं। उन्होंने कहा, दोनों देशों के बीच संबंध बहुत महत्वपूर्ण हैं और यही कारण है कि हमारे प्रधानमंत्री ने कहा है कि हम लोकतंत्र और आकांक्षाओं के हमारे साझा मूल्यों के आधार पर भारत के साथ एक नया रणनीतिक संबंध बनाना चाहते हैं, जिसमें एक मुक्त व्यापार (समझौता) और वैश्विक, जलवायु व आर्थिक सुरक्षा के लिए एक नई रणनीतिक साझेदारी भी शामिल है।

शेख हसीना का छात्र संगठन बैन, अवामी लीग पर भी संकट के बादल; चुनाव से बाहर हो जाएगी पार्टी?

ढाका, एजेंसी। बांग्लादेश बदर के बाद शेख हसीना की विचारधारा वाली पार्टियों और संगठन पर बैन लगाने के योजना बनाई जा रही थी। इस योजना को अब बांग्लादेश की अंतरिम यूनुस सरकार ने अमल में लेना शुरू कर दिया है। शेख हसीना को बड़ा झटका देते हुए उनके छात्र संगठन बांग्लादेश छात्र लीग (बीसीएल) पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। यूनुस सरकार ने यह फैसला उस छात्र संगठन के हिंसक हमलों में शामिल होने के कारण लिया है। बीसीएल पर इल्जाम है कि शेख हसीना की सरकार के अगस्त में गिरने के बाद हुए छात्र प्रदर्शनों के दौरान इस संगठन ने काफी उत्पात मचाया था।

आतंकी गतिविधियों के चलते बैन हुआ छात्र संगठन : यूनुस सरकार की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया, बांग्लादेश सरकार ने बांग्लादेश छात्र लीग को आतंकवाद विरोधी कानून के तहत प्रतिबंधित कर दिया है। समाचार एजेंसी एएफपी ने अपनी रिपोर्ट में इस जानकारी का उल्लेख किया है। सरकार की अधिसूचना के अनुसार, छात्र लीग पर पिछले तीन कार्यकालों के दौरान कई गंभीर आरोप लगे हैं। इनमें हत्या, उत्पीड़न, यातना और अन्य गतिविधियों का उल्लेख किया गया है। शेख हसीना की छात्र लीग सार्वजनिक सुरक्षा के लिए खतरा मानी गई हैं। अधिसूचना में यह भी कहा गया है कि 2009 के आतंकवाद विरोधी कानून के प्रावधानों के तहत छात्र लीग पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया गया है। हसीना की सरकार के खिलाफ जुलाई में शुरू हुए शांतिपूर्ण प्रदर्शनों ने तब हिंसक रूप ले लिया, जब छात्र लीग के सदस्यों ने विश्वविद्यालय परिसरों में छात्र प्रदर्शनकारियों पर हमला किया। सरकार समर्थक समूहों द्वारा विरोध प्रदर्शनों को रोकने के प्रयासों ने जनता के गुस्से को और भड़काया, जिसके परिणामस्वरूप हसीना की सरकार गिर गई। अधिकारियों के अनुसार, इस हिंसा में 700 से अधिक लोग मारे गए जिनमें से अधिकांश पुलिस और हसीना विरोधी प्रदर्शनकारियों के बीच हुए संघर्षों में मारे गए थे। इस महीने बांग्लादेश की एक अदालत ने हसीना के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया।

अवामी लीग भी होगी बैन बता दें शेख हसीना के अगस्त में देश छोड़कर भागने के बाद भीड़ ने गणभवन (बांग्लादेश प्रधानमंत्री निवास) पर हमला कर दिया था। हसीना अपनी विदाई का भाषण रिकॉर्ड करना चाहती थीं, लेकिन प्रदर्शनकारियों के गणभवन के करीब पहुंचने के चलते सेना ने उन्हें 45 मिनट का समय दिया ताकि वे देश छोड़कर अपनी जान बचा सकें। इसके बाद शेख हसीना ने अपना त्यागपत्र दे दिया था। हसीना की सरकार गिरने के बाद उनके कई सहयोगियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्हें पुलिस की कार्रवाई में शामिल होने का आरोपी ठहराया गया है। पूर्व मंत्रियों और वरिष्ठ अवामी लीग के सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि उनके द्वारा नियुक्त किए गए न्यायाधीशों और केंद्रीय बैंक के अधिकारियों को भी हटा दिया गया है। अब ऐसा बताया जा रहा है कि बांग्लादेश में शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग और अन्य समान विचारधारा वाले दलों को राजनीतिक भागीदारी से रोकने की योजना बनाई है।

बांग्लादेशी मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार, अंतरिम सरकार के विशेष सहायक महफूज आलम ने बताया कि शेख हसीना की अवामी लीग पार्टी को राजनीतिक गतिविधियों में शामिल होने के लिए प्रशासनिक और कानूनी बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है। 84 वर्षीय मोहम्मद यूनुस ने 8 अगस्त को बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार के रूप में पदभार ग्रहण किया था। इससे पहले, हिंसक विरोध प्रदर्शन के बाद 5 अगस्त को शेख हसीना भारत भाग आई थीं। यूनुस के वफादार महफूज आलम ने कहा, जो लोग पिछले तीन चुनावों में हिस्सा लेकर अवैध तरीके से संसद में पहुंचे और जनता को धोखा दिया, उनकी राजनीतिक भागीदारी पर बाधाएं डाली जाएंगी।

अमेरिका में भारतीयों को बड़ा तोहफा, इस राज्य ने दीवाली पर आधिकारिक छुट्टी का किया ऐलान

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका में दीवाली पर भारतीयों को बड़ा तोहफा मिला है। यहां पहले राज्य ने दीवाली पर आधिकारिक छुट्टी का किया ऐलान कर भारतीय अमेरिकी नागरिकों को खुश कर दिया है। पेंसिल्वेनिया के गवर्नर जोश शापिरो ने सोमवार को एक कानून पर हस्ताक्षर किए, जिससे दिवाली को पेंसिल्वेनिया में आधिकारिक अवकाश के रूप में मान्यता मिली।गवर्नर शापिरो ने कहा, इस बिल पर हस्ताक्षर करके, हम दिवाली के महत्व को पहचानने के साथ-साथ पेंसिल्वेनिया में एशियाई अमेरिकी समुदाय की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और योगदान का जश्न मना रहे हैं। यह कानून राज्य सेनाटे में सेनेटर ग्रेग रॉथमैन (आर) और सेनेटर निकिल सावल (डी) द्वारा प्रस्तावित किया गया था। शापिरो के कार्यालय के अनुसार, दिवाली को दक्षिण एशियाई संस्कृति में सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक माना जाता है। रॉथमैन ने कहा, दिवाली को आधिकारिक राज्य अवकाश के रूप में मान्यता देने से हमारी पेंसिल्वेनिया की सांस्कृतिक विविधता का जश्न मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि दिवाली, जिसे रोशनी का त्योहार कहा जाता है, मुख्य रूप से भारत और दक्षिण एशिया में मनाया जाता है। यह पाँच दिनों तक चलने वाला त्योहार है, जिसमें मुख्य समारोह तीसरे दिन होता है। उन्होंने कहा कि इस त्योहार के दौरान लोग अपने प्रियजनों के साथ समय बिताते हैं और अच्छाई की बुराई पर, ज्ञान की अज्ञानता पर और आंतरिक प्रकाश की आध्यात्मिक अंधकार पर विजय का जश्न मनाते हैं। दिवाली की उत्सव में पटाखे छोड़ना, दीपक जलाना और मिट्टी के दीयों को सजाना शामिल है। सावल ने कहा, हम सभी को अपनी संस्कृतियों को पहचानने और सम्मानित करने का हक है। इस कानून का तुरंत प्रभाव होगा, और इस साल की दिवाली के समारोह को पेंसिल्वेनिया के इतिहास में पहली बार मनाया जाएगा।

फिलिपीन में तूफान के कारण बाढ़ और भूस्खलन से 23 लोगों की मौत

मनीला, एजेंसी। फिलिपीन के पूर्वी उत्तर क्षेत्र में बृहस्पतिवार को उष्णकटिबंधीय तूफान ट्रोपीकल के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन की घटनाओं में कम से कम 23 लोगों की मौत हो गई और कई कारें बह गईं। बाढ़ और भूस्खलन के कारण कई लोग फंस गए और कुछ लोगों ने घरों की छतों पर शरण ली, जिन्हें बचाने के लिए अधिकारियों को मोटरबोट की मदद लेनी पड़ी। देश के उत्तरपूर्वी प्रांत इसाबेला में मध्यरात्रि के बाद उष्णकटिबंधीय तूफान 'ट्रामी ने दस्तक दी जिसके बाद सरकार ने आपदा प्रतिक्रिया के लिए आवश्यक कर्मियों को छोड़कर स्कूलों और कार्यालयों को बंद करने का आदेश दिया। मुख्य द्वीप लूजोन में दूसरे दिन भी स्कूल और कार्यालय बंद रहे। तूफान के प्रभाव से इफुगाओ के पर्वतीय प्रांत के एगुइनाल्डो शहर में सुबह के समय 95 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार तेज हवाएं चलीं। सरकारी मौसम पूर्वानुमानकर्ताओं के अनुसार, हवाओं का रुख पश्चिम की दिशा में है और बृहस्पतिवार को बाद में इसके दक्षिण चीन सागर में प्रवेश करने का अनुमान है। पुलिस और प्रांतीय अधिकारियों ने बताया कि तूफान के कारण कम से कम 23 लोगों की मौत हो गई। इनमें से अधिकतर की मौत बुरी तरह प्रभावित बिकोल क्षेत्र और निकटवर्ती क्यूजोन प्रांत में तूफान के कारण आई बाढ़ की वजह से हुई है। उन्होंने बताया कि मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है और बाढ़ के कारण कस्बे एवं गांव अलग-थलग पड़ गए हैं।

तुर्की आतंकी हमले का सीसीटीवी फुटेज आया सामने, जवाब में 32 कुर्द आतंकवादियों के ठिकानों पर किया हमला

अंकारा, एजेंसी। तुर्की में हुए एक बड़े आतंकी हमले में पांच लोगों की जान चली गई और कई अन्य घायल हो गए। हथियारबंद हमलावरों ने अंकारा के पास तुर्की एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज (टीयूएसएएस) के मुख्यालय को निशाना बनाया। गृह मंत्रालय ने बताया कि 5 की मौत हो गई है और 22 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से तीन की हालत गंभीर है और उन्हें गहन देखभाल दी जा रही है। यह हमला तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोआन की 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ चर्चा के समय हुआ। अल जजीरा के अनुसार एर्दोआन ने इस घटना की निंदा करते हुए इसे घृणित आतंकवादी हमला बताया। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई, जिसमें हमले से कुछ मिनट पहले हथियारबंद बंदूकधारी टीयूएसएएस कार्यालयों के पास पहुंचे। आतंकी हमले से हिलने के कुछ घंटों बाद, तुर्की ने कहा कि उसने इराक और सीरिया में कुर्दिश उग्रवादी ठिकानों पर हमले शुरू कर दिए हैं। ये हमले तब किए गए जब अंकारा ने आतंकवादी हमले के लिए उग्रवादी समूह को दोषी ठहराया, जिसमें तुर्की एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज परिसर में पांच लोग मारे गए थे। हमले का फुटेज आया सामने बुधवार को हुए इस हमले में विस्फोट और गोलीबारी दिखाने वाले क्लिप सोशल मीडिया पर छाए हुए हैं। एक वीडियो में, एक बंदूकधारी मुख्यालय की पार्किंग में घुसता हुआ दिखाई दे रहा है। एक अन्य क्लिप में दो हथियारबंद लोग

सड़क पर एक पीली कार से उतरते हुए, आस-पास खड़े लोगों पर असॉल्ट राइफलों से फायरिंग करते हुए दिखाई दे रहे हैं। गोली लगने के बाद एक राहगीर ज़मीन पर गिरता हुआ भी दिख रहा है। स्थानीय मीडिया ने हमले के तुरंत बाद फुटेज प्रसारित किया, जो स्थानीय समयानुसार दोपहर 3:30 बजे हुआ। कहरामनकाज़ान में घटनास्थल पर बड़े पैमाने पर धुएं के बादल और बड़ी आग जलती हुई दिखाई दी। घटना की गंभीरता के बावजूद, अभी तक किसी भी समूह ने जिम्मेदारी नहीं ली है। पीकेके से संबंध होने की संभावना तुर्की सरकार को संदेह है कि इसका संबंध प्रतिबंधित कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) से है, जो सरकार के खिलाफ लंबे समय से विद्रोह के लिए जानी जाती है। तुर्की के गृह मंत्री अली येरलिकाया ने कहा कि जिम्मेदार लोगों की पहचान के लिए जांच जारी है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से यह कार्रवाई की गई, उसके पीकेके से जुड़े होने की पूरी संभावना है। अधिकारियों ने इस घटना में शामिल लोगों की पहचान गुप्त रखी है। जांच जारी है और अधिकारी इस दुखद घटना और इसके अपराधियों के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए काम कर रहे हैं।

सिनवार की मौत के बाद बंधकों की रिहाई पर पड़ सकता है सकारात्मक प्रभाव : बेंजामिन नेतन्याहू

यरूशलम , एजेंसी। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि हमास नेता याह्या सिनवार की मौत से इजरायल के बंधकों की रिहाई पर सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है और इजरायल को युद्ध के उद्देश्यों को हासिल करने में मदद मिल सकती है। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन से मुलाकात के दौरान नेतन्याहू ने कहा कि सिनवार की मौत से बंधकों की वापसी और युद्ध के बाद की वास्तविकता पर सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। मंगलवार को जारी इस बयान में बताया गया है कि दोनों के बीच यरूशलम में मैत्रीपूर्ण बैठक हुई, जिसमें गाजा को लेकर चर्चा की गई। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी विदेश मंत्रालय की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि ब्लिंकन ने बैठक के दौरान इजरायल की सुरक्षा के प्रति अमेरिका की प्रतिबद्धता को दोहराई है। बैठक के बाद ब्लिंकन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि उन्होंने और नेतन्याहू ने गाजा में युद्ध समाप्त करने, सभी बंधकों को वापस करने और इजरायल-फिलिस्तीनियों के

लिए स्थायी शांति और सुरक्षा का मार्ग तैयार करने के महत्व के बारे में भी बात की। बता दें कि हमास ने 7 अक्टूबर 2023 को दक्षिणी इजरायली सीमा पर बड़ा हमला किया था। इस हमले में लगभग 1,200 लोग मारे गए और इजरायल से करीब 250 लोगों को बंधक बना लिया गया था। इसके बाद इजरायल ने गाजा में हमास के खिलाफ बड़े पैमाने पर कार्रवाई की। गाजा स्थित स्वास्थ्य अधिकारियों ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि इजरायली सेना द्वारा गाजा में की गई कार्रवाई में 42,718 फिलिस्तीनी नागरिक मारे गए हैं। उल्लेखनीय है कि इसी साल अक्टूबर के मध्य में दक्षिणी गाजा पर इजरायल ने एक हमला किया था, जिसमें सिनवार की मौत हो गई थी।

उत्तर कोरिया ने सियोल के राष्ट्रपति भवन परिसर में एक बार फिर कचरे से भरे गुब्बारे गिराए

प्योंगयाग, एजेंसी। राष्ट्रपति यून और उनकी पत्नी किम कियोन ही की आलोचना वाले पर्चे भी थे। समाचार पत्र में बताया गया कि सियोल के योंगसान जिले में ये पर्चे बिखरे हुए मिले थे और यहीं यून का राष्ट्रपति कार्यालय है। उत्तर कोरिया ने एक बार फिर दक्षिण कोरिया के सियोल स्थित राष्ट्रपति भवन परिसर में बृहस्पतिवार को कचरे से भरे गुब्बारे गिराए। दक्षिण कोरिया के अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

उत्तर कोरिया ने मई के अंत में दक्षिण कोरिया की ओर कचरे से भरे गुब्बारे भेजना शुरू किया था, जिसके बाद से उसने अब दूसरी बार इस तरह के गुब्बारे भेजे। दक्षिण कोरिया की राष्ट्रपति सुरक्षा सेवा ने बताया कि उत्तर कोरिया की ओर से राष्ट्रपति भवन परिसर में बृहस्पतिवार को कचरे से भरे गुब्बारे गिराए गए, हालांकि इनमें कोई खतरनाक वस्तु नहीं थी। यह तत्काल पता नहीं चल पाया कि उत्तर कोरियाई गुब्बारे के गिरने के समय राष्ट्रपति यून सुक-योल परिसर में मौजूद थे या नहीं।

गाजा में इजरायली बमबारी में पांच फिलिस्तीनी मारे गए

गाजा/यरूशलम , एजेंसी। गाजा पट्टी में इजरायली बमबारी में एक डॉक्टर और नगर निगम के कर्मचारियों समेत कम से कम पांच फिलिस्तीनी मारे गए हैं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, बुधवार को सूत्रों ने बताया कि उत्तरी गाजा पट्टी के बेत लाहिया स्थित कमाल अदवान अस्पताल के डॉक्टर मोहम्मद गनेम की इजरायली ड्रोन हमले में मौत हो गई। गाजा नगर निगम ने एक प्रेस बयान में कहा कि शहर के तुफ्फाह पड़ोस के पूर्व में पानी के कुओं का संचालन कर रहे उसके दो कर्मचारियों को इजरायली सेना ने निशाना बनाया और मार डाला। बयान में इजरायली हमले की निंदा की गई है और घटना की अंतरराष्ट्रीय समूह से तत्काल जांच का आग्रह किया है।

इसके अतिरिक्त, फिलिस्तीनी रेड क्रिसेंट सोसाइटी ने एक बयान में कहा कि मध्य गाजा के दीर अल-बलाह शहर के दक्षिण में एक वाहन को इजरायली हमले में निशाना बनाया गया, जिसमें दो फिलिस्तीनी मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। चश्मदीदों के अनुसार, वाहन फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत एवं कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) का था। मृतकों और घायलों को दीर अल-बलाह स्थित अल-अक्सा अस्पताल में पहुंचाया गया है। फिलिस्तीनी सूत्रों ने बताया कि

इजरायली विमानों ने उत्तरी, मध्य और दक्षिणी गाजा में आवासीय घरों को निशाना बनाकर कई हमले किए, जिनमें कई फिलिस्तीनी मारे गए और घायल हो गए।

इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने बुधवार को एक बयान में कहा कि उसने उत्तरी गाजा के जबालिया क्षेत्र में हमले बढ़ा दिए हैं। हमलों में कई आतंकवादी मारे गए हैं और हथियार बरामद किए गए हैं। आईडीएफ ने कहा कि इजरायली बलों ने जबालिया में 150 से अधिक आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया है और उन्हें इजरायल ले गए हैं। जबकि नागरिकों को उनकी सुरक्षा के लिए व्यवस्थित मार्गों के माध्यम से सुरक्षित रूप से बाहर निकलने की अनुमति दी गई है।

जस्टिन ट्रूडो गंवा सकते हैं पद, सांसदों ने दे दिया 4 दिन का अल्टीमेटम

ओटावा, एजेंसी। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। अब खबर है कि लिबरल पार्टी के नेताओं ने ही उनके इस्तीफे की मांग कर दी है। साथ ही पार्टी के नेता का पद छोड़ने के लिए ट्रूडो को डेडलाइन भी थमा दी गई है। खास बात है कि यह ऐसे समय पर हो रहा है, जब भारत और कनाडा के रिश्ते तल्ख हो गए हैं। ट्रूडो ने एक मामले की जांच में भारत के उच्चायुक्त रहे संजय कुमार वर्मा को पर्सन ऑफ इंटरेस्ट बताया था।

समाचार एजेंसी ने सीबीसी न्यूज के हवाले से बताया है कि लिबरल पार्टी में ट्रूडो को हटाए जाने की कवायद तेज हो गई है। हाल ही में बंद कमरे में हुई बैठक के दौरान सांसदों ने ट्रूडो के सामने अपने परेशानियां रखीं। खबर है कि ट्रूडो अपनी ही पार्टी में असंतोष का सामना कर रहे हैं। सांसदों ने उन्हें भविष्य पर फैसला लेने के लिए 28 अक्टूबर की तारीख दे दी है।

जो बाइडेन का दिया उदाहरण : खबरें हैं कि 24 सांसदों ने ट्रूडो को लिबरल चीफ के पद से हटाने के लिए हस्ताक्षर किए हैं। बुधवार को हुई बैठक के दौरान ब्रिटिश कोलंबिया से सांसद पैट्रिक वीलर ने ट्रूडो के इस्तीफे के पक्ष में दस्तावेज पेश किया। इसमें बताया गया था कि जब अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया था, तब डेमोक्रेट्स को बढ़त मिलती दिखी थी। दस्तावेज में कहा गया है कि ऐसा ही लिबरल पार्टी के मामले में भी हो सकता है।

रिपोर्ट के अनुसार, 3 घंटे लंबी चली बैठक में किसी भी कैबिनेट मंत्री ने ट्रूडो से पद छोड़ने की अपील नहीं की। वहीं, कहा जा रहा है कि कुछ सांसद ट्रूडो के समर्थन में भी आए। माना जाता है कि कनाडा में सियासी घमासान की एक वजह भारत के साथ तनाव भी हो सकते हैं।

भारत और कनाडा : बीते साल ट्रूडो ने संसद में खालिस्तानी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के तार भारत सरकार से जुड़े होने की आशंका जताई थी। इसके बाद से ही दोनों देशों के रिश्ते तल्ख हो गए थे। वहीं, भारत ने आरोपों से इनकार किया था। निज्जर को एनआईए ने 2020 में आतंकी घोषित किया था। जून 2023 में सरी में उसकी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

हटाए गए बस मार्शल चार महीने के लिए फिर होंगे नियुक्त, एलजी ने दिया निर्देश

एनसीआर समाचार

नई दिल्ली। पिछले साल अक्टूबर महीने में तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा बर्खास्त किए गए सिविल डिफेंस वालंटियर्स को बड़ी राहत मिली है। दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना ने वालंटियर्स की फिर से नियुक्ति के निर्देश दिए हैं। इनकी नियुक्ति 1 नवंबर 2024 से आगामी चार महीनों के लिए शहर में वायु प्रदूषण कम करने के उद्देश्य से की गई है। बता दें कि एलजी दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) के पदेन अध्यक्ष भी हैं। साथ ही, उन्होंने दिल्ली सरकार और मुख्यमंत्री को सुझाव दिया है कि वे उचित प्रक्रिया का पालन करते हुए इन वालंटियर्स की भविष्य में स्थायी नियुक्ति के लिए एक ठोस योजना तैयार करें, ताकि इन्हें भविष्य में फिर से गुमराह न किया जाए और उनकी आजीविका प्रभावित न हो। एलजी ने मुख्यमंत्री को सुझाव दिया है कि दिल्ली सरकार द्वारा सिविल डिफेंस वालंटियर्स की नियमित नियुक्ति के लिए बनाई जाने वाली योजना में उनकी नियुक्ति के विवरण, बजटीय प्रावधान, वित्तीय अनुमोदन, पदों का सृजन और एससी/एसटी/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लिए आरक्षण नियमों का ध्यान रखा जाना चाहिए, जो सिर्फ मीडिया में की गई एक घोषणा भर न बन कर रह जाए।

वायु प्रदूषण कम करने के उद्देश्य से की गई नियुक्त

'महिला आयोग से कर्मियों को हटाने के लिए आप जिम्मेदार'

भाजपा ने दिल्ली महिला आयोग से अस्थायी कर्मचारियों को हटाने जाने के लिए आम आदमी पार्टी की सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के कार्यकाल में निर्धारित प्रक्रिया का पालन किए बिना कई विभागों में संविदा पर कर्मचारी तैनात किए गए थे। इसकी शिकायत होने पर प्रशासनिक जवाब देने की जगह आप सरकार ने राजनीतिक बयानबाजी शुरू कर दी। बस मार्शलों को नौकरी से निकालने का आदेश भी केजरीवाल सरकार ने दिए थे। कुछ दिनों पहले बस मार्शलों को लेकर आप नेताओं ने ड्रामा किया था, बाद में चुप हो गए। अब संविदा पर तैनात महिला आयोग की कर्मचारियों को अधर में छोड़ दिया गया।

सांसद कमलजीत सहरावत ने कहा कि आप सरकार ने राजनीतिक लाभ के लिए महिला आयोग में संविदा पर भर्ती की थी। भर्ती पर प्रश्न उठे तो उन्हें अधर में छोड़ दिया। आयोग में पिछले लगभग छह माह से अध्यक्ष नहीं है। इससे आप सरकार की गंभीरता का पता चलता है।

मार्शलों की बहाली का एलजी ने दिया आदेश, नेता प्रतिपक्ष ने जताया आभार

दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने भारतीय जनता पार्टी द्वारा उठाए गए 10 हजार मार्शलों के मुद्दे पर दिल्ली के उपराज्यपाल द्वारा उनकी बहाली के आदेश का स्वागत करते हुए कहा कि दिल्ली के प्रदूषण को खत्म करने के मकसद से मार्शलों के रूप में काम करने वाले सिविल डिफेंस वॉलिंटियर्स की बहाली का आदेश भारतीय जनता पार्टी द्वारा पिछले लंबे समय से किये जा रहे संघर्ष का परिणाम है। इससे न केवल भाजपा की जीत हुई है बल्कि आम आदमी पार्टी के उस कुचक्र का भी पदार्फाश हो गया है जो आप सरकार द्वारा जान बूझकर चलाया गया था। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी सरकार की ओर से इन्हें लगातार गुमराह किया जा रहा था, क्योंकि बस मार्शलों के रूप में इन्हें बहाल किया ही नहीं जा सकता था, क्योंकि इन्हें आपदा प्रबंधन के लिये सिविल डिफेंस वॉलिंटियर्स के रूप में ही अस्थाई रूप में भर्ती किया गया था और अब उपराज्यपाल ने प्रदूषण जैसी आपदा के प्रबंधन के लिये ही इन्हें पुनः नियुक्त करने का आदेश दिया है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि हमने विधानसभा में भी इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया था और दिल्ली के उपराज्यपाल को भी इन 10 हजार मार्शलों की नौकरी बहाल करने के लिए भाजपा विधायक दल की ओर से ज्ञापन सौंपा गया था। उन्होंने मार्शलों को बधाई देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा ही उनके साथ है और उनके संघर्ष को, उनकी पीड़ा को और उनकी आर्थिक स्थिति को समझते हुए ही उपराज्यपाल ने भले ही चार महीने के लिए ही राहत दी है, लेकिन भाजपा का प्रयास रहेगा कि उन्हें जल्द ही स्थाई रूप से नियुक्त किया जा सके। उपराज्यपाल ने भी दिल्ली सरकार को इनके लिए ठोस योजना तैयार करने और सभी मार्शलों को आरक्षण का लाभ देने का भी आदेश दिया है। गुप्ता ने कहा कि पिछले साल 11 अक्टूबर को तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आदेश पर बर्खास्त किए गए 10 हजार मार्शलों को बहाल करवाना हमारी प्राथमिकता थी और इसीलिए हमने दिल्ली सरकार के समक्ष विधानसभा में इस मामले में प्रस्ताव पेश किया था जिस पर सरकार को मजबूर होकर कैबिनेट नोट तैयार करके उपराज्यपाल को कार्यालय में भेजना पड़ा। इस पर आज उपराज्यपाल ने कार्रवाई करते हुए इन मार्शलों को 4 महीने के लिए बहाल करने की मंजूरी दी है।

वृद्धावस्था पेंशन की मांग को लेकर भाजपा नेताओं का धरना प्रदर्शन

एनसीआर समाचार

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में आज दिल्ली के बुजुर्ग नागरिकों ने राजघाट पर भाजपा विधायकों के साथ धरना प्रदर्शन किया। भाजपा के कार्यकताओं ने प्रचंड प्रदर्शन के माध्यम से दिल्ली के बुजुर्गों की आवाज को उठाया। इस अवसर पर भाजपा के पदाधिकारी मौजूद रहे। दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आम आदमी पार्टी के संयोजक केजरीवाल पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पेंशन पर दिल्ली के बुजुर्गों का हक है लेकिन उस पेंशन को अरविंद केजरीवाल ने 2017 से रोक रखा है ' दिल्ली के बुजुर्ग स्वाभिमानी हैं। अपनी जरूरतों के लिए वह किसी के आगे हाथ नहीं फैलाना चाहते। सचदेवा ने कहा कि केजरीवाल की भ्रष्टाचार की सरकार अपने ऊपर पैसा खर्च कर

सकती है लेकिन बुजुर्गों को पेंशन नहीं दे सकती। दिल्ली के बुजुर्गों को पेंशन मिले उनके इस अधिकार के लिए हम लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि खुद को श्रवण कुमार कहने वाले केजरीवाल दिल्ली के बुजुर्गों की जेब काट रहे हैं। सचदेवा ने कहा कि केजरीवाल सिर्फ दिल्ली की जनता को लूटने का काम करते है। उन्होंने दिल्ली के हर विभाग को लूटा है और तो और केजरीवाल ने अपने घर पर महिला सांसद को पीटवाने का काम भी किया। उन्होंने कहा कि अब केजरीवाल को उनके किए की सजा भी मिलेगी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का एक - एक कार्यकर्त्ता बुजुर्गों की पेंशन दिलवाने के लिए दिन रात एक कर देगा।

प्रदुषण बढ़ा रही खाली चल रही डीटीसी बसें बंद करें : थान सिंह यादव

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली पंचायत संघ ने गांव नांगलोई सईदान में बढ़ते प्रदूषण को लेकर पंचायत प्रमुखों की बैठक की इसमें दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण को बढ़ा रही डीटीसी की खाली चल रही बसों को लेकर माननीय उपराज्यपाल से जांच की मांग की है। पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने मुख्यमंत्री से मांग की कि बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए सरकारी कर्मियों व अधिकारियों को अतिरिक्त भत्ता देकर साइकल से दफ्तर आने के लिए प्रोत्साहित करें। ओर सभी राजनैतिक दलो के प्रदेशाध्यक्षों से आग्रह किया की प्रदूषण से गैस चैम्बर बनी दिल्ली को बचाने के लिए वे अपने सभी कार्यकताओं से साइकल का इस्तेमाल करने की अपील करें। सभी गांव पंचायतों से आग्रह किया की वे भी प्रदुषित होती दिल्ली को बचाने में अपना योगदान करें। पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा की ज्यादातर डीटीसी खाली बसों को एक के पीछे एक चलते देखा जा सकता है।

कांग्रेस पार्टी में शामिल कई आप नेता

एनसीआर समाचार

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने आज आम आदमी पार्टी के उत्तर पूर्वी दिल्ली के सांसद प्रतिनिधि इस्लाम मलिक को उनके सैंकड़ो साथियों के साथ कांग्रेस पार्टी में शामिल किया और सभी को कांग्रेस का पटका पहनाकर उनका संगठन में स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक हसन अहमद और अली मेंहदी भी मौजूद थे। देवेन्द्र यादव ने कहा कि इस्लाम मलिक और उनके साथियों के कांग्रेस में शामिल होने से उत्तर पूर्वी दिल्ली में हमारी ताकत बढ़ेगी, क्योंकि क्षेत्र में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है और इनके साथ बड़ी तादात में मुस्लिम समाज जुड़ा है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनावों के बाद कांग्रेस की विचारधारा और कार्यशैली में भरोसा जताकर दूसरी पार्टी के लोगों के कांग्रेस के साथ जुड़ने का सिलसिला जारी है, जिससे कांग्रेस का कुनबा लगातार बढ़ रहा है। इसी कड़ी में प्रदेश अध्यक्ष ने आम आदमी पार्टी के तिमारपुर विधानसभा सचिव

प्रवीण सोनकर को कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करवाई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष आदेश भारद्वाज, पीके मिश्रा, पूर्व निगम पार्षद अमरलता सांगवान मुख्य रुप से मौजूद थी। पार्टी में शामिल होने वालों बताया कि वो कांग्रेस के आदर्शो, परम्परा, विचारधारा और सकारात्मक सोच तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय मल्लिकार्जुन खड़गे और जन नायक राहुल गांधी जी के प्रभावशाली व्यक्तित्व और उनके देशवासियों के अधिकारों और हितों के लिए संसद से सड़क तक संघर्ष से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि कांग्रेस परिवार में शामिल हुए सभी लोगों का दिल की गहराईयों से स्वागत करता हॅ। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की विचारधारा, माननीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व और जन प्रिय नेता राहुल गांधी जी की जनता के लिए संघर्ष की लड़ाई से प्रेरित होकर दूसरी पार्टी के लोग कांग्रेस के साथ जुड़ रहे है। उन्होंने कहा कि सपने दिखाने और उनकी हकीकत में बड़ा अंतर होता है, कांग्रेस पार्टी में शामिल होने वाले लोगों को भाजपा और आम आदमी पार्टी ने धोखा दिया, जिसके कारण इनका विश्वास वहां खत्म हो गया।

एसएमए की जानलेवा बीमारी से ग्रसित दो बच्चियों को बचाने की आप सांसद ने शुरू की मुहिम

नई दिल्ली, एजेंसी। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी (एसएमए) टाइप-1 बीमारी से ग्रसित दो बच्चियों की जिंदगी बचाने के लिए देशभर के लोगों से आर्थिक मदद की गुहार लगाई है. गुरुवार को उन्होंने दोनों बच्चियों के माता-पिता की मौजूदगी में प्रेस कांफ्रेंस कर बच्चियों की जान बचाने के लिए मुहिम की शुरूआत की. उन्होंने कहा कि एक 11 महीने और दूसरी 8 महीने की दो बच्चियों को एसएमए टाइप-1 की गंभीर बीमारी है. इसमें बच्चे का जीवन ढाई से तीन साल का होता है. इस बीमारी के इलाज के लिए लगने वाले इंजेक्शन की कीमत 17 करोड़ रुपए है. जो सारी छूट के बाद 10-11 करोड़ रुपए का पड़ता

है. एक सामान्य मां-बाप के लिए महंगे इंजेक्शन खरीद पाना असंभव है, ऐसे में सरकार और देशवासियों को मदद के लिए आगे आना चाहिए. उन्होंने देश के 140 करोड़ लोगों से अपील की है कि जितना भी संभव हो, इन बच्चियों की जान बचाने में मदद करें. इंजेक्शन के लिए अमेरिकी सरकार से बात करें प्रधानमंत्री मोदीः सिंह ने अपने इस महीने की अपनी पूरी तनख्वाह से दोनों बच्चियों को 1-1 लाख रुपए की मदद की है. साथ ही केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय को भी मदद के लिए पत्र लिखने की बात कही है. उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी अपील है कि वह राजनीति को अलग रखकर इस इंजेक्शन को सस्ते में उपलब्ध कराने के लिए अमेरिकी सरकार से बात करें. उन्होंने कहा कि संसद में भी भारत सरकार से मांग की थी कि जब तक भारत सरकार ऐसे मामलों में हस्तक्षेप नहीं करेगी तब तक ऐसे बच्चों को बचाना बहुत मुश्किल है. स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी एक अत्यंत गंभीर बीमारी है, जिसके इंजेक्शन की कीमत करीब 17 करोड़ रुपए है. सरकार द्वारा इसमें टैक्स की छूट देने के बाद यह करीब 10-11 करोड़ रुपए का पड़ता है. इस इंजेक्शन को नारवोटिस नामक एक अमेरिकी कंपनी बनाती है. देश में इस तरह के सहयोग से अभी तक चार-पांच बच्चों को इंजेक्शन लगाकर उनका जीवन बचाया जा सका है. दोनों बच्चियों के माता-पिता ने क्राउड फंडिंग के लिए इंपैक्ट गुरु नामक ऐप पर बच्चियों का अकाउंट बनाया है. जहां दोनों बच्चों से जुड़ी सारी जानकारी दी गई हैं.

हत्या के चार घंटे के अंदर नाबालिग समेत पांच पकड़े

नई दिल्ली, एजेंसी। कल्याणपुरी इलाके में बुधवार तड़के अजीत उर्फ पग्गल की हत्या के मामले को हत्या के चार घंटे के अंदर सुलझा लिया। पुलिस ने मामले में एक नाबालिग समेत पांच लोगों को पकड़ा है। पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त अपूर्वा गुप्ता ने बताया कि वारदात में इस्तेमाल एक चाकू जैसा धारदार हथियार, एक टूटा हुआ लकड़ी की तख्ती, टूटी बोतल, टूटा पत्थर का स्लैब और ईंट बरामद हुआ है। पकड़े गये आरोपियों की पहचान कल्याणपुरी झुग्गी निवासी राहुल उर्फ गुग्ली, देव उर्फ लीची, कल्लू, शिवा उर्फ बक्कू और नाबालिग के रूप में हुई है। जबकि मृतक अजीत उर्फ पग्गल है। पुलिस ने वारदात के बाद घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर आरोपियों की पहचान की और उन्हें दबोच लिया। पुलिस के मुताबिक, मामले में कल्याणपुरी इलाके में एक शव पड़े होने की पीसीआर कॉल मिली थी। कॉलर ने बताया कि ब्लॉक 18, कल्याणपुरी में छोटू की दुकान के पास एक लड़के का शव पड़ा है। पुलिस को जांच के दौरान युवक के शरीर पर चाकू से हमले के निशान के साथ अन्य घाव मिले। इस बीच स्थानीय पुलिस के अलावा क्राइम और एफएसएल की टीम को भी मौके पर बुलाया गया। शव की पहचान के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। वारदातस्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज से पुलिस ने आरोपियों की पहचान की और पुलिस ने जांच के दौरान आरोपियों को दबोच लिया।

सीबीएसई ने जारी की कक्षा 10वीं और 12वीं की प्रैक्टिकल परीक्षा की तारीखें

एनसीआर समाचार

नई दिल्ली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की ओर से प्रायोगिक और थ्योरी परीक्षाओं की तिथि का ऐलान कर दिया गया है. इसके मुताबिक, शैक्षणिक वर्ष 2024-2025 के लिए 10वीं और 12वीं कक्षाओं की प्रैक्टिकल परीक्षाएं एक जनवरी, 2025 से शुरू होंगी. जबकि, थ्योरी परीक्षाएं 15 फरवरी, 2025 से आयोजित कराई जाएंगी. सीबीएसई के एग्जाम कंट्रोलर डॉ. संयम भारद्वाज द्वारा इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं.

इसके अलावा शीतकालीन सत्र वाले स्कूलों में प्रैक्टिकल परीक्षा 5 नवंबर से 5 दिसंबर के बीच आयोजित की जाएगी. इसके पीछे कारण है कि शीतकालीन सत्र वाले स्कूलों में जनवरी में शीतकालीन अवकाश रहता है. सीबीएसई के अनुसार, वर्ष 2025 में आयोजित की जाने वाली 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में देश-विदेश के आठ हजार स्कूलों में लगभग 44 लाख छात्र परीक्षा में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे. सीबीएसई बोर्ड का नियम अनुसार, 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा में वही छात्र शामिल हो सकते हैं. जिनकी उपस्थिति 75% तक रहेगी. सीबीएसई अधिकारियों का कहना है कि बोर्ड केवल चिकित्सा आपात स्थिति, राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों में भागीदारी और अन्य गंभीर कारणों जैसे मामलों में छात्र-छात्राओं को 25 प्रतिशत उपस्थिति की छूट प्रदान करता है. लेकिन, इस छूट को प्राप्त करने के लिए संबंधित कारण के दस्तावेज जमा करने होंगे.

उल्लेखनीय है कि इससे पहले सीबीएसई द्वारा अपनी वेबसाइट पर 10वीं और 12वीं का सैंपल पेपर भी जारी किए जा चुके हैं. छात्र-छात्राएं परीक्षा की तैयारी के लिए सैंपल पेपर की भी मदद ले सकते हैं. सैंपल पेपर सीबीएसई बोर्ड की वेबसाइट पर जाकर डाउनलोड कर सकते हैं. इसके अलावा सीबीएसई ने स्कूलों को थ्योरी और प्रैक्टिकल परीक्षा के अंक वितरण को लेकर भी गाइडलाइंस जारी की है, जिससे स्कूल अंकों को अपलोड करने में गलती ना करें. सीबीएसई के अनुसार, स्कूल कभी-कभी प्रैक्टिकल, इंटरनल, प्रोजेक्ट और थ्योरी परीक्षा के मूल्यांकन से जुड़े अंकों को अपलोड करते समय कुछ गलतियां करते हैं. इसके बचने के लिए बोर्ड ने 10वीं और 12वीं विषयों की लिस्ट देते हुए महत्वपूर्ण जानकारी साझा की है. लिस्ट में कक्षा, विषय का नाम, सब्जेक्ट कोड, थ्योरी परीक्षा अधिकतम अंक, प्रैक्टिकल एग्जाम मैक्सिमम अंक, परियोजना मूल्यांकन अधिकतम अंक, इंटरनल मूल्यांकन अधिकतम अंक जैसी जानकारी शामिल है. प्रत्येक विषय के लिए अधिकतम 100 अंक आवंटित किए जाएंगे. स्कूलों को इस लिस्ट के हिसाब से ही थ्योरी, इंटरनल असेसमेंट, प्रैक्टिकल एग्जाम और प्रोजेक्ट के अंकों का वितरण करना होगा.

एक नजर

सड़कों की नहीं हो पा रही सफाई : राजा इकबाल सिंह

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष सरदार राजा इकबाल सिंह ने निगम की सत्तारुढ़ आम आदमी पार्टी (आप) पर वायु प्रदूषण को लेकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि निगम की आप सरकार के चलते सड़कों की सफाई नहीं हो पा रही है। इससे दिल्ली में वायु प्रदूषण बढ़ रहा है। सड़कों की सफाई के लिए जरूरी मैकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीनों की कमी है। दुख की बात है कि जब से निगम की सत्ता में आप सरकार आई है तब से एक भी नई मैकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीन नहीं खरीदी गई है। नेता प्रतिपक्ष ने बताया कि जब भाजपा की सरकार निगम में थी तो केंद्र सरकार के सहयोग से 52 मैकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीनों को सड़कों की सफाई के लिए उतारा था। समय के साथ इनकी संख्या को बढ़ाया जाना था। आप सरकार ने निगम का कार्य पूरी तरह से ठप कर दिया है। न तो दिल्ली में सफाई के लिए कोई कार्य और न ही वायु प्रदूषण को कम करने के लिए आप सरकार कोई कदम उठा रही है। महापौर को चाहिए कि वह दिल्ली के वायु प्रदूषण के नियंत्रण पर विफल होने पर दिल्ली की जनता से माफी मांगे और निगम से इस्तीफा दे।

पोलियोमाइलाइटिस से उत्पन्न लगातार खतरे को पहचानना आवश्यक

नई दिल्ली, एजेंसी। इस विश्व पोलियो दिवस पर, पोलियोमाइलाइटिस से उत्पन्न लगातार खतरे को पहचानना आवश्यक है, विशेष रूप से भारत के मेघालय में हाल ही में देखी गई पोलियो घटना के मद्देनजर। पोलियो, एक अत्यधिक संक्रामक वायरल बीमारी है जो मल-मौखिक संचरण के माध्यम से फैलती है और मुख्य रूप से पांच साल से कम उम्र के बच्चों को प्रभावित करती है, जिससे अपरिवर्तनीय पक्षाघात होता है और कुछ मामलों में मृत्यु हो जाती है। दशकों की प्रगति के बावजूद, यह बीमारी वैश्विक स्वास्थ्य जोखिम बनी हुई है, खासकर भारत जैसे देशों के लिए, जो पोलियो मुक्त हैं, हालांकि पुनरुत्थान से बचने के लिए सतर्क रहना चाहिए।

दिल्ली के बाल रोग विशेषज्ञ सलाहकार डॉ. अनिल कुमार ड्रोलिया कहते हैं, पोलियो एक वैश्विक खतरा बना हुआ है, और इसके खिलाफ लड़ाई में टीकाकरण हमारा सबसे प्रभावी उपकरण है। निष्क्रिय पोलियो वैक्सीन (आईपीवी), 6 सप्ताह से शुरू होकर, बच्चों में महत्वपूर्ण प्रतिरक्षा बनाता है, उन्हें इस जीवन-परिवर्तनकारी वायरस के अपरिवर्तनीय प्रभावों से बचाता है। यह जरूरी है कि हर बच्चे को यह महत्वपूर्ण टीका समय पर मिले। डॉ. ड्रोलिया बताते हैं, पोलियो मुक्त रहने में भारत की 12 साल की सफलता हमारे टीकाकरण कार्यक्रमों की ताकत का प्रमाण है, लेकिन हम आराम नहीं कर सकते। वायरस अभी भी दुनिया के कुछ हिस्सों में फैल रहा है, और वैश्विक यात्रा पोलियो मुक्त क्षेत्रों में पुनः परिचय को एक निरंतर खतरा बनाती है। सतर्कता महत्वपूर्ण है।

ताहिर हुसैन ने यूएपीए मामले में दलील पेश की

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली हिंसा मामले में आरोपी ताहिर हुसैन के वकील ने गुरुवार को कड़कड़डूमा कोर्ट में दलील पेश की। वकील ने कहा कि सरकार की नीति के खिलाफ बोलना देश के खिलाफ तब तक नहीं कहा जा सकता, जब तक कि यह देश की अखंडता, सुरक्षा और संप्रभुता के लिए हानिकारक न हो। अदालत में आरोप तय करने पर बहस चल रही है। यह मामला यूएपीए अधिनियम के तहत दर्ज किया गया है। हुसैन के वकील राजीव मोहन ने अपनी दलीलें पेश कीं।

आईपी यूनिवर्सिटी के एम॰ फार्मा और डी॰ फार्मा प्रोग्राम की ओपन हाउस काउन्सलिंग 25 अक्टूबर को

नई दिल्ली, एजेंसी। आईपी यूनिवर्सिटी के एम॰ फार्मा (सीईटी कोड 189) और डी. फार्मा (सीईटी कोड 190) प्रोग्राम की ओपन हाउस काउन्सलिंग ऑफलाइन मोड में यूनिवर्सिटी के द्वारका कैम्पस में 25 अक्टूबर को आयोजित की जाएगी। उसी दिन दस्तावेज सत्यापन के उपरांत सीटों का आवंटन भी कर दिया जाएगा। उस काउन्सलिंग में इन दोनों प्रोग्राम के लिए जारी मेरिट लिस्ट के सभी उम्मीदवार भाग ले सकते हैं। आवेदक को यूनिवर्सिटी के कुलसचिव के नाम से निर्गत 1,55,500 रुपए का बैंक ड्राफ़्ट एम॰ फार्मा के लिएऔर 65,000 रुपए का बैंक ड्राफ़्ट डी. फार्मा के लिए, सीईटी का एडमिट कार्ड और रैंक कार्ड और चार पासपोर्ट आकार के फोटो काउन्सलिंग के समय साथ लेकर आना है। एम॰ फार्मा प्रोग्राम में 100 और डी. फार्मा में 60 सीटें उपलब्ध हैं। ये दोनों प्रोग्राम यूनिवर्सिटी के द्वारका कैम्पस स्थित सेंटर औफ एक्सलेन्स इन फामार्सुटिकल साइयन्स में उपलब्ध हैं।

एम्स ट्रामा सेंटर में बेड की संख्या में हुआ इजाफा

नई दिल्ली, एजेंसी। एम्स ट्रामा में बृहस्पतिवार को पांच नए मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर (ओटी) शुरू किए गए। एम्स के निदेशक डा. एम श्रीनिवास ने इस नए ओटी ब्लाक का शुभारंभ किया। इससे एम्स ट्रामा सेंटर में ओटी की संख्या बढ़कर 11 हो गई है। इससे ट्रामा सेंटर में दोगुनी सर्जरी हो सकेगी। इससे हादसा पीड़ितों को इलाज में आसानी होगी। ट्रामा सेंटर के प्रमुख डा. कमरान फारूकी ने बताया कि कुछ वर्ष पहले ट्रामा सेंटर में 100 बेड बढ़े थे। इस वजह से ट्रामा सेंटर में बेड बढ़कर कुल 259 बेड हो गए। लेकिन ऑपरेशन थिएटर की कमी बनी हुई थी। पहले से ट्रामा सेंटर में छह ऑपरेशन थिएटर थे। ट्रामा सेंटर में हर महीने 1200 से 1500 मरीजों की सर्जरी होती है। ओटी खाली नहीं मिलने के कारण कई मरीजों को दूसरे अस्पताल में रेफर करना पड़ता है। इसके मद्देनजर ट्रामा सेंटर के पहली मंजिल पर पांच नए मॉड्यूलर ऑपरेशनथिएटर शुरू किए गए हैं। ये सभी ओटी एकीकृत और इंटरनेट से जुड़े हैं। इसलिए सर्जरी को प्रशिक्षण के लिए लाइव डेमो रूम, व्याख्यान हाल या दुनिया में कहीं भी प्रसारित किया जा सकता है। सर्जरी के दौरान जरूरत पड़ने पर डॉक्टर दूसरे ओटी में मौजूद डॉक्टर से बात कर सकते हैं। इसके लिए कहीं जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

केजरीवाल जी वादा पूरा करो, एक बार यमुना में डुबकी लगाकर दिखाओ : रोमेश चन्द्र गुप्ता

नई दिल्ली, एजेंसी। पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कई साल पूर्व दिल्ली के लोगो से वादा किया था अगले साल में आप लोगो के साथ स्वच्छ यमुना में डुबकी लगाऊंगा। लेकिन अगला साल तो क्या अब तो कई साल बीत चुके हैं बावजूद इसके डुबकी लगाने की बात तो दूर अब तो वे इस बाबत चर्चा भी नहीं करते। यह कहना है भारतीय जनता पार्टी शाहदरा जिले के महामंत्री रोमेश चन्द्र गुप्ता का। रोमेश चन्द्र गुप्ता कहते हैं दिल्ली सरकार की घोर लापरवाही के चलते यमुना राजधानी दिल्ली में जहरीली हो चुकी है। रोमेश चन्द्र गुप्ता कहते हैं मनुष्य तो क्या अब जल जन्तु भी यमुना में घुसने से भय खाते हैं। लेकिन दिल्ली की सरकार को शर्म तक नहीं आती यमुना की हालत देख कर। रोमेश चन्द्र गुप्ता कहते हैं अरविन्द केजरीवाल ने एक बार फिर से 2025 तक यमुना की सफाई का दावा करके कहा था कि वो यमुना में स्वयं डुबकी लगाऐंगे। रोमेश गुप्ता कहते हैं कि दूषित यमुना का झाग वाला पानी भी भ्रष्टाचार से जुड़ा दिख रहा है, जब दिल्ली जल बोर्ड ने यमुना सफाई में 6500 करोड़ खर्च किए तब भी यमुना दूषित और दूषित होती जा रही है। उन्होंने कहा कि अपनी जिम्मेदारी से भागने के लिए दिल्ली में समस्या कोई भी हो आप पार्टी के पास हर विषय पर एक रटा रटाया जवाब है कि सबके लिए पड़ौसी राज्य, उपराज्यपाल और केन्द्र सरकार को जिम्मेदार है।

मुख्यमंत्री योगी ने अधिकारियों को दी चेतावनी

जनता की मदद में लापरवाही पर होगी कार्रवाई

एनसीआर समाचार

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अधिकारियों को चेतावनी दी कि जन समस्याओं के निस्तारण और पीड़ितों की मदद में विलंब या लापरवाही किसी भी दशा में नहीं होनी चाहिए तथा यदि लापरवाही हुई तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी।

मुख्यमंत्री और गोरक्षपीठ के पीठाधीश्वर महंत योगी आदित्यनाथ ने शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। आज जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार योगी ने कहा, 'जन समस्याओं के निस्तारण और पीड़ितों की मदद में विलंब या लापरवाही किसी भी दशा में नहीं होनी चाहिए और यदि लापरवाही हुई तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी।' मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी की समस्या के निस्तारण में यदि कहीं भी कोई दिक्कत आ रही है तो उसका पता लगाकर समाधान कराया जाए तथा किसी स्तर पर जानबूझकर कर प्रकरण को लंबित रखा गया तो संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की जाए।

बयान में कहा गया कि मंदिर परिसर में आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने करीब 300 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने सभी को आश्वस्त किया कि किसी को भी चिंता करने या परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। उनका कहना था कि हर समस्या का वह प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित कराएंगे।

इसे लेकर उन्होंने प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारियों को मौके पर ही हिदायत दी कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें।

बयान के अनुसार कुछ मामलों में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि यह भी पता लगाएं कि यदि किसी को प्रशासन का सहयोग नहीं मिला है तो ऐसा क्यों और किन कारणों से हुआ। उनका कहना था कि हर पीड़ित की त्वरित मदद की जाए।

बयान में कहा गया कि इसके पहले शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन करने और अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर मत्था टेकने के बाद मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए योगी आदित्यनाथ मंदिर की गोशाला में पहुंचे। यहां उन्होंने गोसेवा करते हुए गोवंश को अपने हाथों से गुड़ खिलाया।

गणेश शंकर विद्यार्थी का त्याग और समर्पण सभी के लिए प्रेरणादायी : योगी

लखनऊ, एजेंसी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को महान स्वाधीनता सेनानी गणेश शंकर विद्यार्थी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि राष्ट्र के लिए उनका त्याग और समर्पण सभी के लिए प्रेरणा का बड़ा स्रोत है।

मुख्यमंत्री ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के अपने आधिकारिक हैंडल पर एक पोस्ट में कहा, 'अपनी सजग पत्रकारिता और सामाजिक सक्रियता से भारतीय स्वाधीनता संग्राम को नई दिशा देने वाले महान स्वतंत्रता सेनानी गणेश शंकर विद्यार्थी की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि!' योगी ने कहा कि राष्ट्र के लिए उनका त्याग और समर्पण सभी के लिए अत्यधिक प्रेरणादायी है।

विद्यार्थी हिंदी भाषा के समाचार पत्र 'प्रताप' के संस्थापक-संपादक के रूप में जाने जाते हैं। उनका जन्म 26 अक्टूबर 1890 को प्रयागराज (इलाहाबाद) के एक मोहल्ले में अपने ननिहाल में हुआ था। वह फतेहपुर जिले के हथगांव के निवासी थे। कानपुर के सांप्रदायिक दंगे में 25 मार्च 1931 को उनकी हत्या कर दी गई थी।

भाजपा की भ्रम और विभाजन की राजनीति उजागर हो गई, ये नहीं कराएंगे जाति आधारित जनगणना: डिंपल यादव

एनसीआर समाचार

मैनपुरी। उत्तर प्रदेश में नौ सीटों पर अगले महीने उपचुनाव होने जा रहे हैं। ऐसे में राजनीतिक दलों के नेता एक दूसरे पर निशाना साध रहे हैं। इस बीच समाजवादी पार्टी (सपा) की नेता और मैनपुरी से सांसद डिंपल यादव ने शनिवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा।

मैनपुरी में पत्रकारों से बातचीत के दौरान डिंपल यादव ने कहा कि मैं समझती हूं कि जो समाजवादी पार्टी (सपा) की विचारधारा है और जो सभी समाज को लेकर चलने की आज बात हो रही है, तो कहीं न कहीं ये लोग बात तो करेंगे ही, लेकिन कोई कार्य नहीं करेंगे।

सपा की जाति आधारित जनगणना कराने की हमेशा मांग रही है। भाजपा पर निशाना साधते हुए डिंपल यादव ने कहा कि ये लोग जाति आधारित जनगणना नहीं कराएंगे। मेरा मानना है कि आने वाले उपचुनाव में करहल से ही नहीं पूरे प्रदेश में जहां 9 सीटों पर उपचुनाव हो रहे हैं, वहीं 10वीं सीट पर चुनाव कराने की बात यह लोग नहीं कर पा रहे है। जो ह्यवन नेशन, 'वन इलेक्शन' की बात करते हैं वो एक विधानसभा का चुनाव नहीं कर पा रहे हैं, ये उनकी दोगली बातों को दशार्ता हैं। करहल को काफी हॉट सीट माना जा रहा है। इस सीट पर भाजपा ने आपके ही रिश्तेदार अनुजेश को मैदान में उतारा है। जिस पर डिंपल यादव ने कहा है कि मैं समझती हूं कि यह एनडीए और पीडीए की लड़ाई है। यह विचारधारा और सिद्धांतों की लड़ाई है। यह संविधान को बचाने की लड़ाई है। प्रदेश के हालात बहुत खराब हैं। हमारे युवा बेरोजगार हैं, किसान परेशान है। लगातार सभी के साथ अन्याय हो रहा है, ये उसकी लड़ाई है। मेरा मानना है कि इस लड़ाई में पूरा करहल एक जुट होकर दिखाई देने वाला है।

इसके अलावा डिंपल यादव ने कहा कि भाजपा के द्वारा जो भ्रम और देश को बांटने की राजनीति की गई वह सभी के सामने उजागर है। हमने पिछले चुनाव में देखा है सभी लोग त्रस्त हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश में भाजपा को हराने का काम किया है।

परिवारवाद के सवाल पर डिंपल यादव ने कहा कि मैं समझती हूं कि भाजपा के सभी सांसद और मुख्यमंत्रियों को देंखे, अगर हम आकलन करेंगे तो सबसे बड़ा परिवारवाद कहीं नजर आता है तो वह भाजपा में है। मैंने पहले ही कहा है कि यह एनडीए और पीडीए के बीच लड़ाई है। पीडीए बहुत मजबूती के साथ इस लड़ाई को लड़ेगा।

उत्तर प्रदेश में हुए निवेश और एमओयू पर सवाल उठाते हुए डिंपल यादव ने कहा कि मैं समझती हूं जहां हजारों करोड़ रुपए की बात हुई थी कि प्रदेश में निवेश आ रहा है, लाखों करोड़ रुपए के एमओयू साइन हुए थे, तो आज उन एमओयू की क्या स्थिति है। मैं समझती हूं कि मुख्यमंत्री को यह समझ आ गया है कि एमओयू केवल हवा-हवा की बातें थीं, धरातल पर कोई काम नहीं हो रहा है।

रेल की पटरी पर लकड़ी का लट्ठा रखने की घटना की जांच के लिए दो टीम गठित की गयी

लखनऊ, एजेंसी। लखनऊ पुलिस ने यहां मलिहाबाद इलाके में लखनऊ-बरेली रेल मार्ग पर लकड़ी के लट्ठे रखने की एक कथित घटना की जांच के लिए दो टीमों का गठन किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

लखनऊ पुलिस आयुक्तालय के पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) ओमवीर सिंह ने शनिवार को कहा, '24 और 25 अक्टूबर की मध्यरात्रि को लोको पायलट (ट्रेन चालक) द्वारा रेल पटरियों पर लकड़ी के लट्ठे देखे जाने के बाद मलिहाबाद रेलवे स्टेशन के पास एक यात्री ट्रेन को रोक दिया गया था। लट्ठे को हटा दिया गया था और रेल यातायात शुरू हो गया था।'

उन्होंने कहा कि शुक्रवार को मलिहाबाद पुलिस ने रेलवे अधिकारियों की शिकायत पर घटनाओं के संबंध में मामला दर्ज किया।

पुलिस उपायुक्त ने कहा, 'अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। हमारी टीम मामले की जांच कर रही हैं। अगर कोई इस कृत्य में शामिल पाया गया तो उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।'

बरेली में मामूली विवाद में युवक की पीट-पीट कर हत्या

बरेली, (उप्र), एजेंसी। बरेली जिले में शाही थाना क्षेत्र के एक गांव में मामूली विवाद के बाद एक युवक की कथित रूप से पीट-पीट कर हत्या कर दी गयी। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार शुक्रवार रात रामलीला देखकर घर लौटते समय हमलावरों ने थाना क्षेत्र के जुनाही गांव के निवासी रवि (26) को घेरकर बेरहमी से पीटा और गोलीबारी कर दहशत फैलाई। गंभीर रूप से घायल रवि की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। इस घटना में तीन अन्य घायल हो गये। अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) मुकेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि रवि की पत्नी की ओर से चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है जिसके बाद पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लेकर अन्य की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार रवि के छोटे भाई अमित का गांव निवासी अमन और आकाश नामक युवकों से विवाद हुआ था। अमित मेरठ के खतौली में काम करता है। शुक्रवार को त्योहार मनाने घर लौटे अमित ने विवाद की पूरी जानकारी अपने परिवार को दी, जिससे रवि ने विवाद के कारणों को जानने के लिए अमन और आकाश से बात करने की कोशिश की, लेकिन दोनों ने उसे धमकी दी और कहा कि तुम्हें इसका जवाब दिया जाएगा।

पुलिस ने बताया कि शुक्रवार रात को रवि रामलीला देखकर घर लौट रहा था, तभी रास्ते में अमन, आकाश, सुभाष, श्रीपाल और उनके साथियों ने उसे घेर लिया। आरोपियों ने रवि पर लाठी-डंडे और लोहे की रॉड से जानलेवा हमला कर दिया। परिवार को जब इस हमले की सूचना मिली तो परिवार के सदस्य वहां पहुंचे, लेकिन हमलावरों ने उन पर भी हमला कर दिया, जिसमें दीपू, सोनू और गौरव घायल हो गए।

राम गोपाल मिश्र हत्या मामले के मुख्य आरोपी के शस्त्र लाइसेंस को निरस्त करने की प्रक्रिया शुरू

एनसीआर समाचार

बहराइच। बहराइच जिला प्रशासन ने महाराजगंज की सांप्रदायिक हिंसा में मारे गये राम गोपाल मिश्र के मामले के मुख्य आरोपी अब्दुल हमीद के परिवार के चार असलहों का लाइसेंस निरस्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

इसके अलावा रामगोपाल मिश्र को गोली लगने के बाद समय पर एंबुलेंस नहीं पहुंचने के लिए कौन जिम्मेदार था, जिला प्रशासन ने इस बिंदु पर भी जांच शुरू की है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। जिलाधिकारी (डीएम) मोनिका रानी ने बताया कि 13 अक्टूबर को महाराजगंज में हुए घटनाक्रम के मुख्य आरोपी अब्दुल हमीद के परिवार के शस्त्र लाइसेंसों को निरस्त करने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने कहा, 'मीडिया एवं अन्य माध्यमों से हमें जानकारी मिली थी कि उसके परिवार में चार शस्त्र लाइसेंस हैं। हालांकि अभी लाइसेंसी असलहों की वास्तविक संख्या की पुष्टि नहीं हो सकी है, लेकिन इस संबंध में आयुध प्रभारी अधिकारी (नगर मजिस्ट्रेट) से कहा गया है कि वह पूरा विवरण लेकर रिर्पाट दें।'

डीएम ने कहा कि आरोपियों के सभी असलहों के लाइसेंस निरस्तीकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया,'हम पिछला रिकार्ड मंगाकर इस बिंदु पर भी जांच कर रहे हैं कि उनके शस्त्र लाइसेंस कब और किसने, किस-किस आधार पर जारी किए।'

हरदी थानाक्षेत्र के महाराजगंज कस्बे में 13 अक्टूबर को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस में हुए बवाल के बीच गोली चलने से रेहुआ मंसूर गांव के निवासी रामगोपाल मिश्र (22) की मौत हो गयी थी। इसके पश्चात महसी, महाराजगंज एवं बहराइच शहर में 13 एवं 14 अक्टूबर को सांप्रदायिक हिंसा फैल गई थी। महाराजगंज में घटित घटनाक्रम के विषय में जिलाधिकारी ने बताया कि एक वायरल वीडियो में रामगोपाल मिश्र को बाइक पर अस्पताल ले जाते हुए देखा जा रहा है, इस वीडियो की प्रमाणिकता की जांच की जा रही है।

उन्होंने कहा कि यह भी सुनने में आया कि रामगोपाल को जब गोली लगी तब उन्हें ले जाने के लिए एम्बुलेंस समय पर नहीं आ सकी थी, साथ ही वहां मौजूद तहसीलदार ने अपने सरकारी वाहन से घायल रामगोपाल को ले जाने से इनकार कर दिया था।

इस संबंध में डीएम ने कहा,'तहसीलदार ने इस आरोप से इनकार किया है। लोग यह भी कह रहे हैं कि मौके पर किसी ग्राम प्रधान का वाहन खड़ा था, जिन्होंने घायल रामगोपाल को लेकर जाने के लिए अपना वाहन देने से मना कर दिया था।' मोनिका रानी ने कहा, 'शिकायत मिलते ही हमने तहसीलदार को हटाकर उन्हें जिला मुख्यालय से संलग्न किया है। पूरे घटनाक्रम की जांच शुरू कर दी गयी है।'

डीएम ने कहा,'एंबुलेंस न पहुंचने को लेकर हम सभी संभावित नंबरों की 'कॉल डिटेल' मांग रहे हैं, यह देखा जाएगा कि किस-किस नंबर पर कब कब कॉल आई और उस पर क्या कार्यवाही की गयी।'

उन्होंने बताया कि आरंभिक जांच में यह पता चला है कि गोली लगने की खबर आने के तुरंत बाद घटनास्थल से डेढ़ किलोमीटर दूर स्थित पीएचसी पर मौजूद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने इलाज एवं एम्बुलेंस की व्यवस्था कर ली थी, लेकिन बाद में पता चला कि ग्रामीण उन्हें लेकर जिला अस्पताल पहुंच गये।

जिले के हालात अब पूरी तरह से सामान्य है। महसी-महाराजगंज क्षेत्र में अब तनाव नहीं है। बैंक, बाजार एवे अन्य संस्थान खुलने शुरू हो गये हैं।

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यूपी के गैंगस्टर सुंदर भाटी को दी जमानत

एनसीआर समाचार

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के नेता हरेंद्र नागर और उनके गनर भूदेव शर्मा की हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे कुख्यात गैंगस्टर सुंदर भाटी को इलाहाबाद उच्च न्यायालय से जमानत मिल गई है।

सूत्रों के अनुसार सोनभद्र जेल से रिहा होने के बाद भाटी चुपचाप वाराणसी से दिल्ली के लिए विमान में सवार हो गया। सूत्रों ने शनिवार को बताया कि ऐसा माना जा रहा है कि वह हरियाणा में छिप गया है और पश्चिमी उत्तर प्रदेश से स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की टीम उसकी गतिविधियों पर कड़ी नजर रख रही है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सबसे प्रभावशाली गैंगस्टरों में से एक माने जाने वाला भाटी गौतम बुद्ध नगर जिले के घंघोला गांव का रहने वाले है और उसके खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास, जबरन वसूली, डकैती और हमले के 60 से अधिक मामले दर्ज हैं।

सोनभद्र में नजरबंदी से पहले भाटी को हमीरपुर जेल में रखा गया था, जहां उसने कथित तौर पर अप्रैल 2023 में प्रयागराज में गैंगस्टर अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या के आरोपी तीन बंदूकधारियों में से एक सनी के साथ संपर्क स्थापित किया था। कहा जाता है कि भाटी ने सनी को अपने नेटवर्क में भर्ती किया था। इस सिलसिले में अतीक-अशरफ मामले से जुड़ी जांच में भाटी का नाम सामने आया है। कुछ रिपोर्ट्स में कहा गया है कि भाटी ने तुर्की में निर्मित विदेशी सेमी-ऑटोमैटिक जिगाना पिस्तौल की सप्लाई शूटरों तक करवाई थी।

हमीरपुर जेल से सनी की रिहाई के बाद, वह कथित तौर पर भाटी के साथियों के संपर्क में रहा। साथ ही आखिरकार भाटी के नेटवर्क के माध्यम से जिगाना पिस्तौल भी हासिल की। अतीक-अशरफ हत्याकांड के ठीक एक महीने बाद मई 2023 में अपने प्रतिद्वंद्वी अनिल दुजाना की मुठभेड़ में हत्या के बाद गिरोह के सरगना का प्रभाव कथित तौर पर बढ़ गया है।

माना जाता है कि दुजाना की मौत के बाद, भाटी ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में स्क्रैप कारोबार पर अपना नियंत्रण बढ़ाने का प्रयास किया।

भाटी और उसके साथियों ने साल 2015 में ग्रेटर नोएडा में एक शादी समारोह के दौरान सपा नेता हरेंद्र नागर और उनके गनर की गोली मारकर हत्या कर दी थी। वहीं साल 2021 में भाटी और उसके 11 साथियों को हत्याओं के लिए आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी।

एक नजर

सहारनपुर में सड़क हादसे में पिता-पुत्र की मौत, दो अन्य गंभीर रूप से घायल

सहारनपुर, एजेंसी। सहारनपुर जिले के चिलकाना थाना इलाके में एक सड़क हादसे में एक बच्चे और उसके पिता की मौत हो गयी जबकि बच्चे की मां और चाची की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सागर जैन ने बताया कि जिले के थाना रामपुर मनिहारान क्षेत्र के हुसैनपुर गांव निवासी सुनील (28) अपनी पत्नी राखी (26), भाभी पूनम (29) और एक साल के पुत्र जयदेव के साथ चिलकाना क्षेत्र में एक रिश्तेदारी में तेरहवीं के कार्यक्रम में शामिल होने गये थे। जैन ने बताया कि शुक्रवार देर शाम ये सभी लोग मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने गांव वापस लौट रहे थे, तभी थाना चिलकाना क्षेत्र में उनकी मोटरसाइकिल सड़क किनारे खड़ी एक ट्रैक्टर-ट्राली में घुस गई। सूचना मिलते ही चिलकाना पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें उपचार के लिये प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया। चिकित्सकों ने सुनील और उसके पुत्र जयदेव को मृत घोषित कर दिया जबकि राखी और पूनम की हालत गंभीर बनी हुई है, जिन्हें उपचार के लिये एक अन्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार, ट्रैक्टर चालक वाहन वहीं छोड़कर फरार हो गया। जैन ने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

मेरठ में पुलिस मुठभेड़ में वांछित इनामी 'गैंगस्टर' के पैर में गोली लगी

मेरठ, एजेंसी। मेरठ की थाना लिसाड़ी गेट पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित एक इनामी बदमाश को मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। जिला पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि मेरठ के थाना लिसाड़ी गेट इलाके में 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश शादाब उर्फ चूहा की पुलिस लंबे समय से तलाश कर रही थी, जो गैंगस्टर एक्ट समेत विभिन्न आपराधिक मामलों में वांछित था। पुलिस के अनुसार, शुक्रवार की रात को लिसाड़ी गेट पुलिस चारखम्बा तिराहे के पास संदिग्ध लोगों व वाहनों की तलाशी ले रही थी। तलाशी के दौरान मोटरसाइकिल पर सवार एक संदिग्ध को रोकने का प्रयास किया, लेकिन वह पुलिस दल पर गोलीबारी कर फरार होने की कोशिश करने लगा। पुलिस द्वारा आत्मरक्षा में चलायी गोली उसके पैर में लगी जिससे वह घायल हो गया और उसे घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में घायल अभियुक्त ने अपना नाम शादाब उर्फ चूहा बताया। पुलिस द्वारा अभियुक्त के कब्जे से एक 315 बोर का तमंचा, कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त एक आदतन अपराधी है, जिसके विरूद्ध लिसाड़ीगेट व अन्य थानों में लगभग 12 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। अभियुक्त को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बरेली के जिला अस्पताल के कर्मी ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

बरेली, एजेंसी। बरेली जिला अस्पताल में कार्यरत एक फार्मासिस्ट ने इज्जतनगर इलाके में अपने बंद पड़े मकान में कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, थाना इज्जतनगर क्षेत्र के डेलापीर कैलाशपुरम कॉलोनी निवासी नीरज वाल्मीकि (49) ने शुक्रवार रात छत के कुंदे से फांसी का फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। इज्जतनगर थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) धनंजय कुमार पांडे ने बताया कि सूचना मिलने पर शुक्रवार रात करीब 11 बजे पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

एसएचओ ने बताया कि पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है ताकि आत्महत्या के पीछे के कारणों का पता लगाया जा सके। उन्होंने बताया कि नीरज वाल्मीकि जिला अस्पताल में फार्मासिस्ट के पद पर तैनात था। पुलिस के अनुसार, नीरज कुछ पारिवारिक समस्याओं से परेशान था और कैलाशपुरम में अपने बंद पड़े मकान में रह रहा था।

चित्रकूट में एक मकान से अवैध पटाखों का जखीरा बरामद, एक गिरफ्तार

बांदा, एजेंसी। चित्रकूट जिला मुख्यालय के कर्वी कोतवाली क्षेत्र में पुलिस ने छापा मारकर एक मकान से भारी मात्रा में अवैध पटाखों का जखीरा बरामद किया और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह जानकारी शनिवार को दी। कोतवाली कर्वी के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) उपेंद्र सिंह ने शनिवार को बताया कि मुखबिर की सूचना पर शहर के जगदीशगंज मुहल्ले में शुक्रवार को छापा मारकर एक मकान से बड़ी तादाद में पटाखे बरामद किए गए हैं। इस सिलसिले में पकड़ा गया व्यक्ति कुलदीप गुप्ता पटाखा भंडारण का कोई वैध लाइसेंस नहीं दिखा सका, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि बरामद पटाखों को दमकल विभाग को सौंप कर उनकी गिनती करायी जाएगी। इसके बाद उन्हें निष्क्रिय कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

महाकुंभ में पर्यटक ले सकेंगे फ्लोटिंग रेस्टोरेंट का लुत्फ

प्रयागराज, एजेंसी। महाकुंभ में यूपी टूरिज्म श्रद्धालुओं और पर्यटकों को अधिक से अधिक सुविधा देने का प्रयास कर रहा है। इसी क्रम में टूरिज्म विभाग महाकुंभ में प्रयागराज आने वाले पर्यटकों को फ्लोटिंग रेस्टोरेंट की सुविधा भी उपलब्ध करा रहा है। प्रयागराज में यमुना नदी पर बने यूपी के पहले फ्लोटिंग रेस्टोरेंट 'कालिंदी' का उद्घाटन दिसंबर 2023 में सीएम योगी आदित्यनाथ ने किया था। सीएम योगी के मार्गदर्शन में यूपीएसटीडीसी इस रेस्टोरेंट का संचालन कर रही है। सारी सुविधा महाकुंभ के दौरान देश-विदेश आने वाले पर्यटकों के लिए एक नया और अनोखा अनुभव प्रदान करेगी। यूपी टूरिज्म के यूपीएसटीडीसी की ओर से प्रयागराज के त्रिवेणी बोट क्लब में उत्तर प्रदेश का पहला फ्लोटिंग रेस्टोरेंट दिसंबर 2023 से चल रहा है। पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह ने बताया कि यमुना नदी की लहरों पर तैरता हुआ कालिंदी फ्लोटिंग रेस्टोरेंट यूपी का पहला फ्लोटिंग रेस्टोरेंट है। सीएम योगी के मार्गदर्शन में ऐसा ही प्रयोग गोरखपुर के रामगढ़ ताल में भी किया गया है। कालिंदी रेस्टोरेंट इस मामले में प्रदेश में पहला सफल प्रयोग था। प्रयागराजवासी पिछले कई महीनों से इस फ्लोटिंग रेस्टोरेंट का लुत्फ उठा रहे हैं। सीएम योगी की मंशा के अनुरूप यूपी टूरिज्म इस बार ये अनुभव महाकुंभ के पर्यटकों को भी उपलब्ध कराएगा। महाकुंभ के पवित्र स्नान और आध्यात्मिक अनुभव के साथ पर्यटकों के लिए फ्लोटिंग रेस्टोरेंट भी आकर्षण का केंद्र रहेगा। देश विदेश से आने वाले पर्यटकों के लिए फ्लोटिंग रेस्टोरेंट एक नया एक्सपीरियंस साबित होगा। कालिंदी फ्लोटिंग रेस्टोरेंट प्रयागराज के यमुना बैंक रोड पर स्थित यूपी टूरिज्म के त्रिवेणी बोट क्लब में स्थित है। रेस्टोरेंट का संचालन टूरिज्म विभाग का कॉर्पोरेशन यूपीएसटीडीसी करता है। रेस्टोरेंट के फ्रंट ऑफिस मैनेजर दीपक टंडन ने बताया कि कालिंदी 40 सीटों से युक्त पूर्णतः वातानुकूलित रेस्टोरेंट है। रेस्टोरेंट सुबह 10 से रात के 9 बजे तक खुला रहता है। महाकुंभ के दौरान रेस्टोरेंट के समय में परिवर्तन कर और सुबह खोलने पर भी विचार चल रहा है। इसके साथ ही यूपीएसटीडीसी यमुना बैंक रोड पर राही त्रिवेणी दर्शन होटल भी संचालित कर रहा है। यहां पर संगम स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने की भी सुविधा है।

धरने पर बैठी महिला प्रोफेसर

सतीश

हरियाणा: संघर्ष मंच हरियाणा की महासचिव सुदेश कुमारी एडवोकेट के नेतृत्व में एक चार सदस्यीय टीम महेंद्रगढ़ जिला में स्थित केंद्रीय विश्वविद्यालय हरियाणा सीयूएच में विधि विभाग की प्रो डीन और प्रमुख डॉ. मोनिका जो आज पिछले दस दिनों से विश्वविद्यालय परिसर में अनिश्चितकालीन धरना दे रही हैं। धरने में पहुंची टीम में महासचिव के साथ प्रदेश प्रवक्ता सोमनाथ, कविता विद्रोही और सुभाषचंद्र एडवोकेट शामिल रहे। डाक्टर मोनिका 2019 में एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर नियुक्त किया गया और बाद में प्रोफेसर के पद पर पदोन्नत किया गया था। धरने पर बैठी महिला प्रोफेसर का आरोप है कि विश्वविद्यालय प्रशासन कार्यस्थल पर उनका मानसिक उत्पीड़न, गोपनीयता व व्यवसाय पर हमला कर रहा है। उन्होंने टीम को बताया

कि वह पिछले लम्बे समय से विश्वविद्यालय में चल रही अनियमितताओं के बारे में उच्च स्तर तक शिकायत कर चुकी हैं

और पुलिस में भी शिकायत कर चुकी हैं, परंतु कहीं सुनवाई नहीं हुई है। अब न्याय प्राप्त करने के लिए मजबूर होकर धरने पर बैठना पड़ा है। उन्होंने कहा है, कि उनके दफ्तर के कमरे को गैर कानूनी तरीके से सील कर दिया। और बाद में कमरे में चोरी करवाई गई है। कमरे में प्रोफेसर महिला की देखरेख में रखे विधि विभाग के दस्तावेज और निजी सामान दस्तावेज रखे हुए थे। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार व वीसी ने गलत तथ्यों के आधार पर माननीय हाईकोर्ट को गुमराह कर-के मेरा ह्रासमेंट किया जा रहा है। मंच की टीम ने सभी दस्तावेजों का अवलोकन किया है और पाया है कि महिला प्रोफेसर डाक्टर मोनिका का पक्ष पूरी तरह न्यायसंगत है। जन संघर्ष मंच हरियाणा की महासचिव सुदेश कुमारी एडवोकेट ने विश्वविद्यालय प्रशासन और केंद्रीय शिक्षा विभाग के अधिकारियों, पुलिस प्रशासन के रवैए का कड़ा विरोध करते हुए कहा कि सरकार का महिला सशक्तिकरण का दावा पूरी तरह खोखला है, जब डाक्टर मोनिका जैसी कानून की जानकार सशक्त महिला का भी इस तरह कार्य स्थल पर मानसिक उत्पीड़न किया जा रहा है तो साधारण महिलाएं न्याय कैसे प्राप्त कर सकतीं हैं। उन्होंने मांग की कि प्रोफेसर मोनिका के इस मामले की तुरंत निष्पक्ष जांच करवाई जाए और उत्पीड़न के दोषी विश्वविद्यालय प्रशासन के हैड व उच्च अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। महिला प्रोफेसर के दफ्तर के कमरे में रखे दस्तावेजों को खुर्द-बुर्द करने के उद्देश्य से चोरी चोरी निकालना पूरी तरह गैरकानूनी कृत्य है।

क्या आपने 24 कैरट गोल्ड वाला ऑमलेट खाया है?

कुणाल

दिल्ली: अंडे की इस यूनिक डिश को दिल्ली के चांदनी चौक स्थित सिकंदर आमलेट वाले ने ईजाद बनाया है। सिकंदर ऑमलेट की दुकान लगभग 65 साल पुरानी है। जो एग लवर्स बीच चावड़ी बाजार के सबसे लोकप्रिय हैंगआउट में से एकमात्र जगह है। आपने खाया होगा आमतौर पर इसे बनाने के लिए प्याज, नमक और कुछ मसालों का इस्तेमाल होता है। लेकिन आजकल फ्यूजन के नाम पर वेंडर ऑमलेट के साथ अब तरह-तरह के प्रयोग करने लग जाते हैं।

ऑमलेट की ऐसी ही एक डिश इन दिनों सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोर रही है, जिसे देखकर नेटिजन्स चौक चुके है। हैरानी , क्योंकि ये कोई ऐसा-वैसा ऑमलेट नहीं, बल्कि सोने से तैयार किया जाता है। ऑमलेट है, जी हां आपने बिल्कुल सही पढ़ा होगा।

उत्तर प्रदेश: व्यापारीयों को लगा करोड़ो का चुना

अजय कुमार

उत्तर प्रदेश: व्यापारीयों को चुना लगाकर करोडो की ठगी करने वाला फरार जिला.बिजनौर से एक नया मामला सामने आया है। जिसमें पीडित द्वारा बताया जा रहा है। मुरादाबाद क्षेत्र के थाना गल शहीद का रहने वाला गुलजेब कुरैशी करोड की ठगी कर आज बडा प्रापर्टी डिलर है, जोकी आठ सालो में अवैध धंधे कर के आज कई करोड का मालीक बना बैठा है। जबकी आठ साल पहले तक दाने दाने को परेशान था जिसमें उत्तर प्रदेश के कई व्यापारीयों ने मुगफली की आडत करा कर करोडो रुपए का माल दिया था अब

सहारा लगाने वाले परेशान है। माननीय मुख्य मंत्री जी योगी जी महाराज के सख्त आदेश के बाद भी एसे लोग बाज नही आ रहे है। अब पीडित ने परेशान आकर उत्तर प्रदेश सरकार से न्याय दिलाने की अर्जी लगा कर इस ठग कई सम्पत्ती जांच करा कर उचित कार्रवाई कराने की मांग की है।

राजस्थान: रेलवे विभाग ने रेलवे के किराए में दी रियायत

मांगी लाल

राजस्थान: इलाज के लिए जा रहे हैं, तो रेल से मिलने वाली छूट का फायदा रेलवे विभाग द्वारा दी जाने वाली रेलवे किराए में रियायत संबंधी जानकारी नहीं होने के कारण कई बीमारियों मैं मिलने वाली रियायत का लाभ नहीं ले पाते हैं ' इसलिए जागरूक होकर के उनको इसका फायदा उठाना चाहिए' हार्ट सर्जरी , किडनी ट्रांसप्लांट, डायलिसिस वाले मरीजो को सेकंड क्लास स्लीपर। थर्ड एसी, एसी चेयरकार में 75% किराए में छूट मिलती है हालांकि फर्स्ट एसी और सेकंड ऐसे में 50 प्रतिशत तक रियायत मिलती है। यहां तक की मरीज के सहायक को

भी रेलवे किराए में छूट दी जा रही है ' ऐसे में हीमोफोबिया, टीवी लुपस एडस औषटॉमी सिकल सेल एनीमिया से ग्रस्त मरीजों को भी 50 से 75% किराए में रियायत मिलती है '

कैंसर ,एड्स ,टी बी ,सहित गंभीर बीमारियों से ग्रस्त मरीजो को रेल किराए में रेलवे विभाग दे रहा है ' जानकारी के अभाव एवं जागरूकता के अभाव में लोग इसका फायदा नहीं उठा का पारहे हैं ' यदि कैंसर मरीज अकेले या परिजन के साथ ट्रेन में सफर करता है तो उसे फर्स्ट सेकंड क्लास में 75 फीसदी तक किराए में छूट दी जाती है ' स्लीपर , थर्ड एसी में वह निशुल्क यात्रा कर सकता है' इसी प्रकार थैलेसीमियांके मरीज चेकअप कराने के लिए जाने पर भी उनको छूट मिलती है' किडनी के मरीजों को भी किराए में छुट् मिलती है ' काफी लोगों को इसकी जानकारी नहीं होने के कारण यह छूट लेने से वंचित रह जाते हैं ' इसलिए आम नागरिकों को रेल विभाग द्वारा रेल किराए में छूट संबंधी जागरूकता होना बहुत जरूरी है ' जिससे उन्हें किराए में छूट मिल सके और आर्थिक फायदा हो सके।

उत्तर प्रदेश: भीरा पुलिस ने गैंगस्टर समेत अवैध शस्त्र कारतूस के साथ किया गिरफ्तार

सोनपाल गौतम

उत्तर प्रदेश: भीरा पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट समेत कई मामले में फरार चल रहे, एक 20,000 के इनामिया अभियुक्त को पुलिस मुठभेड़ में अवैध शस्त्र कारतूस के साथ किया गिरफ्तार। वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे, अभियान में भीरा पुलिस को शनिवार को बड़ी सफलता हाथ लगी, कई महीनो से वंचित चल रहे 20,000 के इनामी अपराधी को भीरा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मुखबिर की सूचना पर भीरा थाना प्रभारी पुष्पराज कुशवाहा की टीम ने चोरी , लूट, नकबजनी की घटना में संलिप्त। ?20,000 रुपए का पुरस्कार घोषित HS NO12 A थाना खुटार जनपद शाहजहांपुर से संबंधित एक नफर अभियुक्त करमुल्ला, उर्फ करीमुल्ला, उर्फ मुकेश, उर्फ राजेश, उर्फ राजू, उर्फ राजे पुत्र हिकमत अली उर्फ हरिओम। निवासी ग्राम टाहा खुर्द कला थाना खुटार जनपद शाहजहांपुर हालपता चक पसियापुर थाना भीरा

जनपद खीरी को मुन्ना पुत्र जगदीश के खेत पर बने मचान बृहद ग्राम चक पसियापुर से पुलिस मुठभेड़ में एक अदद देसी तमंचा 315 बोर जिसकी नाल में एक अदद कारतूस 315 बोर 315 बोर दो अदद जिंदा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

मध्य प्रदेश: ग्राम विकास सामाजिक एनिमेटर संघ के पुरुषोत्तम गुर्जर को संगठन ने बनाया ब्लॉक अध्यक्ष

अजय सिंह तोमर

मध्य प्रदेश: ग्राम विकास सामाजिक एनिमेटर संघ के ब्लॉक अध्यक्ष पुरुषोत्तम गुर्जर को सामाजिक एनीमेटेर संघ के ब्लॉक अध्यक्ष संगठन ने बनाया संगठन के सदैव तत्पर रहूंगा। सभी श्रअ का आर्थिक आवास में संगठन हेतु के लिए सात तट पर रहूंगा पुरुषोत्तम गुर्जर।

ग्राम विकाश सामाजिक एनिमेटर संघ पोरसा के अध्यक्ष पद का दायित्व पुरुषोत्तम गुर्जर को दिया गया।

जिसमें श्रअ श्री शिवमंगल सिंह तोमर श्रीमती श्यामा लाली तोमर अंजली तोमर अलका तोमर श्री अलकेश दंडोतिया सामाजिक कार्यकर्ता श्री बरनाम सिंह तोमर श्री अमरीश सिंह तोमर श्री जगरूप सिंह तोमर सभी लोग उपस्थित रहे।

राजस्थान: साइबर ठगी या काली कमाई, क्या है हकीकत?

मांगी लाल

राजस्थान: हरियाडाणा एनसीआर समाचार साइबर ठगी या काली कमाई जोधपुर राजस्थान विदेशी मुद्रा क्रिप्टोकरंसी या युएसडीटी अकेले जोधपुर में प्रतिदिन करोड़ों रुपए की खरीद कर विदेश में मौजूद साइबर ठग गैंग सरगनाऔ तक भेजी जा रही है' यह जो राशि है, वह साइबर ठगी की है ' इस काली कमाई को युएसडीटी में कन्वर्ट कर विदेश ट्रांसफर किया जा रहा ' पुलिस कमिश्नरेट जोधपुर मे पिछले 8 महीने में साइबर ठगी की राशि से युएसडीटी की खरीद फरोख्त करने की 9 एफआईआर दर्ज की जा चुकी है ' वर्तमान में नए-नए तरीकों से साइबर ठगी की जा रही है' विदेश में मौजूद साइबर ठग गिरोह के सरगना रोजाना करोड़ों रुपए एठ रहे है ' इसे विदेश में अपने पास लाने के लिए यूएसडीटी मे कन्वर्ट करवाते हैं ' इसके लिए युवाओं को जाल में फसाते हैं 'उनके बैंक खातों में साइबर ठगी की राशि ट्रांसफर करते हैं ' फिर यह युवा 7- 8 प्रतिशत कमीशन के लालच में यूएसडीटी खरीद कर ऑनलाइन ठग सगनाओं तक भेजते हैं ' बदले में इन्हें 80 से ? 100000 तक का कमीशन मिलता है 'जो गैरकानूनी है। ऐसे मामलों में प्रशासन को और हम सबको जागरूक रहने की आवश्यकता है ' लालच और गैर कानूनी ,थोड़े से लाभ के लिए देशद्रोह का कार्य नहीं करें' जानकारी मिलनेपर प्रशासन को सूचित करना चाहिए '

उत्तराखंड: समाजवादी पार्टी और बीजेपी का गठबंधन

हरीश उपाध्याय

उत्तराखंड: समाजवादी पार्टी के प्रदेश कोषाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार राय का लाल तारो पुल स्थित सपा कार्यालय पर सपा नेताओं ने जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर समाज पार्टी के प्रदेश कोषाध्यक्ष सत्येंद्र राय कहां की भाजपा देश में सुस्तीकरण गिरी राजनीति कर रही है तथा देश-विदेश की जनता बढ़ती रह गई के तले जगती चली जा रही है। देश की डबल इंजन की सरकार मलाई चाट रही है और उन्होंने कहा

परदेस में परदेस में पहाड़ से पलट करने वाले नौजवानों को रोक पाने में नकाब रही है।

दूसरी ओर वहीं दूसरी ओर उद्योग कंपनियां भी सब्सिडी का आनंद लेकर उत्तराखंड से फ्लाइट कर रही है लेकिन सरकार उनसे पूछने को तैयार नहीं उन्होंने कहा है कि सबका और कांग्रेस दोनों गठबंधन नगर निकाय के चुनाव में एक साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगे और भाजपा को एक साथ मिलकर पटकनी देंगे नगर निकाय के चुनाव को लेकर आगामी 27 अक्टूबर को प्रदेश कार्यालय पर बैठक होगी। और चुनाव को लेकर रणनीति बनेंगे हरिद्वार नगर निगम चुनाव को लेकर सपा और कांग्रेस का मुद्दा रहेगा महंगाई और बेरोजगारी राजेंद्र पाराशर।

हरियाणा: राष्ट्रीय सतर्कता दिवस पर साइबर फ्रॉड की जागरूकता फैलाई

अजीत सिंह

हरियाणा: शनिवार को राष्ट्रीय सतर्कता दिवस के उपलक्ष्य में नेहरू युवा केंद्र द्वारा सतर्कता दिवस के उपलक्ष्य में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जुलाना की आशु कोचिंग संस्थान में किया गया। नेहरू युवा केंद्र स्वयंसेवक मोनू लाठर ने बताया कि नेहरू युवा केंद्र की ओर से समय समय पर ऐसे कार्यक्रम करवाए जाते हैं। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में समाजसेवी अजीत लाठर ने शिरकत की। उन्होनें बच्चों को संबोधित करते

हुए कहा कि अगर हमें साइबर ठगी से बचना है तो खुद सतर्क रहना पड़ेगा। और अंजान व्यक्ति को कभी भी ओटीपी नहीं बताना चाहिए।

उन्होनें बच्चों को कहा कि अपने अभिभावकों को ओर आसपड़ोस में भी आप जागरूकता फैलाएं। संस्था के सहसंचालक बिट्टू अहलावत ने नेहरू युवा केंद्र का भी धन्यवाद किया इस कार्यक्रम के लिए। और उन्होनें कहा कि बच्चे अब सतर्कता हर विषय में जरूरी है। आप चाहे साइबर ठगी की बात करें, नौकरी का झांसा देने वालों की बात करें, या समाज में जो ओर तरह से आम लोगों से ठगी की जाती है। आप पढ़ें लिखे है, अपने आसपास के लोगों को जागरूक करें। अगर कोई ठगी का शिकार हो जाता है तो किस तरह उनकी मदद की जा सकती है उन्हे बताए। इस मौके पर राहुल कुमार, सुशील सर मंजू सुशील आदि मौजूद रहे।

एक नजर

आई लव यू मम्मी बोलता रहा बेटा, कैंसर महिला ने तोड़ दिया दम

कुणाल, चीन: 4 चाल का एक बच्चा अपनी बीमार मां के कान में 'आई लव यू मम्मी' बोल रहा , लेकिन उसे पता नहीं, कि कैंसर से जूझ रही मां अब इस दुनिया में नहीं रहि है। महिला के कान में बोलते बच्चे की तस्वीर वायरल हुई तो देखकर हर किसी के आँखों में आंसू आगये। चीन के चार साल के एक बच्चे की मार्मिक कहानी ने सोशल मीडिया को झकझोर कर रख दिया है, जो अपनी मां के बिस्तर पास खड़ा होकर उसे तब तक आई लव यू बोलता रहा था। जब तक कि कैंसर पीड़ित महिला ने अंतिम सांस नहीं ली। यांग युचेंग नाम के इस बच्चे के मार्मिक वीडियो को 5 करोड़ डॉयिन यूजर्स ने देख लिया है। जिसमें वो अपनी मां के कान में कहता रहा- माँ तुमसे में बहुत प्यार करता हु। बच्चे की मां कुन कैतुआन को पिछले ही साल अगस्त में पित्ताशय के कैंसर की गंभीर बीमारी का पता चला था।

पत्नी से पिट गया प्रोफेसर कॉलर से खींचकर बाहर लाई और दनादन मारना चालू

कुणाल/तिलकामांझी। भागलपुर विश्वविद्यालय का एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी तेजी से वायरल हो रहा है। वायारल वीडियो में देखा जा रहा है, कि अपने चैंबर में बैठे प्रोफेसर साहब को पत्नी कॉलर खींचकर बाहर ले आती हैं, और फिर दनादन पिटाई करना चालु कर देती हैं। गलत न समझे , यह मामला बेवफाई का नहीं प्रोफेसर साहब तो अपनी पत्नी से किसी और मामले को लेकर पिट रहे थे। वह भी अपने विभागीय कार्यालय के अंदर। दरअसल, भागलपुर में तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के प्रोफेसर और उनकी पत्नी के बीच की लड़ाई विभाग तक पहुंच गई थी। विभाग में पत्नी पहुंची और चेंबर से प्रोफेसर को खींचकर बाहर निकाल लिया और थप्पड़ बरसाना शुरू कर दिए। प्रोफेसर पति का कॉलर पकड़कर खींचकर वह चिल्लाती रही. हाई वोल्टेज ड्रामा विश्वविद्यालय में करीब दो घंटे तक खींचता हुआ चल गया।

उत्तर प्रदेश: नोएडा में पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर ड्रिंक एंड ड्राइव के खिलाफ एक्शन

नरेंदर/उत्तर प्रदेश: नोएडा में पुलिस कमिश्नर ने के निर्देश पर ड्रिंक एंड ड्राइव के खिलाफ एक्शन गार्डन गलेरिया मॉल पर ट्रैफिक पुलिस ने चलाया अभियान 6 गाड़ियों को किया सीज डीसीपी ट्रैफिक जमुना प्रसाद ने अपनी टीम के साथ ड्रिंक एंड ड्राइव के खिलाफ चलाया अभियान। नोएडा में 70 वाहनों को किया गया चेक 30 वाहनों के किए गए चालान 6 गाड़ियों को कर दिया गया सीज डीसीपी ट्रैफिक यमुना प्रसाद की शहर वासियों से अपील शराब पीकर ना चलाएं वाहन नोएडा में जगह जगह रात में ट्रैफिक पुलिस ने ड्रिंक एंड ड्राइव के खिलाफ चलाया अभियान।

राजस्थान: प्रदूषण से वनस्पति इंसान, जीव- जंतु खेत आदि प्रभावित

मांगी लाल/राजस्थान: जोजरी नदी के प्रदूषण का दर्द बारिश के दौरान इस हद तक बढा की लोगों का दर्द कम होने का नाम नहीं ले रहा है ' भाडूं गांव के आगे बालोतरा जिले में स्थित गांव तक प्रदूषित पानी ने ने बारिश के पानी के साथ मिलकर बहुत बबार्दी की ' नदी के दोनों और करीब दो-दो किलोमीटर के दायरे में यह पानी फैल गया है 'लोगों के खेत पेड़ और इंसान और जीव जंतुओं की सेहत बुरी तरह प्रभावित हुई है' यह पानी जोधपुर की औद्योगिक इकाइयों व सीवरेज का है ' जो परेशानी खड़ी करता है' आसपास के इलाके के लोगों के खेतों में पानी भरा है जो कम होने का नाम नहीं ले रहा है ' आसपास के लोग बताते हैं की जोजरी नदी में पानी की आवक बढीं।

इस पानी के आवक से एक बारतो हमेंखुशीहुई 'लेकिन इसके साथ ही प्रदूषित पानी का दायरा भी बढ़ गया 'कई किलोमीटर दूर बालोतरा मार्ग पर सड़क किनारे खेतों में पानी भर गया नदी में बहते प्रदूषित पानी से वन्य जीवन पर भी संकट के बदले खड़े हो गए हैं ' धवा.- डोली वन्य जीव क्षेत्र में कई वन्य जीवों का निवास है 'इनमें चिंकारा और काले हरिनो की संख्या काफी है 'यह सभी प्रदूषित पानी की चपेट में आकर या तो बीमार पड़ रहे हैं या फिर मृत्यु को प्राप्त हो रहे हैं ' हाल ही में दो हरिनौ का शव नदी किनारे मिला था' इस बारे में आसपास के लोगों ने प्रशासन से इस समस्या को मिटाने का प्रयास भी किया गया ' लेकिन इसका अभी तक कोई हल नहीं हो पाया है '

उत्तर प्रदेश: जिलाधिकारी ने सी.एम.ओ. कार्यालय का किया निरीक्षण

श्रवण कुमार

उत्तर प्रदेश: गैरहाजिर अधिकारियों, चिकित्सकों एवं कार्मिकों का एक दिन वेतन बाधित करने एवं विलम्ब से आए कार्मिकों को स्पष्टीकरण जारी करने के डीएम ने दिए निर्देश। जनपद कुशीनगर,जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज द्वारा आज प्रातः 10.20 बजे मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। मुख्य चिकित्साधिकारी के विलंब से उपस्थित होने पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी प्रकट की गई। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा बारी- बारी से दो फ्लोरों पर स्थित विभिन्न चिकित्साधिकारी कार्यालयों यथा जिला मलेरिया अधिकारी कार्यालय, जिला कुष्ठ रोग/ लेप्रोसी अधिकारी कार्यालय, एडिशनल सीएमओ कार्यालय, डिप्टी सीएमओ कार्यालय, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी कार्यालय, जिला होम्योपैथी अधिकारी



कार्यालय, हॉस्पिटल रजिस्ट्रेशन कक्ष तथा अन्य कार्यालयों का निरीक्षण कर ,अधिकारियों, चिकित्सकों एवं कार्मिकों की उपस्थिति पंजिका, विभिन्न पटलों, अभिलेखों के रख रखाव का उचित प्रबन्धन, परिसर की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। हॉस्पिटल रजिस्ट्रेशन कक्ष में उपस्थित कार्मिक से जनपद में रजिस्टर्ड प्राइवेट हॉस्पिटल्स की संख्या पूछी गई ।

उपस्थित कार्मिक द्वारा पंजीकरण संख्या का उचित उत्तर नहीं देने पर जिलाधिकारी द्वारा रोष व्यक्त किया गया। तत्पश्चात कार्यालय में रखे विभिन्न फाइलों का अवलोकन किया गया, फाइलों में गठित समितियों के बारे में पूछताछ की गई। पृच्छा के क्रम अनुचित उत्तर देने एवं फाइलों में खामियां परिलक्षित होने पर तत्काल जिलाधिकारी द्वारा अलमारी को सिल कर दिया गया तथा उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में जांच समिति गठित कर प्रपत्रों एवं अभिलेखों की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा समस्त पटलों के निरीक्षण के उपरांत सीएमओ को निर्देशित किया गया कि नियमित अंतराल पर सभी पटलों का निरीक्षण करें एवं किसी भी पटल पर कोई पत्रावली समयावधि के उपरांत लंबित न रहें।जिलाधिकारी द्वारा कार्यालयध्यक्षों से स्टाफ की उपस्थिति एवं उनके द्वारा संपादित किए जाने वाले के कार्यों के बारे में भी जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना की प्रगति, कार्मिकों की सेवा पुस्तिका, अभिलेखों की भी समीक्षा की गई।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा आवश्यक जानकारी देते हुए बताया गया कि, अटेंडेंस बायोमेट्रिक है। बायोमेट्रिक प्रिंट आउट की समयावधि प्रातः 10.20 बजे के निरीक्षण के दृष्टिगत 16 कार्मिक अनुपस्थित, 24 कार्मिक उपस्थित एवं 23 कार्मिक विलंब से उपस्थित मिले। गैरहाजिर अधिकारियों, चिकित्सकों एवं कर्मचारियों का एक दिन का वेतन बाधित करने तथा विलंब से आए , कार्मिकों को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी, समस्त चिकित्सकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को समय से कार्यालय आने , सेवा पुस्तिका अद्यतन रखने, गठित समितियों , हॉस्पिटल पंजीकरण अभिलेखों का उचित प्रबंधन एवं रख रखाव के निर्देश दिए। अनुपस्थित अधिकारियों में से जिला कुष्ठ अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, उप मुख्य चिकित्साधिकारी आदि प्रमुखतः अनुपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सुरेश पटारिया, जिला होम्योपैथी अधिकारी, वरिष्ठ सहायक, आर. एम. वी सिंह, आईडीएसपी यूनिट के नेहाल, तथा अन्य संबंधित जनपद स्तरीय अधिकारी व कार्मिक उपस्थित रहें।

उत्तर प्रदेश: ATM में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी

अनिल गुप्ता

उत्तर प्रदेश: पिलखुवा में कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाइवे स्थित पिलर नंबर 73 पर एक इंडियन बैंक के ए टी एम में शनिवार सुबह शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। आस पास के लोगो ने इसकी सूचना पुलिस और बैंक को दिया पुलिस और बैंक अधिकारी मौके पर पहुंच गए सूचना पाते ही दमकल विभाग की टीम पहुंची और आग पर काबू पा लिया। इस दौरान कोई अनहोनी नहीं हुई। मौके पर मौजूद गार्ड ने दमकल विभाग को मामले की सूचना दी। सूचना मिलने पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने आग पर काबू पा लिया। इस दौरान कोई अनहोनी नहीं हुई। पिलखुवा केंद्र प्रभारी सचिन बालियान ने बताया कि आग की सूचना पर मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया। इस दौरान कोई नुकसान नहीं हुआ है। समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो बड़ा नुकसान हो सकता था, एटीएम कमरा थोड़ा बहुत जल गया है। गार्ड इसलिए बैठाए जाते है ताकि कोई भी दुर्घटना होने पर तुरंत बैंक अधिकारी और पुलिस को सूचना दे सके'

राजस्थान: मेघवाल समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह 28 तारीख को होगा

फोजा राम

राजस्थान: समारोह की तैयारियों जोरों पर, समाज की प्रतिभाओं का होगा सम्मान। भीनमाल मेघवाल समाज द्वारा स्थानीय तलबी रोड स्थित लुम्भनाथ जी महाराज के धुणे पर सोमवार को होने वाले प्रतिभा सम्मान समारोह को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं।

यह कार्यक्रम 1008 महंत शंभूनाथ सैलानी मठाधीश चंचल प्रागमठ, बाड़मेरऔर 1008 महंत गणेशनाथ मठाधीश गणेशनाथ शिव मठ सांचौरके सानिध्य में आयोजित होगा। कार्यक्रम में समाज की उत्कृष्ट प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा और इसे लेकर हर गांव में जाकर लोगों को आमंत्रित किया जा रहा है। इन प्रतिभाओं का होगा सम्मान समारोह में मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

किया जाएगा। जिसमें 10वीं, 12वीं में छात्राओं के लिए 70% और छात्रों के लिए 75% अंक, स्नातक व स्नातकोत्तर में छात्राओं के लिए 60% और छात्रों के लिए 65% अंक प्राप्त करने वाले शामिल होंगे। इसके अलावा, NET/ SET क्वालिफाई करने वाले, NEET चयनित छात्र, राज्यस्तरीय व राष्ट्रीय स्तर पर चयनित खिलाड़ी, वर्ष 2021 से चयनित सरकारी कर्मचारी, रक्तदान करने वाले और समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया जाएगा। समारोह में ये विशेष अतिथि होंगे शामिल। इस कार्यक्रम में कई जानी-मानी हस्तियां शामिल होंगी, जिनमें शामिल हैं: अर्जुनराम मेघवाल, माननीय मंत्री, विधि एवं कानून मंत्रालय, भारत सरकार, डॉ. मंजू बाघमार, माननीय मंत्री, महिला एवं बाल विकास विभाग, राजस्थान सरकार, कन्हैयालाल बेरवाल सेवानिवृत्त IPS डॉ. हरिसिंह गौड, पूर्व RPSC सदस्य एवं संरक्षक, RHRD फाउंडेशन, आदूराम मेघवाल, विधायक, चौहटन, बाड़मेर, भंवरलाल मेघवाल, जिलाध्यक्ष, कांग्रेस कमेटी, जालोर, किरण भारतीय, प्रधान, पंचायत समिति, भीनमाल, विमला चौहान, प्रधान, पंचायत समिति, जसवंतपुरा, खेताराम लीलड़, अध्यक्ष मेघवाल समाज, पोकरण और प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष, सीमाजन कल्याण समिति, राजस्थान इस प्रतिभा सम्मान समारोह में कई समाजसेवी, भामाशाह सहित समाज बन्धु हजारों की संख्या में उपस्थित रहेंगे।

मध्य प्रदेश: गुजराती गर्ल्स कॉलेज में धूमधाम से दिवाली मनाई गई

देवराम ठाकुर

मध्य प्रदेश: त्योहार मनाना हमारी सामाजिक, सांस्कृतिक परंपरा रही है। एम्ब एच.एस. गुजराती गर्ल्स कॉलेज में दीपावली का त्यौहार बड़े ही उत्साह एवं उमंग के साथ मन गया। रंग-बिरंगे परिधानों में सजी छात्राओं ने महावि?द्यालय में दीपोत्सव मनाया। छात्राएं, पर्यावरण संदेश देती रंगोली को विविध रंगों में सजाकर, तो कहीं तोरण सजा कर अपनी कला का प्रदर्शन क नजर आई, तो कहीं दीयो को सजाकर, पूजा की थाली की सजावट, मंडाना, ग्रीटिंग कार्ड में भाग लेब विभिन्न प्रतियोगिता में सहभागी बनी।

कुम्हार द्वारा देसी मिट्टी से बने दीयों को जलाकर दीपों जगमगाहट के साथ फुलझड़ी, अनार, चकरी के द्वारा आतिशबाजी कर महाविद्यालय को जगमन किया। महाविद्यालय के चेयरमेन श्री रमेश भाई शाह ने त्यौहार का महत्व बताकर दीपों के इस पावन पर्व पर छात्राओं को मंगलमय शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सनातन धर्म के इस त्यौहार में आप सूर्य की किरण की तरह, दीयों की रोशनी की तरह अपने जीवन को जगमगाती रहे और नई ऊर्जा के साथ जीवन के हर सुख को प्राप्त करें।

प्राचार्य डॉक्टर गोविंद सिंघल ने छात्राओं के सुख, समृद्धि एवं आनंद से मंगलमय जीवन की शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम प्राचार्य प्रतिनिधि प्रो. अर्चना तिवारी के निर्देशन में कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रतियोगी छात्राओं को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए गए। श्री गुजराती समाज द्वारा छात्राओं को निशुल्क पटाखे वितरित किए गए। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं कर्मचारी गण उपस्थित थे।

बिहार: परसौनी ग्राउंड में लड्डु से तौले गए पूर्व मंत्री

मंसूर आलम

बिहार: पुरुषोतमपुर स्थित पेट्रोल पंप पर बिहार सरकार के पूर्व मंत्री खुर्शीद उर्फ फिरोज अहमद का कार्यकताओं एवं ग्रामीणों ने फुल माला पहनाकर स्वागत किया।

उसके बाद पूर्व मंत्री मैनाटांड प्रखंड मुख्यालय, इनरवा, खम्हिया,सकरौल, झंझरी आदि गांवों का भ्रमण करते हुए शाहपुर परसौनी ग्राउंड पहुंचे इस दौरान शाहपुर परसौनी ग्राउंड में सिकटा ,मैनाटांड के लोगों के द्वारा अंठानवे किलो लड्डू से तौले गए कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री ने कहा कि मैं आपका बेटा, भाई बनकर सेवा किया हु और आप सभी लोगों के आशीर्वाद से ही मैं मंत्री भी रहा।

उत्तर प्रदेश: बांदा में कोटेदारों ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर किया धरना प्रदर्शन

मदन

उत्तर प्रदेश: जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर धरना प्रदर्शन कियाअपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा है। और चेतावनी दी की यदि उनके मांगे पूरी नहीं होती 4 दिसंबर 2024 को समस्त राशन विक्रेता जवाहर भवन लखनऊ का घेराव करेंगे।

आपको बता दे कि पूरा मामला जिलाधिकारी कार्यालय के सामने आया है जहां पर आज जिले के आधा सैकड़ा से ज्यादा कोटेदारों ने एक साथ होकर जोरदार धरना प्रदर्शन किया है और नारा लगाते हुए बोला कि "चाहे जो मजबूरी हो हमारी मांगे पूरी हो".ऑल इंडियन फेयर प्राइस शॉप डीलर एसोसियेशन ने बताया कि कोटेदार शासन के अनुसार राशन का वितरण करते हैं और कोरोना काल में भी उत्तर प्रदेश के कोटेदार प्रधानमंत्री अन्य योजना और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत निशुल्क वितरण किया गया था।

कोटेदार अपने व अपने परिवार के जीवन की परवाहना करते हुए सरकार की दिशा निर्देश में ई- पास मशीन से ईमानदारी के साथ वितरण किया। जिसकी सराहना पूरे भारत में की गई थी और उत्तर प्रदेश सरकार को भारत सरकार ने प्रशस्ति पत्र भी दिया था। लेकिन उत्तर प्रदेश के कोटेदारों को लाभांश 90 रुपए कुंतल मिलता है जबकि अन्य प्रदेशों ये में हरियाणा में ?200 प्रति कुंतल गोवा में ?200 और केरल गुजरात में भी ?200 प्रति कुंतल दिया जा रहा है वही ज्ञापन देते हुए अनुरोध किया के कोटेदारों को भी अन्य प्रदेशों की भांति लाभांश और मानदेय दिया जाए क्योंकि महंगाई भी लगातार बढ़ती जा रही है।

उनकी मांगे पूरी नहीं हुई 4 दिसंबर 2024 को समस्त राशन विक्रेता जवाहर भवन लखनऊ का घेराव करेंगे और खाद्य आयुक्त महोदय को ज्ञापन भी देंगे जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी इस मौके पर सुशील कुमार मंडल अध्यक्ष चित्रकूट धाम बांदा, गया प्रसाद साहू प्रदेश सचिव, राजेंद्र प्रसाद जिलाध्यक्ष बांदा, विष्णु स्वरूप यूं नगर अध्यक्ष, प्रदेश उपाध्यक्ष राजाभ ई या, कमल किशोर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

उत्तर प्रदेश: हमीरपुर में 'रेड स्कीम' के तहत पुलिस बल के साथ पैदल गश्त एवं सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण

राधा कृष्ण

उत्तर प्रदेश: हमीरपुर जिले में पुलिस अधीक्षक महोदया एवं जिला अधिकारी महोदय ने पुलिस बल के साथ कस्बा हमीरपुर में "रेड स्कीम" के अंतर्गत पैदल गश्त किया। इसका उद्देश्य क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करना और संभावित अराजक तत्वों पर निगरानी रखना है।

इस योजना के तहत, पूरे जनपद को विभिन्न जोन एवं सेक्टर में बाँटा गया है, जहां विभिन्न स्तर के अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। जनपद हमीरपुर में अपर जिलाधिकारी को सुपर जोनल मजिस्ट्रेट और अपर पुलिस अधीक्षक को सुपर जोनल पुलिस अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। तहसील सदर, मौदहा, राठ, एवं सरीला को अलग-अलग जोन में विभाजित कर इन क्षेत्रों में सुरक्षा बढ़ाने का कार्य किया गया है।

इस अवसर पर श्रीमान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक महोदया ने पुलिस बल के साथ पैदल भ्रमण करते हुए सभी सुरक्षा प्वाइंट्स का निरीक्षण किया और तैनात पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने दंगा नियंत्रण उपकरणों के साथ भी तैयारी का जायजा लिया। पुलिस अधीक्षक हमीरपुर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि शांति व्यवस्था को प्रभावित करने वाले अराजक तत्वों के खिलाफ कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी । "रेड स्कीम" के अंतर्गत अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे सख्त निगरानी रखें और नागरिकों को सुरक्षित माहौल प्रदान करने में कोई कसर न छोड़ें। जनपद में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाना है, ताकि नागरिक भयमुक्त वातावरण में रह सकें और किसी भी असामाजिक गतिविधि पर कड़ी नजर रखी जा सके।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी सदर व अन्य सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

एक नजर

चमत्कारी पाउडर बताकर दर्द निवारक गोलियां देता था पादरी



याशिका वर्मा/उत्तर प्रदेश: मेरठ से एक कन्वर्जेन का वीडियो वायरल हो रहा है जिसमे देखा जा सकता है कि कि केरल का पादरी बिज्जू बीमारी से जूझ रहे हिंदुओं को चमत्कारी राख से ठीक होने का दावा करते थे। लेकिन वो कोई चमत्कार पाउडर नहीं बल्कि पेनकिलर थी। इसके साथ ही पादरी और उनकी बीवी लोगो से यह कहते थे कि चर्च में आओगे तोह चमत्कारी पाउडर भी मिलेगा और आपके सब दुःख दर्द भी खतम हो जाएंगे। उनके बच्चों की शादी का सारा खर्च उठाएगा। खुद का रोजगार शुरू करने के लिए हर जोड़े को 2 से 5 लाख रुपये दिए जाएंगे और बीमारी ठीक करने के लिए झाड़-फूंक भी किया जाएगा। इन पर 300 से ज्यादा लोगो को ईसाई बनाने का आरोप है। यह हिन्दुओं का पहले ब्रैनवॉश करके उन्हें चमत्कारी पाउडर पानी में पीने को कहता था।

मध्य प्रदेश: अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने दिया इंदरगढ़ छात्रो को परेशानी खत्म करने का आश्वासन

श्याम सिंह राणा/मध्य प्रदेश: अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई इंदरगढ़ द्वारा रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वी जयंती जो वर्ष भर बननी है उसके उपलक्ष्य में सीनियर गर्ल्स एवं बॉयज छात्रावास में उनके ऊपर संगोष्ठी का कार्यक्रम किया गया एवं विद्यार्थी परिषद के बारे में सभी छात्रावास के भाई बहनों के साथ चर्चा हुई। उनसे बोला कि आपका छात्र जीवन में आने वाली परेशानी वह विद्यार्थी परिषद की परेशानी होगी। इस कार्यक्रम में उपस्थित फसल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नगर उपाध्यक्ष अर्चना जी कुशवाहा एवं नगर सह मंत्री ध्रुव नीखरा एवं, नगर सह मंत्री हरिओम कुशवाहा, एवं नगर महाविद्यालय प्रमुख चिराग गुप्ता आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

उत्तर प्रदेश: पंडित देवेंद्र शर्मा उर्फ पंडा को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

अरुण श्रीवास्तव/उत्तर प्रदेश: उडनी पिपरिया निवासी वरिष्ठ पत्रकार अरुण श्रीवास्तव ने अपने पुराने साथी पंडित देवेंद्र शर्मा के आसमय निधन पर दुख करते हुए। उन्हें भाविनी श्रद्धांजलि दी और कहा कि पंडित देवेंद्र शर्मा के निधन से जिले के लिए अपूर्ण क्षति हुई है।

पंडित देवेंद्र शर्मा एक मिलनसार और जिंदा दिल इंसान थे। उन्होंने पत्रकारिता के क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बनाई वह सामाजिक कार्यों में भी बाढ़-चलकर हिस्सा लेते थे। ऐसे इंसान को अपनों से दूर चला जाना बेहद पीडा दायक है हम सभी ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान दें और उनके परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

उत्तर प्रदेश: यूपी बोर्ड परीक्षा के आवेदन में संशोधन की 12 नवंबर है अंतिम तिथि

आनंद कुमार/उत्तर प्रदेश: सोनभद्र जिले में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड की हाई स्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा के लिए फॉर्म भर चुके छात्रों के आवेदन में कोई गड़बड़ी होने पर उसे सुधारा जा सकेगा। इसके लिए प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिसका अंतिम तिथि 12 नवंबर तक निर्धारित किया गया है। डीआईओएस सोनभद्र जयराम सिंह के अनुसार यूपी बोर्ड की वेबसाइट खुल गई है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत केवल नाम में ही वर्तनी की त्रुटियों मे सुधार किया जा सकेगा। बोर्ड परीक्षा का फॉर्म भरते समय कभी- कभार नाम की वर्तनी में त्रुटि रह जाती है। परीक्षाफल निकलने के बाद उसे त्रुटि को संशोधित कराने के लिए छात्रों को बड़ी परेशानी झेलनी पड़ती है। आगे ऐसी, कोई समस्या न हो इसीलिए यह प्रक्रिया शुरू हुई, है। इस प्रक्रिया से संशोधन मे पूरा नाम नहीं बदला जा सकेगा।

उत्तर प्रदेश: चुनावो को लेकर 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की गयी



आनंद कुमार/उत्तर प्रदेश: समाजवादी पार्टी ने उत्तर प्रदेश के 9 विधानसभा मे होने वाले चुनाव को लेकर 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है। सबसे बड़ी आश्चर्य की बात यह है कि इसमें आजम खान का भी नाम शामिल है, जो अभी वे इन दिनों सीतापुर जेल मे बंद है। स्टार प्रचारक को की सूची में सबसे पहले अखिलेश यादव है.इसके बाद रामगोपाल और फिर आजम खान। समाजवादी पार्टी की स्टार प्रचारक में सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव , प्रोफेसर रामगोपाल यादव, आजम खान, सांसद डिंपल यादव, जया बच्चन, शिवपाल सिंह यादव, बाबू सिंह कुशवाहा,लालजी वर्मा, इंद्रजीत सरोज,माता प्रसाद, विशंभर प्रसाद निषाद, राम अचल राजभर, ओम प्रकाश, राम गोविंद चौधरी,राम आसरे विश्वकर्मा, रेखा वर्मा, त्रिभुवन दत्त,अतुल प्रधान, मिठाई लाल भारती सहित 40 लोगों का नाम जारी किया गया है।

लॉरेंस बिश्नोई असली गांधीवादी हैं, वह भाईचारे का कर रहा प्रतिनिधित्व

–साध्वी प्राची का विवादित बयान : लॉरेंस बिश्नोई को बताया मासूम बच्चा

मुजफ्फरनगर। महाराष्ट्र के एनसीपी के कद्दावर नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या और बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को धमकी देने वाले कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के प्रति हिंदूवादी नेता साध्वी प्राची ने एक अजीबोगरीब बयान दिय है। साध्वी प्राची ने कहा कि लॉरेंस बिश्नोई, जिसे उन्होंने मासूम बच्चा कहा है असली गांधीवादी है और भाईचारे का सही प्रतिनिधित्व कर रहा है। मीडिया से बातचीत में साध्वी प्राची ने कहा कि वह किसी अपराधी का समर्थन नहीं कर रही हैं। उन्होंने कहा कि बिश्नोई समाज प्रकृति और जीवों की पूजा करता है। गांधीजी भी जीवों के समर्थन में थे और लॉरेंस बिश्नोई भी प्रकृति और जीवों से प्रेम करता है। यही वजह है कि वह सलमान खान के खिलाफ बोल रहा है। साध्वी प्राची ने 19 अक्टूबर को मुजफ्फरनगर के बुढ़ाना क्षेत्र में मुस्लिम समुदाय के प्रदर्शन पर भी तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने आरोप लगाया कि मुजफ्फरनगर को दहलाने की साजिश रची जा रही है और कहा कि 19 अक्टूबर को भी यही साजिश की गई थी।

कर्नाटक में 101 दोषियों को उम्रकैद

कोप्पल । कर्नाटक की कोप्पल जिला अदालत ने गुरुवार को एक साथ 101 दोषियों को उम्रकैद का फैसला सुनाया। यह सामूहिक सजा देश में जाति से जुड़े किसी भी मामले में सबसे ज्यादा है। इन सभी को 28 अगस्त 2014 को गंगावती तालुक के मरकुंबी गांव में जाति आधारित हिंसा के लिए दोषी ठहराया गया था। हिंसा के दौरान 117 लोगों ने दलितों की झोपडियों में आग लगा दी थी। हालांकि 10 साल चली सुनवाई के दौरान 16 दोषियों की मौत हो गई। जस्टिस चंद्रशेखर सी ने इन पर 2000 से 5000 रुपए का जुर्माना भी लगाया है। दरअसल, कोप्पल में दलितों को नाई की दुकानों और खाने-पीने की दुकानों में जाने से रोक दिया गया था। इससे पहले दो जाति के गुटों में झड़प हुई। बाद में यह हिंसक हो गई।

रद्दी बेचकर 3 साल में 1162 करोड रुपए कमाए केंद्र सरकार ने

नई दिल्ली । स्वच्छता अभियान के तहत सरकारी कार्यालय में पड़ी रद्दी को बेचकर सरकार कमाई करती है। दूसरी ओर रद्दी के कारण कार्यालय की जो जगह उपयोग में नहीं आती है उसे उपयोग के लिए तैयार किया जाता है। पिछले 3 साल में केंद्र सरकार के कार्यालयों ने रद्दी बेचकर 98 लाख वर्ग फुट कार्यालय के स्पेस खाली किया गया। वही 2021 से लेकर 2023 के बीच में 1162 करोड रुपए की रद्दी से केंद्र सरकार के विभिन्न कार्यालय को कमाई भी हुई है। इस साल केंद्र सरकार ने दिवाली के मौके पर स्वच्छता अभियान चलाकर 100 करोड रुपए की रद्दी बेची है।दीपावली तक यह अभियान सघनता के साथ चलाया जाएगा। सरकारी कार्यालय में साफ सफाई और सुंदरता बनाए रखने के लिए यह अभियान पिछले कई वर्षों से चलाया जा रहा है।

एक्स प्रोफाइल पर लगाया दाऊद इब्राहिम का फोटो, युवक के खिलाफ मामला दर्ज

नई दिल्ली। एक व्यक्ति के खिलाफ सोशल मीडिया पर दाऊद इब्राहिम का फोटो लगाने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस मामले में पुलिस के उपनिरीक्षक की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस थाना के प्रभारी अमित भड़ाना ने बताया कि जब उपनिरीक्षक राहुल प्रताप सिंह गश्त पर थे तो उन्हें जानकारी मिली कि सेक्टर-9 के निवासी जुनैद उर्फ रिहान ने 'एक्स' पर अपने खाते पर दाऊद इब्राहिम की फोटो लगाई है। उन्होंने बताया कि इसको लेकर सोशल मीडिया पर लोगों ने विरोध दर्ज कराया। भड़ाना ने बताया कि आरोपी के खिलाफ सौहार्द बिगाड़ने के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

झारखंड में नक्सलियों एवं सुरक्षाकर्मियों के बीच मुठभेड़, तलाशी अभियान शुरु

पलामू। झारखंड के पलामू जिले में सुरक्षाकर्मियों और नक्सलियों के बीच गुरुवार रात मुठभेड़ हुई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर सुरक्षाकर्मियों ने छतरपुर थाना क्षेत्र में तरवाडीह के निकट जंगल में तलाशी अभियान शुरू किया। सुरक्षाकर्मियों को आते देख प्रतिबंधित टीएसपीसी के नक्सलियों ने उन पर गोलियां चलाना शुरु कर दी, जिस पर सुरक्षाकर्मियों ने जवाबी कार्रवाई की और फिर मुठभेड़ शुरू हो गई। पुलिस ने बताया कि मुठभेड़ करीब आधे घंटे तक चली, जिसके बाद नक्सली घने जंगल में भाग गए। इस मुठभेड़ में कोई हताहत नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि नक्सलियों की धरपकड़ के लिए सघन तलाशी अभियान जारी है। एसपी ने कहा कि राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जिले के प्रभावित इलाकों में नक्सल विरोधी अभियान चल रहा है।

लॉरेंस के भाई पर 10 लाख का इनाम

जालंधर। गैंगस्टर लॉरेंस के भाई अनमोल बिश्नोई पर नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने 10 लाख रुपए का इनाम रखा है। एजेंसी ने अनमोल पर 2022 में दर्ज 2 मामलों में चार्जशीट दाखिल की है। एनआईए की मोस्ट वांटेड लिस्ट में अनमोल का नाम भी शामिल है। बॉलीवुड एक्टर सलमान खान के घर पर फायरिंग की जिम्मेदारी अनमोल ने ली थी। इसके साथ पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला और बाबा सिद्दिकी की हत्या मामले में भी उसका नाम सामने आया है। मुंबई क्राइम ब्रांच के मुताबिक 3 संदिग्ध शूटरों ने मर्डर से पहले लॉरेंस के छोटे भाई अनमोल से बात की थी।

महाराष्ट्र में ऐसा फंसा पेच कि खुद अमित शाह खुद कर रहे हैं डील

– पांच 5 सीटों के लिए शिंदे, फडणवीस और पवार आए दिल्ली



नई दिल्ली (एजेंसी)। महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी के बीच सीट शेयरिंग को लेकर शुरुआती समझौता हो चुका है। अब तक तीनों दलों ने 255 सीटें आपस में बांट ली हैं और सबके खाते में 85-85 सीटें आई हैं। लेकिन अब तक भाजपा की लीडरशिप वाले महायुति ने किसी औपचारिक समझौते का ऐलान नहीं किया है। इस बीच होम मिनिस्टर अमित शाह खुद इस मामले को डील कर रहे हैं। उन्होंने हाल ही में महाराष्ट्र भाजपा के बड़े नेताओं को दिल्ली बुलाकर सीटों पर मंथन किया था। सीएम एकनाथ शिंदे, डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार के साथ अमित शाह ने कुल 25 सीटों को लेकर मंथन किया। खासतौर पर 5 सीटों को लेकर तीनों दलों के बीच खींचतान देखी जा रही है और कोई भी दावेदारी से पीछे हटता नहीं दिख रहा है। ऐसी स्थिति में अमित शाह खुद ही अजित पवार और एकनाथ शिंदे को समझौते के लिए राजी करने में जुटे हैं। शिवसेना और भाजपा के बीच पालघर, बोईसर और वसई सीट को लेकर खींचतान है। इसी तरह नालासोपारा सीट भी ऐसी है, जहां से दोनों दल लड़ना चाहते हैं। अजित पवार की एनसीपी और भाजपा के बीच वडगांव शहरी, अश्ती और तसगांव सीट पर भी खींचतान है। ऐसी कम से कम 5 सीटें हैं, जिन पर तीनों दल दावा नहीं छोड़ रहे। इसके अलावा कुछ उम्मीदवारों को लेकर भी तीनों दलों के बीच मतभेद हैं। भाजपा ने एनसीपी विधायक नवाब मलिक को टिकट देने का विरोध किया है। भाजपा का कहना था कि नवाब मलिक को टिकट नहीं मिलना चाहिए क्योंकि उनके खिलाफ ईडी ने केस दर्ज किया था और वह जेल भी गए थे। उन पर दाऊद इब्राहिम से लिंक होने का आरोप है। यही नहीं भाजपा के विरोध के बाद अजित पवार पीछे भी हट गए और नवाब मलिक को टिकट नहीं दिया गया। हालांकि भाजपा के विरोध के बीच अजित पवार ने एक नया रास्ता निकाला। नवाब मलिक की बेटी सना को अणुशक्ति नगर विधानसभा से टिकट दे दिया गया। महायुति के लिए एक चिंता की बात यह है कि छगन भुजबल के बेटे समीर ने शिवसेना विधायक सुहास कांडे के खिलाफ नांदगांव से लड़ने का ऐलान कर दिया है। महाराष्ट्र में पीएम नरेंद्र मोदी भी कई रैलियां करने वाले हैं। वह 7 से 14 नवंबर के दौरान सक्रिय रहेंगे। वह भाजपा के अलावा एनसीपी और शिवसेना के उम्मीदवारों के लिए भी वोट मांगेंगे। वहीं अमित शाह ने महाराष्ट्र भाजपा से कहा है कि बागियों को बिठा दें क्योंकि उनके जरिए बड़े नुकसान का डर रहेगा।

उत्तर प्रदेश: करंट की चपेट में आने से महिला की हुई मौत

कृष्ण कुमार यादव

उत्तर प्रदेश: सुल्तानपुर में शनिवार को करंट की चपेट में आने से महिला की मौत हो गई महिला के मौत से परिवार में कोहराम मच गया सीएचसी पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक महिला ग्राम प्रधान के चचेरे भाई की पत्नी थी। घटना कोतवाली लंभुआ क्षेत्र के शाहपुर हरिवंश गांव की है गांव निवासी संयोगिता यादव 28 ने शनिवार की सुबह प्रतिदिन की तरह बच्चों को स्कूल भेजा उसके बाद घर में काम काज में करने लग गई बताया जा रहा है, कि किसी काम के लिए घर के छत पर जा रही थी उसी समय करंट उतर रहे तार की चपेट में आ गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा हादसे के समय महिला घर पर अकेली थी। परिजन जब घर पर पहुंचे और उसे इस प्रकार जमीन पर गिरे हुए देखा, तो तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लंभुआ लेकर पहुंचे जहां पर चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया! परिजनों में घटना को लेकर कोहराम मच गया मृतिका का पति मुलायम यादव मजदूरी करता है। उसके तीन बच्चे सृष्टि 7 वर्ष साक्षी 5 वर्ष और विराट ढाई वर्ष के है। कोतवाली प्रभारी अखंड देव मिश्रा ने बताया शव को पोस्टमार्टम में भेज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है ।

उत्तर प्रदेश: रणधीर गौड़ रचित गीत शिवार्चना' पुस्तक का हुआ लोकार्पण

छत्र पाल

उत्तर प्रदेश: कवि गोष्ठी आयोजन समिति के तत्वावधान में रससिद्ध शायर पंडित देवी प्रसाद गौड़ ' मस्त ' जी की 111 वीं जयंती पर पुस्तक लोकार्पण, कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन स्थानीय स्टेडियम रोड स्थित खुशलोक सभागार में किया गया।

जिसके मुख्य अतिथि खुश्लोक अस्पताल के निदेशक डॉ. विनोद पागरानी एवं विशिष्ट अतिथिगण बाराबंकी से पधारे साहित्य भूषण प्रताप नारायण मिश्र, साहित्य भूषण सुरेश बाबू मिश्रा एवं सहारनपुर के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. विजेंद्र पाल शर्मा रहे। अध्यक्षता विनय सागर जायसवाल ने की। माँ शारदे एवं पंडित देवी प्रसाद गौड़ मस्त जी के चित्र पर माल्यार्पण से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार रणधीर प्रसाद गौड़ धीर रचित "लावनी गीत" पुस्तक एवं वरिष्ठ कवयित्री शिवरक्षा पांडेय रचित 'शिवार्चना का लोकार्पण अतिथियों द्वारा किया गया। साहित्य भूषण सुरेश बाबू मिश्रा ने "शिवार्चना" एवं साहित्यकार रामकृष्ण शर्मा ने "लावनी गीत" पुस्तक की सारगर्भित समीक्षा प्रस्तुत की ।

दिल्ली पुलिस को मिली बड़ी सफलता, लॉरेंस बिश्नोई गैंग के 7 शूटर्स को किया गिरफ्तार

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने शुक्रवार को पंजाब और आस-पास के राज्यों समेत देश भर के कई इलाकों से लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े सात शूटरों को गिरफ्तार किया। लॉरेंस बिश्नोई फिलहाल गुजरात के साबरमती की जेल में बंद है। वह पंजाबी गायक सिद्धू मूसे वाला की हत्या के मामले में मुख्य आरोपियों में से एक है। एडिशनल सीपी स्पेशल सेल प्रमोद कुमार कुशवाह ने बताया कि स्पेशल सेल की काउंटर इंटेलिजेंस टीम ने सात शूटरों को गिरफ्तार किया है। पहली गिरफ्तारी 23 अक्टूबर को दिल्ली से हुई थी, रितेश की गिरफ्तारी हुई थी। राजस्थान से सुखाराम नाम के शख्स को गिरफ्तार किया गया था। पंजाब के अबोहर और सिरसा से भी गिरफ्तारियां हुई हैं।

एडिशनल सीपी स्पेशल सेल ने आगे बताया कि वे राजस्थान में सुनील पहलवान नामक व्यक्ति की हत्या की योजना बना रहे थे। उन्होंने दो बार रेकी भी की। उनके पास से एक जीपीएस ट्रैकिंग डिवाइस भी बरामद की गई है। उन्हें आरजे बिश्नोई से सीधे निर्देश मिल रहे थे, जो स्वतंत्र रूप से



काम कर रहे हैं, लेकिन वे अतीत में लॉरेंस सिंडिकेट का हिस्सा रहे हैं। लक्ष्य के मामा राजनीतिक पृष्ठभूमि से हैं और उनका व्यवसाय भी है। इसका अभी तक बाबा सिद्दीकी हत्याकांड से कोई लेना-देना नहीं है।

इससे पहले दिन में एनआईए ने लॉरेंस के भाई अनमोल बिश्नोई की गिरफ्तारी में मदद करने वाली सूचना देने वाले को 10 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की थी। अनमोल पिछले अप्रैल में मुंबई में अभिनेता सलमान खान के आवास के बाहर हुई गोलीबारी की घटना में कथित संलिप्तता के लिए एनआईए की जांच के घेरे में है और उसे एजेंसी की मोस्ट वांटेड सूची में शामिल किया गया है। अनमोल द्वारा गोलीबारी की घटना की जिम्मेदारी लेने के बाद अप्रैल में उसके लिए लुकआउट सर्कुलर जारी किया गया था। लारेंस बिश्नोई, गैंगस्टर-आतंकवादी गठजोड़ का एक बेहतरीन उदाहरण है। खतरनाक गैंगस्टर-आतंकवादी गठजोड़ का हिस्सा बिश्नोई को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने कई हाई-प्रोफाइल मामलों में नामजद किया है, जिसमें प्रतिबंधित आतंकवादी समूह बब्बर खालसा इंटरनेशनल से उसके कथित संबंध और पाकिस्तान से हथियारों और गोला-बारूद की तस्करी में संलिप्तता शामिल है। 31 वर्षीय जेल में बंद गैंगस्टर पिछले हफ्ते महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और एनसीपी नेता 66 वर्षीय बाबा सिद्दीकी की हाई-प्रोफाइल हत्या का मामला है, जिसमें वह मुख्य संदिग्ध है। सिद्दीकी की मुंबई में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

बाबा सिद्दीकी के बेटे ने घड़ी पहनी तो अजित पवार दे दिया टिकट का तोहफा

मुंबई (एजेंसी)। वक्त बताने वाली घड़ी का वक्त महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने भांप लिया है। उन्होंने वक्त की नजाकत को देखते हुए दिवंगत एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी के बेटे जीशान सिद्दीकी को अपनी पार्टी में शामिल कर लिया है। जैसे ही जीशान ने घड़ी पहनी तो उन्हे बिना किसी देरी के विधानसभा चुनाव का टिकट का तोहफा दे दिया। हालांकि जीशान वर्तमान में बांद्रा पूर्व सीट से कांग्रेस के विधायक हैं और इस बार के चुनाव में एनसीपी के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। महा विकास अघाड़ी में शामिल शिवसेना (उद्धव ठाकरे) ने बांद्रा पूर्व से वरुण देसाई को टिकट दिया है। इसके अलावा इसके अलावा इस्लामपुर से निशिकांत पाटिल, तासगांव-कवठे महाकाल से संजयकाका रामचंद्र पाटिल, अणुशक्ती नगर से सना मलिक, वडगाव शेरी से सुनील टिंगरे, शिरुर से ज्ञानेश्वर (माउली) कटके और लोहा से प्रताप पाटिल

को टिकट दिया गया है।

बाबा सिद्दीकी के बेटे हैं जीशान

बता दें कि जीशान दिवंगत एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी के बेटे हैं। वह मुंबई युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और बांद्रा पूर्व विधानसभा सीट से विधायक हैं। उनके पिता बाबा सिद्दीकी की दशहरा की रात मुंबई के बांद्रा इलाके में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। क्राइम ब्रांच ने बाबा सिद्दीकी हत्या मामले में अब तक 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें दो शूटर और हथियार सप्लायर भी शामिल हैं।

महाराष्ट्र में 20 नवंबर को होगा चुनाव

महाराष्ट्र की 288 विधानसभा सीटों के लिए 20 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। नतीजे 23 नवंबर को घोषित किए जाएंगे। पिछले चुनाव में बीजेपी को 105, शिवसेना को 56, एनसीपी को 54 और कांग्रेस को 44 सीटें मिली थीं। हालांकि, चुनाव के बाद शिवसेना एनडीए से अलग हो गई और उसने एनसीपी-कांग्रेस के साथ मिलकर सरकार बना ली। शिवसेना के उद्धव ठाकरे मुख्यमंत्री बने। जून 2022 में शिवसेना में आंतरिक कलह हो गई। इसके बाद एकनाथ शिंदे ने पार्टी के 40 विधायकों को तोड़ दिया। एकनाथ शिंदे बीजेपी के समर्थन से मुख्यमंत्री बन गए। अब शिवसेना दो गुटों में बंट चुकी है। शरद पवार की एनसीपी भी दो गुट- शरद पवार और अजित पवार में बंट गई है।

ज्ञानवापी के पूरे परिसर का नहीं होगा अतिरिक्त एएसआई सर्वे, हिंदू पक्ष की याचिका को कोर्ट ने किया खारिज

नई दिल्ली (एजेंसी)। वाराणसी कोर्ट ने ज्ञानवापी परिसर में अतिरिक्त एएसआई सर्वेक्षण के लिए हिंदू पक्ष की याचिका खारिज कर दी। हिंदू पक्ष के वकील विजय शंकर रस्तोगी ने कहा कि न्यायालय ने संपूर्ण ज्ञानवापी क्षेत्र के संरक्षण के लिए एएसआई द्वारा अतिरिक्त सर्वेक्षण के हमारे आवेदन को खारिज कर दिया है। हम इस निर्णय के खिलाफ 30 दिन के अंदर उच्च न्यायालय जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह निर्णय नियमों और तथ्यों के विरुद्ध है। मैं इससे व्यथित हूँ और इसे ऊपरी अदालत में जाकर चुनौती दूँगा।

रस्तोगी ने दावा किया कि 8.4.2021 के आदेश के अनुसार सर्वेक्षण के लिए एएसआई को 5 सदस्यीय समिति नियुक्त करनी थी, जिसमें एक व्यक्ति अल्पसंख्यक समुदाय का और एक केंद्रीय विश्वविद्यालय का विशेषज्ञ होता। इन सभी को एएसआई सर्वेक्षण करना था। पिछला सर्वेक्षण

एएसआई ने ही किया था। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय ने पुष्टि की थी कि सर्वेक्षण उस आदेश (8.4.2021) के अनुपालन में नहीं था। हम तत्काल आधार पर उच्च न्यायालय जाएँगे।

हिंदू पक्ष के वकील सुभाष नंदन चतुर्वेदी ने कहा कि सिविल कोर्ट ने खारिज कर दिया है और ऑर्डर भी आ गया है। हम इस ऑर्डर के खिलाफ रिवीजन के लिए डिस्ट्रिक्ट कोर्ट जाएंगे। लगभग सभी इलाकों का एएसआई सर्वे पूरा हो चुका है लेकिन कुछ जगहों पर सर्वे बाकी है जहां मशीनें नहीं पहुंच पाईं। इसलिए अतिरिक्त सर्वे की मांग की गई थी। हम सिविल कोर्ट जाएंगे और सफल होंगे। सर्वे होगा... हम सुनिश्चित करेंगे कि मंदिर परिसर के हर इंच का सर्वे हो। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि यह कोई झटका नहीं है... हमने सारे सबूत पहले ही पेश कर दिए हैं... डिस्ट्रिक्ट कोर्ट है, हाई कोर्ट है, सारे रास्ते अभी खुले हैं।

शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद राम मंदिर में सांई की मूर्ति देख गौ ध्वज कार्यक्रम किया रद्द

शिमला। हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने राम मंदिर में गौ ध्वज की स्थापना कार्यक्रम रद्द कर सभी को हैरानी में डाल दिया है। इसकी वजह राम मंदिर में साईं बाबा की मूर्ति का होना बताया जा रहा है। शंकराचार्य ने इसके विरोध में राम मंदिर में महायज्ञ में भाग लेने से इनकार कर दिया और अपने कार्यक्रम को जाखू मंदिर में स्थानांतरित कर वहां गौ ध्वज की स्थापित की। अविमुक्तेश्वरानंद का शिमला दौरा गौ ध्वज की स्थापना और महायज्ञ के लिए था, लेकिन राम मंदिर में साईं बाबा की मूर्ति को देख उन्होंने कार्यक्रम का बहिष्कार किया। शंकराचार्य के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी के मुताबिक राम मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों से साईं बाबा की मूर्ति को हटाने का अनुरोध किया गया था, लेकिन जब मूर्ति नहीं हटाई, तो शंकराचार्य ने वहां जाने से इनकार कर दिया। इसके बाद शंकराचार्य जाखू मंदिर गए जहां उन्होंने गौ ध्वज फहराया और अपने संदेश में कहा कि हिंदू धर्म में पहले से ही 33 करोड़ देवी-देवता हैं और किसी अन्य धर्म के व्यक्ति की मूर्ति का कोई स्थान नहीं है। शंकराचार्य का मानना है कि साईं बाबा की मूर्ति वाले मंदिरों में पूजा नहीं की जानी चाहिए। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद गौ हत्या रोकने और गाय को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने के लिए देशभर में जागरूकता फैला रहे हैं। इसी अभियान के तहत उन्होंने शिमला में गौ ध्वज की स्थापना की।

दिल्ली में सत्ता हासिल करने को बेताब भाजपा : केजरीवाल

नई दिल्ली। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा हर संभव तरीके से दिल्ली में सत्ता हासिल करना चाहती है, ताकि आम आदमी पार्टी (आप) सरकार द्वारा पिछले एक दशक में किए गए कामों को खत्म किया जा सके। केजरीवाल ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए दिया, जहां उन्होंने भाजपा के इरादों की आलोचना की। उन्होंने कहा कि भाजपा मुफ्त बिजली, पानी, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी योजनाओं को रोकना चाहती है, जो आप सरकार ने आप सभी के लिए लागू की हैं। केजरीवाल ने चेतावनी देकर कहा कि यदि भाजपा सत्ता में आई, तब दिल्ली में बिजली की कटौती की स्थिति उत्पन्न हो सकती है, जैसे कि उत्तर प्रदेश और हरियाणा में है। केजरीवाल का यह बयान अगले साल फरवरी में होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनावों की पृष्ठभूमि में आया है, जिसमें आप ने अपनी उपलब्धियों को दर्शाने की कोशिश की है। भाजपा की तरफ से इस मुद्दे पर तुरंत कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

उमर सरकार बनाते ही आंतकियों के हौसले बुलंद, 15 दिनों में 19 लोग मारे जा चुके

श्रीनगर (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर में उमर अब्दुल्ला की नई सरकार बनने के साथ ही आतंकी घटनाएं बढ़ गई है। बीते 15 दिनों में आतंकी हमलों में करीब 19 लोग मारे जा चुके हैं। 24 अक्टूबर को हुए गुलमर्ग हमले में दो आर्मी पोर्टर और दो जवान शहीद हो गए, जबकि हालात पर सेना की बढ़ी हुई निगरानी के बावजूद आतंकियों का सेना तक पहुंचना चिंताजनक है।

बीते कुछ हफ्तों में कई आतंकी हमले हो चुके हैं। 20 अक्टूबर को गांदरबल जिले के एक सुरंग निर्माण स्थल पर आतंकियों ने हमला कर 6 बाहरी मजदूरों और एक लोकल डॉक्टर की हत्या कर दी। इसके पहले भी 18 अक्टूबर को शोपियां में एक मजदूर को मार दिया था। इन बढ़ती वारदातों के बीच, एलजी मनोज सिन्हा ने सुरक्षा बलों को सख्त कदम उठाने और पुलिस एवं सेना को मिलकर अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं, लेकिन स्थिति पर नियंत्रण पाना अभी भी चुनौती बनी हुई है।

सुरक्षा बलों ने बारामूला, पुंछ, शोपियां, गांदरबल और अन्य संवेदनशील इलाकों में सर्च ऑपरेशन और सुरक्षा बढ़ा दी है। बीते दिनों एक लापता सैनिक का शव भी अनंतनाग से मिला था, जिसकी पहचान हिलाल अहमद भट के रूप में हुई थी। इस घटना ने भी सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ाई है। उधर मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात कर जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग की। वहीं भाजपा के एक नेता ने सुरक्षा हालात सुधरने तक राज्य का दर्जा न देने का संकेत दिया है। माना जा रहा है कि शांति पूर्ण चुनाव और सरकार गठन से पाकिस्तान में स्थित आतंकी संगठन बौखला गए हैं, इससे क्षेत्र में हमलों की घटनाएं बढ़ रही हैं।

संपादकीय

ब्रिक्स की सामूहिक ताकत

ब्रिक्स का 16वां शिखर सम्मेलन कई मायनों में सफल रहा। समूह के नेतृत्व और उनके मकसद भी सार्थक रहे। अब ब्रिक्स 10 सदस्य देशों का समूह हो गया है, क्योंकि ईरान, मिस्त्र, इथियोपिया, संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब को नई सदस्यता दी गई है। करीब 30-35 अन्य देश भी ब्रिक्स से जुड?ा चाहते हैं, जिनमें पाकिस्तान भी उतावला है, लेकिन भारत ने उसकी संभावनाओं को खारिज करवा दिया है। यदि जी-7 पश्चिमी देशों का समूह है, तो ब्रिक्स 'ग्लोबल साउथ' का प्रतिनिधित्व करता है। पश्चिम और यूरोप की वर्चस्ववादी सत्ता के समानांतर अब ब्रिक्स की ताकतवर उपस्थिति भी है, लेकिन वह 'पश्चिम-विरोधी' नहीं है। ब्रिक्स नेतृत्व ने स्पष्ट किया है कि ब्रिक्स 'गैर-पश्चिम' समूह है, जिसमें करीब 450 अरब डॉलर की कुल अर्थव्यवस्था वाले देश हैं। दुनिया की करीब 45 फीसदी आबादी ब्रिक्स के दायरे में है, लिहाजा अब इसकी सामूहिक ताकत को समझा जा सकता है। जी-7 और ब्रिक्स के कुछ सदस्य जी-20 में भी शामिल हैं, लिहाजा ये समूह परस्पर सहयोगी हो सकते हैं, दुश्मन नहीं हो सकते। रूस में सम्पन्न ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का बुनियादी थीम था- वैश्विक विकास और सुरक्षा के लिए 'बहुपक्षीयवाद' को मजबूत करना। प्रधानमंत्री मोदी ने भी यह मुद्दा बार-बार उठाया और ब्रिक्स के विस्तार का भी आग्रह किया। रूस के ही एक गणराज्य की राजधानी कजान में ब्रिक्स का सम्मेलन कामयाब रहा, यह अपने आप में महत्वपूर्ण निष्कर्ष है। रूस यूक्रेन के साथ युद्ध में संलिप्त है, फिर भी वहां कोई अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन करना वाकई आश्चर्यजनक है। बहरहाल कजान सम्मेलन के बाद जो साझा घोषणापत्र जारी किया गया, उसमें कुछ मुद्दे पश्चिमी देशों की 'दादागीरी' के खिलाफ हैं और उनके चरित्र को भी चुनौती देते हैं। मसलन, अमरीका ने अकेले रूस पर करीब 20, 000 प्रतिबंध थोप रखे हैं। ईरान पर भी पाबंदियां हैं। ब्रिक्स ने ऐसी आर्थिक, व्यापारिक और जबरन पाबंदियों को नकारा है। प्रधानमंत्री मोदी ने आतंकवाद पर, कुछ बड़े देशों के, दोहरे रवैये की भत्र्सना की है। उन्होंने किसी का भी नाम नहीं लिया, लेकिन दुनिया उन्हें जानती है। ब्रिक्स घोषणापत्र में आतंकवाद को भी शामिल किया गया है और साझी लड़ाई का आह्वान भी किया गया है, लेकिन आतंकवाद पर ही ब्रिक्स के कुछ देशों में, द्विपक्षीय स्तर पर, विरोधाभास भी हैं। सामूहिक स्तर पर उन्हें बेमानी माना गया है। संयुक्त राष्ट्र और सुरक्षा परिषद में व्यापक सुधार को भी मुख्य मुद्दा मान कर कजान घोषणापत्र में उल्लेख किया गया है। ब्रिक्स शुरूआत में आर्थिक और कारोबारी समन्वय के मुद्दों तक ही विमर्श करता था, लेकिन कजान सम्मेलन के दौरान इजरायल के हमलावर व्यवहार की निंदा और गाजा-पट्टी में उसके किए गए हमलों की भत्र्सना की गई है।

बेफिक्र रहिये ! न कोई कटेगा और न कोई बटेगा

> दुनिया जानती है कि संघ जिस की बेल है उससे अमृतफल तो नहीं निकल सकते। संघ के भावी मुखिया दत्तात्रेय होसबाले ने उत्तर प्रदेश के मथुरा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की वार्षिक बैठक के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बंटेंगे तो कटेंगे वाले बयान का समर्थन किया, उन्होंने कहा कि हमें इसे आचरण में लाना चाहिए. यह हिंदू एकता और लोक कल्याण के लिए जरूरी है.। दत्तात्रेय होसबाले अभी आरएसएस के सरकार्यवाह हैं उन्हें सरसंघ चालक बनने से पहले वो सब करना और कहना पडेगा जो न सिर्फ अनिवार्य है बल्कि अपरिहार्य भी है।

-राकेश अचल-

आखिर होसबोले भी वो ही बोले जो उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पिछले कई महीनों से लगातार बोलते आ रहे हैं। दोनों की बोली और शब्दों का स्वरूप एक ही है। दोनों देश के बहुसंख्यकों को भयभीत कर रहे हैं कि यदि बँटोगे तो कटोगे। दोनों के निशाने पर देश के वे अल्पसंख्यक हैं जिन्हें आरएसएस आजादी के 77 साल बाद भी भारत का नागरिक नहीं मानता। आरएसएस और महंत योगी आदित्यनाथ के बोल एक संप्रभु, विविधवर्णी देश कि जड़ों में मठा डाल रहे हैं।

मै उन लोगों में से नहीं हूँ जो आरएसएस को आतांकवादी संगठन मानते हैं। मै आरएसएस को राष्ट्रद्रोह संगठन भी नहीं कहता, लेकिन मेरे मानने और कहने से कुछ नहीं होता क्योंकि आरएसएस जो है वो खुद प्रमाणित कर रहा है, और तब कर रहा है जब इस विशिष्ट देश ने आरएसएस को 99 साल तक अपनी कोख में पाला पोसा है। ये संघ का शताब्दी वर्ष है। देश ने कभी नहीं कहा कि आरएसएस को भारत में नहीं होना चाहिए। लेकिन आरएसएस है जो न सिर्फ खुद बल्कि अपनी दत्तक संतानों से भी यही कहला रही है कि इस देश को कांग्रेस विहीन होना चाहिए।

दुनिया जानती है कि संघ जिस की बेल है उससे अमृतफल तो नहीं निकल सकते। संघ के भावी मुखिया दत्तात्रेय होसबाले ने उत्तर प्रदेश के मथुरा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की वार्षिक बैठक के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बंटेंगे तो कटेंगे वाले बयान का समर्थन किया, उन्होंने कहा कि हमें इसे आचरण में लाना चाहिए. यह हिंदू एकता और लोक कल्याण के लिए जरूरी है.। दत्तात्रेय होसबाले अभी आरएसएस के सरकार्यवाह हैं उन्हें सरसंघ चालक बनने से पहले वो सब करना और कहना पडेगा जो न सिर्फ अनिवार्य है बल्कि अपरिहार्य भी है।

दुर्भाग्य की बात ये है कि संघ और संघ का दत्तक पुत्र भाजपा एक विचार है, ऐसा विचार जो न सामयिक है और न आवश्यक। संघ और भाजपा का व्यवहार दुनिया में रूढ़ियों से घिरे तालिबानियों से बहुत कुछ मेल खाता है। संघ देश कि विविधता में यकीन करता ही नहीं है, संघ हिन्दुओं कि श्रेष्ठता में न सिर्फ यकीन करता है बल्कि उसे बहुसंख्यक हिन्दुओं के मन-मस्तिष्क में अंगद के पैर की तरह जमा देना चाहता है। दुर्भाग ये कि संघ को लगभग एक सदी में भी इस योजना में कामयाबी नहीं मिली। मुझे लगता है कि इस अभियान को साकार करने के लिए संघ को सात जन्म तो लेना ही पड़ेंगे।

होसबाले 2021 से सरकार्यवाह के रूप में कार्यरत हैं, वे 2024 से 2027 तक अपने इस पद पर रहने वाले हैं दत्तात्रेय होसबाले और योगी आदित्यनाथ में और कोई समानता हो या न हो लेकिन एक समानता ये है कि ये दोनों यदुवंशी हैं। दोनों अविवाहित हैं और दोनों बाल्य-काल से एक खास तरह की दीक्षा से गुजरे हैं जो कोसों तक भारत की राजनीति से मेल नहीं खाती। होसबोले 56 साल से संघ के साथ हैं और आजीवन रहने वाले हैं। उनका एकमेव लक्ष्य वही है जो 1925 में श्रीमंत केशव वलीराम हेडगवार साहब ने तय किया था। उनका लक्ष्य तो सौ साल में भी पूरा नहीं हुआ लेकिन इस देश को आजाद करने का जो लक्ष्य महात्मा गाँधी ने 81 साल पहले तय किया था वो न सिर्फ फलीभूत हो चुका है बल्कि पल्लिवत -पुष्पित भी हो रहा है।

जैसा कि मैंने पहले ही कहा कि मै संघ का और समस्त संघमित्रों का बहुत सम्मान करता हूँ। सम्मान इसलिए कि वे बहुत त्यागी होते है। सादगी पसंद होते हैं। उन्होंने सादगी हेडगेवार से नहीं बल्कि शायद महात्मा गाँधी से सीखी है। देश और दुनिया ने गांधी की सादगी को तो अंगीकार कर लिया किन्तु हेडगेवार साहब के हिन्दू राष्ट्र को स्वीकार नहीं किया। यदि किया होता तो ये देश 1947 में ही हिन्दू राष्ट्र बन जाता। हिन्दू राष्ट्र बनकर नेपाल ने देख लिया है। इस्लामिक राष्ट्र बनकर पाकिस्तान ने भी देख लिया है। इन्हें क्या हासिल हुआ ये बताना जरूरी नहीं है। चिंता की बात ये है कि संघ तमाम हकीकत जानते हुए भी हार मानने के लिए तैयार नहीं है।

हमारे बुंदेलखंड में होंस को उत्साह या गर्व कहते हैं और होंस से बोलने वालों को गवीर्ला मना जाता है किन्तु दत्तात्रय जी जो बोल रहे हैं उसमें गर्वोक्ति बिलकुल नहीं है केवल दम्भ है दम्भ। इस दम्भ से देश कि गंगा-जमुनी संस्कृति तबाह हो रही है। संघ और सभी संघमित्र गंगा-जमुनी संस्कृति में यकीन करते ही नहीं हैं। उन्हें लगता है कि संस्कृति मुगलों कि देन है और इसका वसुधैव कुटुंबकम से कोई मेल नहीं है, कोई बराबरी नहीं है। जबकि हकीकत कुछ और है। इस हकीकत को न संघ समझना चाहता है और न हमारी भाजपा। समझे तो आखिर कैसे समझे? उसे तो देश को हिन्दू राष्ट्र बनाना है।

देश हिन्दू राष्ट्र बने तो मुझे भी क्या आपत्ति हो सकती है लेकिन हमारा तजुर्बा बता रहा है कि अब बहुत देर हो चुकी है। देश जो राष्ट्र बन चुका है उसे अब बिगाड़ा नहीं जा सकता। नया देश बनाने के लिए बहुत लम्बी लड़ाई लड़ना पड़ती है। महात्मा गाँधी के नेतृत्व में देश कि जनता ने ये लड़ाई लड़ी है, लड़ी ही नहीं उसे जीता भी है। इस जीत में संघ का कितना योगदान है ये दुनिया जानती है और संघ भी। अब लगता है कि संघ 1947 से पहले कि गयी अपनी भूल सुधार करने कि कोशिश करना चाहता है। देश को एक बार फिर से नया नाम देना चाहता है। और इसी के लिए बँटोगे तो कटोगे का नारा दिया गया है। महात्मा गाँधी ने देश को करो या मरो का नारा दिया था और होसबोले देश को बँटोगे तो कटोगे का नारा दे रहे हैं।

आपको याद रखना होगा कि महात्मा गाँधी भी राम भक्त थे और संघमित्र दत्तरी होसबोले भी राम भक्त है। पूरा संघ रामभक्त है। पूरी भाजपा रामभक्त है लेकिन पूरा देश रामभक्त नहीं है। राम का सम्मान सब करते हैं। उन्हें देवता भी मानते हैं। मुसलमान भी उन्हें इमामे-हिन्द कहते हैं। यहां राम को मानने वाले भी हैं और न मानने वाले भी, लेकिन सब हैं भारतीय। और ऐसे भारतीय जिनका जन्म दत्तात्रय होसबोले से पहले हुआ था। उन्हें भारतीयता का प्रमाणपत्र न संघ से चाहिए और न होसबोले से। उनका आधारकार्ड ही उनके भारतीय होने का प्रमाण है। और संयोग से ये प्रमाणपत्र संघ कार्यालय से नहीं भारत सरकार के कार्यालय से जारी होता है।

मुझे हैरानी तो ये है कि डॉ मोहन भागवत हों या माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी भी इस हकीकत को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं हैं, उलटे बार-बार इस हकीकत को ठुकराना चाहते हैं। इन सभी महनुभवों ने देश कि जनता के एक बड़े वर्ग के मन में भय पैदाकरने कि कोशिश की, लेकिन जब ये कोशिश भी असरकारी साबित नहीं हुई तो सबका साथ, सबका विकास से शुरू होकर अब बँटोगे तो कटोगे तक आ पहुंचे हैं। संघ और भाजपा जबरन हिन्दुओं के ठेकेदार बन गए है। जब संघ और भाजपा नहीं थी तब भी इस देश में हिन्दू थे, हिंदुत्व था। हमारे संघमित्र शायद नहीं जानते कि भारत पर आर्यों ने, फारसियों ने, अलेक्जेंडर ने सेल्यूकस ने, यवनों ने, हूणों ने, अरबों ने मुगलों ने और अंग्रेजों ने हमला किया, शासन किया लेकिन हिन्दू तब भी थे और आज भी हैं।

महाराष्ट्र में कांग्रेस की उदारता भाजपा के लिए चिंता का विषय

-दिलीप कुमार पाठक-

महाराष्ट्र में 288 सीटों पर 20 नवंबर को विधानसभा चुनाव होना है। महायुति में सीटों के बंटवारे पर सहयोगी दलों के साथ सहमति पहले ही बन चुकी है। अब महा विकास अघाड़ी की बारी है। हालाँकि महा विकास आघाडी ने 85-85-85 सीटों का फामूर्ला निकाला था, बांकी बची हुई सीटों पर कांग्रेस लड़ना चाहती है, लेकिन उद्धव ठाकरे कांग्रेस को पूरी सीटें देना नहीं चाहते। वक़्त कोई भी हो सहयोगी दलों के साथ सीटों का बंटवारा बिल्कुल भी आसान नहीं होता। राजनीति पल-पल बदलती है, खासकर राजनीति नम्बरों पर ही टिकी हुई होती है। हरियाणा की जीती हुई बाजी हारने के बाद कांग्रेस को महाराष्ट्र में बेहद कम सीटों पर संतुष्ट होना पड़ रहा है। जबकि महाराष्ट्र में भी कांग्रेस खासी मजबूत स्थिति में है। जिस महाराष्ट्र में कभी कांग्रेस अपने दम पर सरकार चलाती थी, अब स्थिति ऐसी हो गई है कि गठबंधन के सहारे चलना कांग्रेस की मजबूरी बन गई है। पिछले कई चुनावों में शरद पवार के साथ मिलकर कांग्रेस लड़ती रही है, जबकि अब तो शरद पवार-और कांग्रेस के साथ उद्धव ठाकरे भी आ गए हैं। हालाँकि ज़्यादा मजबूत सहयोगियों के साथ अपनी महत्वाकांक्षाओं को सीमित करना ही पड़ता है। यही गठबंधन धर्म है जो कांग्रेस निभाती हुई दिख रही है। जो तात्कालिक हरियाणा हार की कीमत है जो महाराष्ट्र में चुकानी पड़ रही है। यही कीमत है जो हर बार कांग्रेस चुकाती है सिर्फ.और सिर्फ. अपने क्षेत्रीय नेताओ के कारण जो खुद ही सबकुछ हासिल करना चाहते हैं।

कहाँ तो कांग्रेस हरियाणा विधानसभा चुनाव में जीतकर महाराष्ट्र के महा विकास आघाडी में बड़े भाई की भूमिका चाहती थी, लेकिन अब ऐसा होता नहीं दिख रहा। हरियाणा हार-जाने के बाद कांग्रेस को भाजपा से सीधी टक्कर में बेहद कमजोर माना जा रहा है, कांग्रेस हरियाणा में भाजपा से सीधे टक्कर में थी यही कारण है कि हरियाणा हारने के बाद कांग्रेस को निधाना बनाया गया है। यही कारण है ये भी है कि शरद पवार-संजय राउत कांग्रेस के साथ अच्छी खासी बार्गेनिंग करके फायदा उठा रहे हैं। जबकि कांग्रेस की उदारवादी सोच भाजपा के लिए चिंता का सबब बनी हुई है। हालाँकि कांग्रेस विधानसभा चुनाव में लोकसभा वाला शानदार प्रदर्शन नहीं दोहरा पा रही है। हरियाणा इसका एक बड़ा उदाहरण है, जहां पर जीती हुई बाजी पार्टी ने गंवाई है। अगर महाराष्ट्र की बात करें तो कांग्रेस ने 2024 के लोकसभा चुनाव में 16 सीटों पर चुनाव लड़ा जिसमें बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 13 सीटें जीती हैं, यहां भी 11 सीटों पर उसने बीजेपी प्रत्याशी को मात दी थी। अतः अब संदेश देने का प्रयास हो रहा है कि बीजेपी को हराने में सिर्फ कांग्रेस सक्षम है। ऐसे में पार्टी को अगर फिर महाराष्ट्र में अपनी स्थिति मजबूत करनी है उसे हर कीमत पर अपने पारंपारिक वोटबैंक को मजबूत करना होगा। यानी कि पार्टी को दलित, मुस्लिम और आदिवासी वोटरों को अपने पाले में लाने के लिए भरपूर कोशिश करनी चाहिए। जिस तरह से इस बार के लोकसभा चुनाव ने मराठवाड़ा के मराठा आंदोलन ने कांग्रेस के पक्ष में हवा बनाई, फिर कुछ वैसा ही कमाल पार्टी को करना पड़ेगा। स्थानीय मुद्दों को आगे लेकर चलना होगा।

महाराष्ट्र में 85 सीटों पर लड़ने वाली कांग्रेस महाराष्ट्र में अपना सीएम नहीं बना पाएगी, अब तो यही लग रहा है। चूंकि पिछली बार कुछ ऐसी परिस्थितियां बनी कि सीएम पद तो उद्धव ठाकरे को दे दिया गया था क्योंकि समय की डिमांड कुछ ऐसी ही थी। अब जाहिर है कि कांग्रेस इस बार महाराष्ट्र में बड़े भाई की भूमिका में नहीं है, यही कारण है कि कांग्रेस महाराष्ट्र में वैसी नहीं दिख रही जैसी कांग्रेस कभी होती थी। महाराष्ट्र में भाजपा-कांग्रेस दोनों एक दूसरे को रोकने के लिए अपनी महत्वाकांक्षाओं की बलि दे रहीं हैं, जहां बेहद कम सीटों वाले शिंदे को भाजपा ने सीएम बना दिया था। जबकि कांग्रेस ने अपने सिद्धांतो से समझौता करते हुए उद्धव ठाकरे को सीएम बना दिया था। देखा जाए तो हर राज्य का चुनाव दूसरे राज्यों से अलग होता है, सभी के मुद्दे अलग होते हैं। भाजपा महाराष्ट्र को हरियाणा की तरह जीतना चाहती है, जबकि महाराष्ट्र एवं हरियाणा में कुछ फर्क. हैं जो कांग्रेस के लिए राहत की बात हैं। दरअसल कांग्रेस पार्टी हर बार आपसी खींचतान अंदरुनी कलह, गुटबाजी में अव्वल रही है, कांग्रेस में अनुशासन की भारी कमी दिखती रही है, जबकि भाजपा अपनी अंदरुनी मामलों को पहले ही निपटा लेती है। कांग्रेस की अंदरुनी कलह भाजपा के लिए हमेशा फायदे का सबब होती रही है। हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश इसके ताजा उदाहरण हैं।

हालाँकि कांग्रेस के लिए महाराष्ट्र में एक राहत की बात यह जरूर है कि महाराष्ट्र में कांग्रेस किसी एक लोकल नेता पर निर्भर नहीं है। जैसे राजस्थान में अशोक गहलोत और सचिन पायलट को लेकर विवाद था, हरियाणा में हुड्डा बनाम शैलजा की जंग थी। एमपी में कमलनाथ की मनमानी थी। लेकिन महाराष्ट्र में तो उसके अलग-अलग इलाकों में अलग स्थानीय नेता सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। ऐसे में महत्वकांक्षा या सत्ता की वो रस्साकशी यहां देखने को नहीं मिलने वाली। उदाहरण के लिए लातूर में अमित देशमुख, गढ़चिरौली और चंद्रपुर में विजय वडेट्टीवार, भंडारा में नाना पटोले अपनी उपस्थिति दर्ज करवाते हैं, महाराष्ट्र में कांग्रेस नेताओ की अंदरुनी कलह जैसी कोई स्थिति नहीं है जबकि अभी सीएम बनने-बनाने की बात अभी दूर की बात है क्योंकि अभी महा विकास आघाडी चुनाव लड़ने पर फोकस करना चाहेगी। महाराष्ट्र में कांग्रेस पार्टी का अपने नेताओं पर अंकुश पार्टी के लिए एक अच्छा संकेत है जबकि भाजपा के लिए एक चिंता का विषय बना हुआ है, क्योंकि भाजपा के लिए जीत की राहें यहीं से बनना शुरू होती हैं।

आत्मनिर्भरता की ओर किशोरियों का पहला कदम

-तानिया आर्या-

"मैं बीए में पढ़ रही हूं. मैं पढ़ लिख कर आत्मनिर्भर बनना चाहती हूं, लेकिन मुझे ये नहीं पता था कि आगे भविष्य में क्या करना है? मैंने सुना है कि आज के युग में कंप्यूटर के ज्ञान के बिना भविष्य नहीं है. नौकरी मिलना संभव नहीं है. लेकिन मेरे पास इसे सीखने की कोई सुविधा नहीं थी. इस दूर दराज गांव में किसी के पास कंप्यूटर भी नहीं है. मुझे ऐसा लग रहा था कि शायद मैं कभी इसे नहीं सीख पाउंगी. लेकिन जब हमारे गांव में चरखा संस्था द्वारा 'दिशा ग्रह' नाम से कंप्यूटर सेंटर खोला गया तो मेरे अंदर एक उम्मीद जगी कि मैं भी इस आधुनिक तकनीक को सीख कर आत्मनिर्भर बनने का सपना पूरा कर सकती हूं. जब मुझे पता चला कि संस्था द्वारा इसे फ्री में गांव की लड़कियों को सिखाया जायेगा तो मुझे बहुत अच्छा लगा. संस्था की मदद से आज मैं कंप्यूटर चलाने में दक्ष हूं. अब मेरे अंदर एक अलग सा आत्मविश्वास जाग चुका है." यह कहना चौरसो गांव की 18 वर्षीय किशोरी श्वेता का. जो गांव में ही रहकर पढ़ाई के साथ साथ कंप्यूटर जैसी तकनीक में भी महारत हासिल कर रही है. श्वेता जैसी चौरसो की कई अन्य किशोरियां भी हैं जिन्होंने दिशा ग्रह से जुड़कर अपने भविष्य को संवार रही हैं.

पहाड़ी राज्य उत्तराखंड के बागेश्वर जिला से 30 किमी और गरुड़ ब्लॉक से करीब 8 किमी दूर छोटे से गांव चौरसो की किशोरियां इस समय न केवल आत्मनिर्भर बनने का सपना देख रही हैं बल्कि उसे पूरा करने की जद्दोजहद में भी लगी हुई हैं. पंचायत में दर्ज आंकड़ों के अनुसार इस गांव की आबादी लगभग 3000 है और साक्षरता दर 90 प्रतिशत के करीब है. जिसमें महिलाओं की साक्षरता दर करीब 45 प्रतिशत है. इस गांव में शिक्षा का स्तर तो संतोषजनक है लेकिन कंप्यूटर जैसी तकनीक के मामले में यह गांव काफी पीछे था. लेकिन दिशा प्रोजेक्ट शुरू होने के बाद से इस गांव की किशोरियों के लिए कंप्यूटर तक पहुंच आसान बन गई है. 19 वर्षीय पायल कहती है कि 'जब से गांव में कंप्यूटर सेंटर खुला है मैं अपना अधिक से अधिक समय इस सेंटर पर देती हूं ताकि भविष्य में मुझे किसी प्रकार की कोई कठिनाई न हो.' वह कहती है कि आत्मनिर्भर होना बहुत जरूरी है. वर्तमान में कंप्यूटर के ज्ञान के बिना कुछ भी संभव नहीं है. वहीं नेहा बताती है कि 'जब मैंने पहली बार सेंटर पर कंप्यूटर चलाया तो मुझ में यह विश्वास जगा कि मैं भी जीवन में सफल हो सकती हूं. नौकरी कर आत्मनिर्भर बन सकती हूं. अब मैं पढ़ाई के साथ साथ हर सप्ताह कंप्यूटर सीखने दिशा ग्रह सेंटर जाती हूं. हमेशा मुझे वहां कुछ नया सीखने को मिलता है. अब मुझे लगता है मैं भी अपनी ज़िंदगी में कुछ कर सकती हूं.'

वहीं एक अन्य किशोरी लक्ष्मी कहती है कि 'संस्था द्वारा किशोरियों को केवल कंप्यूटर ही नहीं सिखाया जाता है बल्कि प्रत्येक रविवार को दिशा सभा के माध्यम से किशोरियों के साथ सामाजिक मुद्दों पर चर्चा भी की जाती है. मैं क्या सोचती हूं? मुझे समाज के बारे में क्या लगता है? किशोरियों के अधिकार क्या है? शोषण के खिलाफ किस तरह आवाज उठानी चाहिए? अपने भविष्य के लिए मुझे क्या करना चाहिए? आदि सब बातें, जो मैंने इससे पहले कभी किसी के साथ चर्चा नहीं की थी, लेकिन मन में ऐसे प्रश्न उठते रहते थे, इन सभी मुद्दों पर दिशा सभा में खुलकर चर्चा होती है. वह कहती है कि 'कुछ बातें ऐसी होती हैं जो हम घर वालों से नहीं कह सकते, वह हम दिशा सभा में बोल सकते हैं. उन पर हमें सुझाव भी दिए जाते हैं. मुझे संडे को दिशा सभा करना बहुत अच्छा लगता है. जहां खेल-खेल में हम अपनी भावनाओं को व्यक्त कर सकते हैं. समाज में जो कुछ घटित हो रहा है और जो हमें पसंद नहीं है, उन चीजों पर भी हम बात करते हैं. लक्ष्मी कहती है कि 'आज के समय में लड़कियों का जहां पढ़ना लिखना आवश्यक है, वहीं समाज में घटित होने वाले मुद्दों पर भी बात करना जरूरी है.

चौरसो में कंप्यूटर सेंटर खुलने से केवल किशोरियां ही नहीं बल्कि उनके माता पिता भी काफी खुश हैं क्योंकि अब गांव में ही रहकर उनकी लड़कियां कंप्यूटर सीख रही हैं. इस संबंध में गांव की एक महिला भागा देवी कहती हैं कि 'हमारे गांव में जब से दिशा ग्रह खुला है मैं बहुत खुश हूं. मेरी पांच बेटियां हैं और मैं चाहती हूं कि लड़कों की तरह वह भी आगे बढ़े. उन्हें भी समान अवसर मिले. लेकिन गांव में इससे पहले ऐसी कोई सुविधा नहीं थी. लड़कियों को कंप्यूटर सीखने 30 किमी दूर बागेश्वर शहर जाना पड़ता, जो मुमकिन नहीं था. एक मां के रूप में मुझे लगता था कि कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण मेरी बेटियों को भी सुविधाओं के अभाव में शिक्षा प्राप्त करनी होगी. वह कंप्यूटर जैसे महत्वपूर्ण विषय को सीखने से वंचित रह जाएंगी, लेकिन चरखा की पहल से अब वह दिशा ग्रह में जाकर कंप्यूटर सीखती हैं. मुझे बहुत खुशी होती है कि जो हम नहीं कर पाए आज मेरी बेटियां कर रही हैं. मैं उन्हें अपने पैरों पर खड़ा देखना चाहती हूं. वह आत्मनिर्भर बनें और इतनी सक्षम बनें कि अपने फैसले खुद ले सके. चरखा ने दिशा ग्रह सेंटर खोल कर गांव की किशोरियों के लिए कंप्यूटर सीखना आसान कर दिया है. इस संबंध में पंचायत सदस्य बबीता देवी कहती हैं कि इस दूर दराज गांव में कंप्यूटर का आना ही कल्पना से परे था. ऐसे में लड़कियों के लिए यह आसानी से उपलब्ध हो जाए यह तो कोई सोच भी नहीं सकता था. लेकिन चरखा संस्था द्वारा दिशा ग्रह के माध्यम से चौरसो जैसे सुदूर गांव की किशोरियों के लिए कंप्यूटर उपलब्ध कराना बहुत महत्वपूर्ण है.

नायडु का बयान और भाजपा की चुप्पी

-योगेंद्र योगी-

आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडु और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने अपने राज्य के लोगों से दो से अधिक बच्चे पैदा करने की मांग की है। सर्वाधिक आश्चर्य यह है कि इन दो राज्यों के मुख्यमंत्रियों की इस मांग के बावजूद भारतीय जनता पार्टी ने चुप्पी साध रखी है। मुसलमानों को दो से अधिक बच्चे पैदा करने पर परोक्ष और प्रत्यक्ष तौर पर कोसने वाली भाजपा इन दो मुख्यमंत्रियों की मांग पर पूरी तरह मौन है। कारण साफ है चंद्रबाबू नायडु ने केंद्र की भाजपा सरकार को अपनी पार्टी तेलगुदेशम पार्टी के सांसदों का समर्थन दे रखा है। दूसरे शब्दों में कहें तो केंद्र की मोदी सरकार नायडु की बैसाखियों पर टिकी है। इसलिए दो से ज्यादा बच्चे पैदा करने के नायडु के बयान पर भाजपा ने मौन रखना ही बेहतर समझा। इसमें भाजपा को देश के लिए वैसा खतरा नजर नहीं आया, जैसा मुसलमानों की जनसंख्या वृद्धि को लेकर दिखाई देता है। नायडु के बाद तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ने एक कार्यक्रम में कहा था कि लोगों को 16 बच्चे पैदा करने चाहिएं। यह बात उन्होंने सरकारी विवाह योजना के तहत 31 जोड़ों के विवाह समारोह में कही। स्टालिन का यह सुझाव नायडु द्वारा यह खुलासा किए जाने के एक दिन बाद आया है कि आंध्रप्रदेश में उनकी सरकार एक ऐसा कानून बनाने की योजना बना रही है, जिसके तहत केवल दो से अधिक बच्चों वाले लोगों को ही स्थानीय निकाय चुनाव लड? की अनुमति होगी। जनसंख्या के आधार पर संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों को फिर से परिभाषित करने की कवायद 2026 में होने वाली है। इससे लोकसभा सीटों की संख्या 543 से बढकर 753 हो जाएगी।

दक्षिण में क्षेत्रीय दलों को डर है कि इससे अधिक आबादी वाले राज्यों में सीटों की संख्या में भारी उछाल आएगा, जबकि दक्षिण में यह वृद्धि मामूली होगी। इन दलों के नेताओं को लगता है कि पिछले कुछ दशकों में परिवार नियोजन के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए दक्षिणी राज्यों को दंडित किया जा रहा है, क्योंकि जिन राज्यों में जनसंख्या का घनत्व अधिक है, उनका लोकसभा में प्रतिनिधित्व अधिक होगा। वर्ष 2026 में क्षेत्र पुनर्विभाजन हो सकता है, इस अनुमान और उस समय की अनुमानित जनसंख्या के आधार पर कहा जा सकता है कि पुनर्विभाजन में जनसंख्या नियंत्रण के कदम उठाने वाले दक्षिणी राज्यों को भारी नुकसान होगा, जबकि जनसंख्या नियंत्रण नहीं करने वाले हिंदी भाषी राज्य बड़ा फायदा उठाएंगे। उदाहरण के लिए, वर्तमान लोकसभा में हिंदी भाषी राज्यों की हिस्सेदारी 42 प्रतिशत है, जो विस्तारित लोकसभा में 48 प्रतिशत हो जाएगी। दक्षिण भारत के राज्यों की हिस्सेदारी 24 प्रतिशत से घटकर 20 प्रतिशत हो जाएगी। बाकी राज्यों की हिस्सेदारी भी 34 प्रतिशत से घटकर 32 प्रतिशत हो जाएगी। आजादी के बाद जब 1951 में पहली जनगणना हुई, तब देश की आबादी 36 करोड़ के आसपास थी। 1971 तक आबादी बढकर 55 करोड़ पहुंच गई। लिहाजा, सरकार ने 70 के दशक में फैमिली प्लानिंग पर जोर दिया। इसका नतीजा यह हुआ कि दक्षिणी राज्यों ने तो इसे अपनाया और आबादी काबू में की। मगर, उत्तर के राज्यों में ऐसा नहीं हुआ और आबादी तेजी से बढ़ती गई। ऐसे में उस समय भी दक्षिणी राज्यों की ओर से सवाल उठाया गया कि उन्होंने तो फैमिली प्लानिंग लागू करके आबादी कंट्रोल की और उनके यहां ही सीटें कम हो जाएंगी। सीटें कम होने का मतलब संसद में प्रतिनिधित्व कम होना। इसलिए विवाद हुआ। अभी तमिलनाडु की अनुमानित आबादी 7.70 करोड़ है और वहां लोकसभा की 39 सीटें हैं। जबकि, मध्य प्रदेश की आबादी 8.76 करोड़ है और यहां 29 लोकसभा सीटें हैं। परिसीमन होता है तो अभी की आबादी के हिसाब से मध्य प्रदेश में 87 लोकसभा सीटें हो जाएंगी और तमिलनाडु में 77 सीटें होंगी। सीटों की यह संख्या हर 10 लाख आबादी पर एक सांसद वाले फॉमूर्ले के हिसाब से है। इसी तरह केरल की अनुमानित आबादी 3.59 करोड़ है। अभी यहां 20 लोकसभा सीटें हैं, वहीं उत्तर प्रदेश की आबादी 23.80 करोड़ है और यहां 80 सांसद हैं। अगर वही 10 लाख वाला फॉमूर्ला लागू किया जाए तो केरल में लोकसभा सीटों की संख्या बढकर 35 या 36 होगी। जबकि, उत्तर प्रदेश में लोकसभा सीटों की संख्या 235 या उससे ज्यादा भी हो सकती है। इसी वजह से दक्षिणी राज्यों को आपत्ति है। उनका यही कहना है कि हमने आबादी नियंत्रित की, केंद्र की योजनाओं को लागू किया और उनके ही यहां लोकसभा सीटें कम हो जाएंगी। मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडु को हर हाल में आंध्रप्रदेश में अपने वोट बैंक को मजबूत रखना है।

NCR समाचार
संपादकीय कार्यालय
जी-12/276, संगम विहार, नई दिल्ली-110062. सोमवार से शनिवार प्रात: 9:00 से सायं 9:00
फोन: 8888883968, 9811111715

आवश्यक सूचना

एनसीआर समाचार के समस्त पाठकों तथा पत्र के साथ जुड़े समस्त पत्रकारों, व्यावसायिक संयोजक, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं/संस्थानों को यह सूचित किया जाता है कि गत वर्षों से श्री बलबीर सिंह के नेतृत्व व स्वामित्व में चले आ रहे वर्तमान एनसीआर समाचार पत्र का प्रकाशन व स्वामित्व मो. हनीफ, पुत्र श्री इस्माईल खान मास्टरजी, संगम विहार के स्वामित्व व नेतृत्व में हो रहा हैं। अत: भविष्य में समस्त प्रकार की व्यावसायिक, कानूनी एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु मो. हनीफ/ नये कार्यालय जी 12/276, संगम विहार, नई दिल्ली - 110062, दूरभाष (मोबाईल) 8888883968, 9811111715 से सम्पर्क करें

डीबीटी योजनाओं से भारत ने पिछले 8 वर्षों में 40 अरब डॉलर चोरी होने से बचाए : केंद्रीय वित्त मंत्री

वाशिंगटन/नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के अनुसार, सरकार की प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) योजनाओं से भारत ने पिछले आठ वर्षों में 40 अरब डॉलर की राशि चोरी होने से बचाई है।

इस सप्ताह अपनी अमेरिका यात्रा के दौरान पेंसिल्वेनिया विश्वविद्यालय के व्हार्टन बिजनेस स्कूल में वित्त मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार के 51 से अधिक मंत्रालय और विभाग अब अलग-अलग डीबीटी योजनाओं का उपयोग कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि इस सरकारी योजना के माध्यम से पिछले आठ वर्षों में अब तक कुल मिलाकर 450 अरब डॉलर से अधिक धनराशि ट्रांसफर की जा चुकी है।

उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा, 'वित्त मंत्री के रूप में मुझे चोरी को रोकना होगा। मुझे यह सुनिश्चित करना होगा कि प्रत्येक करदाता का रुपया सही तरीके से खर्च हो, उसका सही हिसाब-किताब हो। मैं चोरी को हावी नहीं होने देना चाहती।'

आधार-लिंक्ड डीबीटी के जरिए अलग-अलग कल्याणकारी योजनाओं से नकद लाभ सीधे लाभार्थियों के बैंक अकाउंट में ट्रांसफर कर दिया जाता है। इस सुविधा के साथ दस्तावेजों की जरूरत खत्म हो जाती है और फर्जी लाभार्थियों जैसी परेशानी भी नहीं आती।

दुनिया की सबसे बड़ी डीबीटी योजना, पीएम-किसान स्कीम के साथ 3.04 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा राशि देश भर के 11 करोड़ से ज्यादा किसानों को पहले ही वितरित की जा चुकी है। पीएम किसान की 18वीं किस्त के साथ लाभार्थियों को हस्तांतरित कुल राशि 3.24 लाख करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर गई है।

यह पहल दुनिया की सबसे बड़ी डीबीटी योजनाओं में से एक है, जो पारदर्शी नामांकन और किसानों को कल्याणकारी निधियों के हस्तांतरण के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म का लाभ उठाती है।

पीएम-किसान योजना ने साहूकारों पर निर्भरता समाप्त कर दी है तथा टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा दिया है। बिचौलियों को समाप्त कर, यह योजना सुनिश्चित करती है कि सभी किसानों तक समान सहायता पहुंचे।

इसके अलावा, प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) वित्तीय समावेशन को और बढ़ावा देती है, जिसके तहत 523 मिलियन से अधिक बैंक खाते खोले गए हैं, तथा हाशिए पर पड़े वर्गों को औपचारिक वित्तीय प्रणाली में लाया गया है।

सरकार के अनुसार, आधार-संचालित इस दृष्टिकोण ने न केवल लोगों को सशक्त बनाया है, बल्कि सरकारी योजनाओं में करोड़ों फर्जी, गैर-मौजूद और अयोग्य लाभार्थियों को हटाकर देश के खजाने में भी बड़ी बचत की है।

उदाहरण के लिए, आधार-संचालित डीबीटी के कारण 4.15 करोड़ से अधिक फर्जी एलपीजी कनेक्शन और 5.03 करोड़ डुप्लिकेट राशन कार्ड समाप्त हो गए हैं, जिससे रसोई गैस और खाद्य सब्सिडी जैसी आवश्यक सेवाओं का वितरण सुचारू हो गया है।

नौकरियां सृजित करना सबसे अधिक दबाव वाली वैश्विक समस्या : सीतारमण

वाशिंगटन/नई दिल्ली, एजेंसी। केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को यहां पारंपरिक विनिर्माण-आधारित विकास मार्ग के अलावा वैकल्पिक विकास रणनीतियों और उनसे उत्पन्न होने वाली नौकरियों के प्रकारों का पता लगाने की आवश्यकता बताते हुये कहा कि नौकरियां सृजित करना सबसे अधिक दबाव वाली वैश्विक समस्या है क्योंकि निरतंर आर्थिक प्रतिकूलतायें और तेजी से तकनीकी परितर्वन युवाओं के लिए नौकरी बाजार में प्रवेश करने के लिए आवश्यक कौशन को फिर से परिभाषित कर रहे हैं। श्रीमती सीतारमण ने विश्व बैंक और अतंरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की वार्षिक बैठक में पूर्ण अधिवेशन में 'विश्व बैंक को अपनी भावी रणनीतिक दिशा कैसे बनानी चाहिए और ग्राहकों को उभरते मेगाट्रेंड के साथ तालमेल रखने के लिए अधिक नौकरियां बनाने में कैसे मदद करनी चाहिए' विषय पर हस्तक्षेप में यह बात कही। वित्त मंत्री ने उल्लेख किया कि विश्व बैंक ने पहले क्षेत्रीय रुझानों और रोजगार पर उनके संभावित प्रभाव पर कई अध्ययन किए हैं, जिसमें 'ग्रीन जॉब्स', एआई के बाद की नौकरियां और बदलती जनसांख्यिकी के कारण बदलाव जैसे क्षेत्र शामिल हैं। हालांकि, उन्होंने जोर देकर कहा कि समय की मांग एक अधिक व्यापक, बहु-क्षेत्रीय विश्लेषण है - जो यह जांचता है कि उभरते रुझान कैसे परस्पर क्रिया करते हैं और नौकरी के नुकसान और नौकरी के सृजन दोनों को प्रभावित करते हैं। उन्होंने कहा कि इस विश्लेषण में भू-राजनीतिक विखंडन और खाद्य उत्पादन, निर्यात और संबंधित रोजगार जैसे क्षेत्रों पर इसके प्रभावों जैसे कारकों पर भी विचार किया जाना चाहिए। उन्होंने विश्व बैंक से रोजगार सृजन, कौशल और श्रम पर ध्यान केंद्रित करते हुए डेटा, विश्लेषण और ज्ञान कार्य के आधार पर उच्च प्राथमिकता वाले कौशल क्षेत्रों की पहचान करने में देशों के साथ सहयोग करने की भी अपील की। वित्त मंत्री ने इन योजनाओं को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने के लिए एक स्पष्ट कार्यान्वयन रणनीति के साथ एक परिणाम-उन्मुख रोडमैप के महत्व को भी रेखांकित किया।

जलवायु परिवर्तन पर प्रभावी कार्रवाई और सहयोग का सीतारमण ने किया आह्वान

वाशिंगटन/नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज यहां यूएनएफसीसीसी और पेरिस समझौते पर विकसित और विकासशील देशों के बीच जलवायु परिवर्तन पर प्रभावी वैश्विक कार्रवाई और सहयोग का आह्वान किया, जिसमें समानता और साझा लेकिन अलग अलग जिम्मेदारियों और संबंधित क्षमताओं के सिद्धांतों का पालन किया जाना चाहिए। श्रीमती सीतारमण ने यहां विश्व बैंक और अतंरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की वार्षिक बैठक के इतर वित्त, जलवायु एवं पर्यावरण, तथा विदेश मामलों के मंत्रियों और केंद्रीय बैंकों के गवर्नरों की जी-20 संयुक्त बैठक में भाग लिया। महत्वाकांक्षी जलवायु कार्रवाई को प्राप्त करने के लिए सहयोगात्मक प्रयासों को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए ब्राजील को बधाई देते हुए श्रीमती सीतारमण ने कहा कि भारत टास्कफोर्स के काम का समर्थन करता है जिसने जलवायु कार्रवाई पर जी-20 भारतीय अध्यक्षता के काम को आगे बढ़ाया है और बहुपक्षीय विकास बैंकों (एमडीबी) को बेहतर, बड़ा और अधिक प्रभावी बनाया है। उन्होंने विकासशील देशों को उचित लागत पर वित्तीय संसाधनों और प्रौद्योगिकियों तक अधिक पहुँच प्रदान करके वैश्विक प्रयासों को दिशा देने के साथ-साथ विकासात्मक प्राथमिकताओं और जलवायु कार्रवाई के बीच संतुलन की मांग की। उन्होंने नए सामूहिक परिमाणित लक्ष्य को तैयार करने की आवश्यकता पर बल दिया, जो विकासशील देशों की जरूरतों को वित्त के प्रावधान में विकास-अवरोधक शर्तों के अधीन किए बिना पूरा करता हो।

यूरोपीय संघ दुग्ध क्षेत्र को खोलने पर जोर देता है, तो कोई समझौता नहीं होगा : गोयल

नई दिल्ली, एजेंसी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता वार्ता में तेजी लाने के लिए आपसी संवेदनशीलता को समझने तथा उसका सम्मान करने पर शुक्रवार को जोर दिया। उन्होंने साथ ही स्पष्ट किया कि यदि यूरोपीय संघ दुग्ध क्षेत्र को खोलने पर जोर देता है तो कोई समझौता नहीं होगा। 'एशिया पैसिफिक कॉन्फ्रेंस ऑफ जर्मन बिजनेस' के यहां आयोजित 18वें सम्मेलन को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि श्रम तथा जलवायु परिवर्तन जैसे 'बाह्य' मुद्दों पर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर चर्चा की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों को एक-दूसरे की संवेदनशीलता को समझना होगा, सुनना होगा और उसकी सराहना करनी होगी। गोयल ने कहा, 'आप (ईयू) 27 देश हैं, जिनकी अलग-अलग प्राथमिकताएं हैं। भारत में 27 राज्य हैं। हो सकता है कि मैं एक राज्य में सेब उगा रहा हूं, जो मुझे सेब क्षेत्र को खोलने की अनुमति नहीं देता है।' उन्होंने साथ ही कहा कि ईयू सदस्य देशों की प्रति व्यक्ति आय भारतीय राज्यों की तुलना में काफी अधिक है। मंत्री ने कहा कि वार्ता को आगे बढ़ाने के लिए व्यापार, निवेश तथा गहन रणनीतिक साझेदारी को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है। गोयल ने कहा, 'यदि हम इन बातों का सम्मान करें तो एफटीए बेहद सम्मानजनक, सराहनीय तरीके से और तेजी से किया जा सकता है।' उन्होंने कहा, 'सबसे पहले जो बात आती है वह यूरोपीय संघ के 27 देशों और भारत के मेरे 27 राज्यों के बीच की संवेदनशीलता हैङ्क यदि हम एक-दूसरे की संवेदनशीलता का सम्मान करते हैं, जैसा कि संयुक्त अरब अमीरात, ऑस्ट्रेलिया तथा यूरोपीय मुक्त व्यापार संगठन (ईएफटी) के साथ हैङ्क तो हम केवल एक-दूसरे की संवेदनशीलता का सम्मान करते हैं।

एडीबी ने असम में सौर ऊर्जा सुविधा के लिए 43.425 करोड़ डॉलर का ऋण देने की जतायी प्रतिबद्धता

नई दिल्ली, एजेंसी। एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने असम में नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता बढ़ाने तथा ऊर्जा सुरक्षा में सुधार के लिए 43.425 करोड़ अमेरिकी डॉलर (करीब 3,600 करोड़ रुपये) के ऋण को मंजूरी दी है। एडीबी ने शुक्रवार को बयान में कहा, बढ़ती मांग को पूरा करने तथा जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करने के लिए असम में नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता की कमी को दूर करना महत्वपूर्ण है। यह कदम असम को अक्षय ऊर्जा ढ़ाचा विकसित करने और 2030 तक 3,000 मेगावाट के अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए अपनी सौर ऊर्जा क्षमता बढ़ाने में मदद करेगा। असम सौर परियोजना कार्बी आंगलोंग जिले में 500 मेगावाट की क्षमता के साथ ग्रिड से जुड़ी सौर फोटोवोल्टिक (पीवी) सुविधा का निर्माण करेगी।

गोदरेज प्रॉपर्टीज ने 5,500 करोड़ रुपये की आवासीय परियोजना के लिए गुरुग्राम में 7.5 एकड़ जमीन खरीदी

नई दिल्ली, एजेंसी। रियल एस्टेट कंपनी गोदरेज प्रॉपर्टीज ने गुरुग्राम में 5,500 करोड़ रुपये से अधिक की राजस्व क्षमता वाली एक लक्जरी आवासीय परियोजना विकसित करने के लिए 7.5 एकड़ जमीन हासिल करने की बोली जीत ली है। कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया, वह गुरुग्राम में गोल्फ कोर्स रोड पर एक लक्जरी ग्रुप हाउसिंग भूखंड के लिए सबसे ऊंची बोली लगाने वाली कंपनी के रूप में उभरी है। इसकी राजस्व क्षमता 5,500 करोड़ रुपये से अधिक है।

गोदरेज प्रॉपर्टीज ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 में अभी तक 11 नए भूखंडों का अधिग्रहण किया है।

कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) गौरव पांडे ने कहा, 'राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) बाजार में हमारी परियोजनाओं की मजबूत मांग देखी गई है, जो हमारे ग्राहकों द्वारा हम पर जताए गए भारी भरोसे को दशार्ता है।'

भारत की विकास गाथा का हिस्सा बनने का यह सही समय : प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जर्मनी की कंपनियों को देश में निवेश के लिए आमंत्रित करते हुए शुक्रवार को कहा कि निवेश के लिए भारत से बेहतर कोई जगह नहीं है और भारत की विकास गाथा का हिस्सा बनने का यह सही समय है।

'एशिया पैसिफिक कॉन्फ्रेंस ऑफ जर्मन बिजनेस' के 18वें सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि विदेशी निवेशकों के लिए भारत की विकास गाथा का हिस्सा बनना, 'मेक इन इंडिया' तथा 'मेक फॉर द वर्ल्ड' पहल में शामिल होने का यह 'सही' समय है। उन्होंने कहा, 'जर्मनी ने भारत के कुशल कार्यबल में जो विश्वास व्यक्त किया है, वह अद्भुत है क्योंकि यूरोपीय राष्ट्र ने कुशल भारतीय कार्यबल के लिए वीजा की संख्या 20,000 से बढ़ाकर 90,000 करने का निर्णय लिया है।' मोदी ने कहा, 'भारत की विकास गाथा का हिस्सा बनने का यह सही समय हैङ्क भारत वैश्विक व्यापार तथा विनिर्माण का केंद्र बन रहा है।'

भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता वार्ता में तेजी से प्रगति के लिए प्रयासरत: जर्मनी के चांसलर

नई दिल्ली, एजेंसी। जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज ने शुक्रवार को कहा कि उनकी सरकार भारत और 27 देशों के यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की वार्ता में तेजी से प्रगति और शीघ्र निष्कर्ष निकालने का प्रयास कर रही है।

'एशिया पैसिफिक कॉन्फ्रेंस ऑफ जर्मन बिजनेस' के यहां आयोजित 18वें सम्मेलन को संबोधित करते हुए शोल्ज ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में कहा, 'मुझे पूरा विश्वास है कि यदि हम दोनों मिलकर इस पर काम करें तो यह कार्य वर्षों के बजाय महीनों में पूरा हो सकता है।'

शोल्ज भारत की तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर बृहस्पतिवार रात दिल्ली पहुंचे। मोदी और शोल्ज हैदराबाद हाउस में सातवें अंतर-सरकारी परामर्श (आईजीसी) की सह-अध्यक्षता भी करेंगे।

जर्मनी के चांसलर ने कहा, 'हम यूरोपीय संघ और भारत के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) चाहते हैं। मेरी सरकार तेज प्रगति और शीघ्र निष्कर्ष के लिए प्रयासरत है।'

उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने हाल ही में कुशल भारतीय कर्मचारियों को जर्मनी आकर्षित करने की रणनीति पर सहमति व्यक्त की है।

शोल्ज ने कहा, 'आज हमारे विश्वविद्यालयों में विदेशी छात्रों का सबसे बड़ा समूह भारतीयों का है। पिछले वर्ष ही जर्मनी में काम करने वाले भारतीयों की संख्या में 23,000 की वृद्धि हुई। यह प्रतिभा हमारे श्रम बाजार में स्वागत योग्य है।'

उन्होंने कहा कि जर्मनी अपनी वीजा प्रक्रिया का डिजिटलीकरण कर रहा है, प्रक्रियाओं में तेजी ला रहा है तथा उन्हें अधिक उपयोगकर्ता-अनुकूल बना रहा है।

शोल्ज ने कहा, 'इसके साथ ही हम अनियमित प्रवास को कम कर रहे हैं और उन लोगों को वापसी की सुविधा प्रदान कर रहे हैं, जिन्हें हमारे देश में रहने का कोई अधिकार नहीं है। संदेश यह है कि जर्मनी कुशल श्रमिकों के लिए खुला है, हालांकि यह फैसला हम लेंगे कि किसे प्रवेश मिलेगा।'

भारत और यूरोपीय संघ ने आठ वर्षों के अंतराल के बाद जून 2022 में वार्ता फिर से शुरू की। 2013 में कई मुद्दों पर मतभेदों के कारण यह वार्ता रुकी हुई थी।

चांसलर ने कहा, 'भारत के साथ हम रक्षा क्षेत्र में अपने सहयोग को और बढ़ाना चाहते हैं। अपनी सेनाओं को और करीब लाने पर हम सहमत हैं।' उन्होंने कहा कि देशों को एक ही देश पर निर्भर नहीं रहना चाहिए, खासकर महत्वपूर्ण कच्चे माल और कुछ प्रौद्योगिकियों के सामरिक महत्व के मामले में।

शोल्ज ने विमानन, रेलवे तथा मोटर वाहन जैसे क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच बढ़ते सहयोग का जिक्र करते हुए कहा, 'हमारे लिए जोखिम कम करने का मतलब है विविधीकरणङ्क और यह विविधीकरण हो रहा है। देखिए कि हाल के वर्षों में भारत और जर्मनी का व्यापार किस तरह बढ़ा है।'

उन्होंने साथ ही कहा कि चीन एक औद्योगिक दिग्गज है और उसे विकासशील देश के रूप में प्राप्त विशेष सुविधा छोड़ देनी चाहिए। जर्मनी, यूरोपीय संघ में भारत का एक प्रमुख व्यापारिक साझेदार है।

एक नजर

सिंगापुर में भारतीय पर्यटकों का आगमन जनवरी से सितंबर में 13 प्रतिशत बढ़ा

सिंगापुर, एजेंसी। सिंगापुर में भारतीय पर्यटकों की संख्या में इस कैलेंडर वर्ष 2024 के पहले नौ महीने में 13 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह आंकड़ा 898,180 पर पहुंच गया। सिंगापुर पर्यटन बोर्ड (एसटीबी) ने ये आंकड़े ऐसे समय जारी किए हैं, जब यहां विश्व प्रसिद्ध होटल तथा शॉपिंग क्षेत्र ऑर्चर्ड रोड में वर्ष के अंत में होने वाले उत्सवों की तैयारी शुरू हो गई है। इंडोनेशिया और चीन जैसे दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के बाद सिंगापुर में सबसे अधिक पर्यटक भारत से आते हैं। एसटीबी के प्रवक्ता ने ऑर्चर्ड रोड बिजनेस एसोसिएशन (ओआरबीए) द्वारा वर्ष के अंत के उत्सव कार्यक्रम के अनावरण के लिए आयोजित कार्यक्रम से इतर 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि 2023 में सिंगापुर में 10 लाख से अधिक भारतीय पर्यटक आए थे। इस वर्ष के पहले नौ महीने (जनवरी से सितंबर) में भारतीय पर्यटकों के आगमन में 13 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और यह आंकड़ा 898,180 तक पहुंच गया है। इस बीच, उद्योग पर्यवेक्षकों ने सिंगापुर के अपने अंतरराष्ट्रीय पर्यटन बाजार को बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित करने पर जोर दिया। सिंगापुर वर्ष के अंत में छुट्टियों के लिए भारतीय पर्यटकों के लिए एक प्रमुख गंतव्य बना है।

सरकार ने मुद्रा योजना के तहत ऋण सीमा दोगुनी कर 20 लाख रुपये की

नई दिल्ली, एजेंसी। सरकार ने देश में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) के तहत ऋण सीमा दोगुनी कर 20 लाख रुपये कर दी है। वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को बयान में कहा, इस वृद्धि के जरिये हम मुद्रा योजना के समग्र उद्देश्य को आगे बढ़ाना चाहते हैं। इस संबंध में अधिसूचना बृहस्पतिवार को जारी की गई। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 23 जुलाई 2024 को केंद्रीय बजट 2024-25 पेश करते हुए कहा था कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) के तहत सीमा मौजूदा 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 20 लाख रुपये की जाएगी। सीतारमण ने लोकसभा में बजट पेश करते हुए कहा था, 'उन उद्यमियों के लिए मुद्रा ऋण की सीमा मौजूदा 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 20 लाख रुपये की जाएगी, जिन्होंने 'तरुण' श्रेणी के तहत पहले कर्ज लिया और उसे सफलतापूर्वक चुकाया है।' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आठ अप्रैल 2015 को प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) पेश की थी। इसका उद्देश्य गैर-कॉर्पोरेट, गैर-कृषि लघु एवं सूक्ष्म उद्यमियों को आय-उत्पादक गतिविधियों के लिए 10 लाख रुपये तक का आसान जमानत-मुक्त सूक्ष्म ऋण उपलब्ध कराना है। मौजूदा योजना के तहत बैंक तीन श्रेणियों शिशु (50,000 रुपये तक), किशोर (50,000 रुपये से 5 लाख रुपये के बीच) और तरुण (10 लाख रुपये) के तहत 10 लाख रुपये तक का जमानत-मुक्त ऋण मुहैया कराती है।

तटीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए समुद्री शैवाल आयात के दिशानिर्देश जारी

नई दिल्ली, एजेंसी। मत्स्यपालन विभाग ने शुक्रवार को जीवित समुद्री शैवाल आयात करने के लिए नए दिशानिर्देशों की घोषणा की। इनका मकसद बढ़ते समुद्री शैवाल उद्योग में बीज की कमी को दूर करना और तटीय अर्थव्यवस्थाओं को बढ़ावा देना है। नियामक ढांचे में सख्त रोधक प्रक्रियाएं और जैव सुरक्षा उपाय शामिल हैं, जिनके तहत आयातकों को राष्ट्रीय समिति से मंजूरी के बाद देश में उच्च गुणवत्ता वाले समुद्री शैवाल के आयात की अनुमति मिलेगी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 'मंजूरी के बाद, विभाग चार सप्ताह के भीतर आयात परमिट जारी करेगा।' यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब भारत ने अपनी प्रमुख प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) के तहत 2025 तक 11.2 लाख टन के महत्वाकांक्षी समुद्री शैवाल उत्पादन का लक्ष्य रखा है। देश इस समय पर्याप्त गुणवत्ता वाले बीज भंडार को सुरक्षित करने में चुनौतियों का सामना कर रहा है। गौरतलब है कि सरकार ने तमिलनाडु में एक बहुउद्देशीय समुद्री शैवाल पार्क में 127.7 करोड़ रुपये का निवेश किया है।

नेशनल फर्टिलाइजर्स 208 करोड़ रुपये के निवेश से उर्वरक संयंत्र लगाएगी

नई दिल्ली, एजेंसी। यूरिया बनाने वाली देश की सबसे बड़ी सार्वजनिक क्षेत्र की नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (एनएफएल) मध्य प्रदेश में 208 करोड़ रुपये के निवेश से जल में घुलनशील उर्वरक और सूक्ष्म पोषक तत्व संयंत्र लगाएगी। एनएफएल ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसके निदेशक मंडल ने पंजाब के नांगल में यूरिया इकाई को बंद करने की भी मंजूरी दे दी है। एनएफएल पंजाब, हरियाणा और मध्य प्रदेश में पांच गैस आधारित अमोनिया-यूरिया विनिर्माण इकाइयां संचालित करती है। कंपनी के उत्पादों में यूरिया, जैव-उर्वरक, औद्योगिक रसायन तथा प्रमाणित बीज और कृषि रसायन जैसे कृषि उत्पाद शामिल हैं।

एचपीसीएल का शुद्ध लाभ दूसरी तिमाही में 98 प्रतिशत घटकर 142.67 करोड़ रुपये पर

नई दिल्ली, एजेंसी। सार्वजनिक क्षेत्र की हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (एचपीसीएल) का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही में 97.5 प्रतिशत लुढ़क कर 142.67 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का रिफाइनरी और विपणन मार्जिन घटने से लाभ कम हुआ है। एचपीसीएल ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसे पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही में 5,826.96 करोड़ रुपये का लाभ हुआ था। तिमाही आधार पर भी कंपनी का शुद्ध लाभ घटा है। चालू वित्त वर्ष अप्रैल-जून अवधि में कंपनी को 633.94 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। रिफाइनरी समेत ईंधन खुदरा कारोबार से समीक्षाधीन अवधि में कर-पूर्व आय घटकर 1,285.96 करोड़ रुपये रह गई, जो पिछले वर्ष समान अवधि में 6,984.60 करोड़ रुपये थी। एचपीसीएल और सार्वजनिक क्षेत्र की अन्य ईंधन खुदरा कंपनियों इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) और भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) ने पिछले साल लागत में गिरावट के बावजूद पेट्रोल तथा डीजल की कीमतों को स्थिर रखने से असाधारण लाभ कमाया था।

जेएसडब्ल्यू स्टील का शुद्ध लाभ दूसरी तिमाही में 85.43 प्रतिशत घटकर 404 करोड़ रुपये

नई दिल्ली, एजेंसी। इस्पात विनिमार्ता कंपनी जेएसडब्ल्यू स्टील का चालू वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 85.43 प्रतिशत घटकर 404 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का गत वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में शुद्ध लाभ 2,773 रुपये रहा था। जेएसडब्ल्यू स्टील ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि समीक्षाधीन तिमाही में कुल आय घटकर 39,837 करोड़ रुपये रही, जो एक साल पहले समान तिमाही में 44,821 करोड़ रुपये थी। जुलाई-सितंबर तिमाही में जेएसडब्ल्यू स्टील का खर्च घटकर 38,644 करोड़ रुपये रहा, जबकि पिछले साल इसी तिमाही में यह 40,801 करोड़ रुपये था।

भारत 12 साल बाद घर में टेस्ट सीरीज हारा

न्यूजीलैंड ने 113 रन से जीता दूसरा मैच, 2-0 की बढ़त, सैंटनर को 6 विकेट

पुणे, एजेंसी। भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज हार गई है। टीम इंडिया को पुणे में खेल गए दूसरे टेस्ट में कीवियों ने 113 रन से हराया। इस जीत से कीवियों ने 3 मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है।

आखिरी मुकाबला एक नवंबर से मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा। भारतीय टीम ने 12 साल के बाद घरेलू मैदान पर कोई टेस्ट सीरीज गंवाई है। टीम को पिछली हार 2012 में इंग्लैंड के खिलाफ मिली थी। शनिवार को मुकाबले के तीसरे दिन 359 रन का टारगेट चेज कर रही भारतीय टीम दूसरी पारी में 245 रन ही बना सकी। न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में 255 रन बनाए। पहली पारी में कीवियों ने 259 और भारत ने 156 रन का स्कोर बनाया। मिचेल सैंटनर ने पहली पारी में 7 और दूसरी पारी में 6 विकेट लिए।

22 साल के जायसवाल ने रचा इतिहास

- **तोड़ा 45 साल पुराना रिकॉर्ड, भारत के सभी बल्लेबाज रह गए पीछे**

पुणे, एजेंसी। टीम इंडिया के युवा ओपनर यशस्वी जायसवाल के लिए ये साल काफी खास रहा है. टेस्ट फॉर्मेट में उन्होंने जमकर रन बनाए हैं और भारतीय टीम के अहम बल्लेबाज भी बन गए हैं.

न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच की आखिरी पारी में भी यशस्वी जायसवाल ने कमाल का खेल दिखाया. वह अर्धशतक जड़ने में कामयाब रहे. इस पारी के दौरान जायसवाल ने 45 साल पुराना रिकॉर्ड भी तोड़ दिया. वह एक खास लिस्ट में भारत के सभी बल्लेबाजों से आगे निकल गए. उन्होंने एक ऐसा कारनामा किया जो विराट कोहली भी अपने करियर में अभी तक नहीं कर सके हैं. यशस्वी जायसवाल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पुणे टेस्ट मैच की आखिरी पारी में 65 गेंदों पर 77 रन बनाए. इस पारी के दौरान जायसवाल के बल्ले से 9 चौके और 3 छक्के देखने को मिले.

इसी के साथ उन्होंने इस साल भारत में अपने 1000 टेस्ट रन भी पूरे किए. जायसवाल घरेलू मैदान पर एक कैलेंडर ईयर में 1000 रन का आकंड़ा छूने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं. इससे पहले ये कारनामा 1979 में गुंडप्पा विश्वनाथ ने किया था. गुंडप्पा विश्वनाथ अभी तक भारत के लिए घरेलू मैदान पर एक कैलेंडर ईयर में सबसे ज्यादा टेस्ट रन बनाने वाले बल्लेबाज थे, लेकिन जायसवाल उनसे आगे निकल गए हैं.

गुंडप्पा विश्वनाथ ने 1979 में घरेलू मैदान पर 1047 रन बनाए थे. वहीं, यशस्वी जायसवाल के इस साल भारत में 1056 टेस्ट रन हो गए हैं.

वहीं, विराट कोहली 964 रन के साथ इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर हैं. उन्होंने ये कारनामा साल 2016 में किया था. लेकिन यशस्वी जायसवाल भारत के सभी स्टार बल्लेबाजों से आगे निकल गए हैं.

टीम इंडिया में खत्म हुआ मोहम्मद शमी का सफर?

- **बीसीसीआई के एक फैसले से मची खलबली**

नईदिल्ली, एजेंसी। टीम इंडिया इस समय न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेल रही है. इसके बाद भारतीय टीम अपनी अगली टेस्ट सीरीज ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलेगी. 22 नवंबर से खेली जाने वाली इस सीरीज के लिए टीम इंडिया के स्क्वॉड का ऐलान हो गया है. लेकिन चौंकाने वाली बात है कि स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी इस दौरे पर टीम का हिस्सा नहीं होंगे. मोहम्मद शमी 2023 वनडे वर्ल्ड कप के बाद से ही टीम इंडिया से बाहर हैं.

उन्होंने टूर्नामेंट के दौरान चोट लगी थी, जिसके चलते उन्होंने फरवरी 2024 में लंदन जाकर सर्जरी कराई थी. माना जा रहा था इस ऑस्ट्रेलिया दौरे पर वह वापसी कर सकते हैं, लेकिन ऐसा नहीं हुआ है. बीसीसीआई ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के साथ-साथ साउथ अफ्रीका दौरे के लिए भी टीम का ऐलान किया है, जहां टी20 सीरीज खेली जानी है. इस दौरान चोट के कारण टीम में ना चुने जाने वाले खिलाड़ी पर बीसीसीआई ने अलग से अपडेट भी दिया है, जिसमें कुलदीप यादव, मयंक यादव, शिवम दुबे और रियान पराग जैसे खिलाड़ी शामिल हैं. लेकिन बीसीसीआई ने अपनी प्रेस रिलीज में मोहम्मद शमी पर कोई अपडेट नहीं दिया है, जिसने हर किसी को हैरान कर दिया है.

शमी ने खुद को बताया फिट

मोहम्मद शमी ने हाल ही में एक इवेंट के दौरान अपनी चोट पर कहा था कि उन्हें अब जरा भी दर्द महसूस नहीं हो रहा है और अगले महीने शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलिया के दौरे के चयन के लिए अपना दावा मजबूत करने के लिए उन्हें कम से कम एक या दो घरेलू मुकाबले खेलकर फिटनेस साबित करनी होगी. लेकिन बीसीसीआई ने अचानक टीम का ऐलान करके सभी को चौंका दिया है. इतना ही नहीं, शमी को सब्जेक्ट टू फिटनेस के साथ भी सेलेक्ट नहीं किया, इसका मतलब ये है कि सीरीज के बीच में भी उनकी एंट्री मुश्किल है.

बता दें, हाल में मोहम्मद शमी को बेंगलुरु टेस्ट के बाद असिस्टेंट कोच अभिषेक नायर को गेंदबाजी करते हुए दिखाई दिए थे. तब वह पूरे रन-अप से गेंदबाजी करते हुए नजर आए थे. वहीं, शमी खुद को लगातार फिट भी बता रहे हैं. इसके बाद भी उनका सेलेक्शन क्यों नहीं हुआ, यह समझ से परे है. शमी ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में कुल 11 टेस्ट मैच खेले हैं और 40 विकेट अपने नाम किए हैं. ऐसे में टीम इंडिया को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर मोहम्मद शमी जैसे तेज गेंदबाज की कमी खल सकती है.

पाकिस्तान-इंग्लैंड टेस्ट

पाकिस्तान टीम के खत्म हुए बुरे दिन

इंग्लैंड को 2-1 से हराया, 4 साल बाद किया ये काम

रावलपिंडी, एजेंसी। पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज का आखिरी मैच रावलपिंडी में खेला गया. इस मुकाबले में पाकिस्तान की टीम ने बाजी मारकर सीरीज 2-1 से अपने नाम की. ये सीरीज पाकिस्तान की टीम के लिए काफी खास रही. सीरीज का पहला मैच हारने के बाद पाकिस्तान की टीम में बड़े बदलाव किए गए थे, बाबर आजम और शाहीन अफरीदी जैसे स्टार खिलाड़ियों को टीम से बाहर का रास्ता दिखाया गया था. पाकिस्तान की टीम को इसका फायदा भी हुआ, टीम ने लगातार दो मैचों में जीत हासिल करके सीरीज अपने नाम कर ली.

दोनों टीमों के बीच खेले गए इस मैच में पाकिस्तान की टीम ने एकतरफा अंदाज में जीत अपने नाम की. इंग्लैंड ने पाकिस्तान के सामने मुकाबला जीतने के लिए सिर्फ 36 रनों का टारगेट रखा था. पाकिस्तान ने इस टारगेट को 1 विकेट के नुकसान पर ही हासिल कर लिया और मैच जीतने के साथ-साथ सीरीज भी अपने नाम की. बता दें, पाकिस्तान ने लंबे इंतजार के बाद अपने घर पर कोई टेस्ट सीरीज जीती है. इससे पहले उसने साउथ अफ्रीका को साल 2021 की शुरुआत में अपने घर पर हराया था. यानी लगभग 4 साल के इंतजार के बाद पाकिस्तान को अपने घर पर टेस्ट सीरीज में जीत नसीब हुई है.

साजिद खान-नोमान अली की जोड़ी ने किया कमाल

इस मुकाबले में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था. लेकिन साजिद खान-नोमान अली की जोड़ी के आगे पूरी टीम 267 रन पर सिमट गई. इस दौरान साजिद खान ने 6 विकेट और नोमान अली ने 3 विकेट अपने नाम किए. इसके जवाब में पाकिस्तान की टीम ने अपनी पहली पारी में 344 रन बनाए. इस दौरान पाकिस्तान ने अपने 7 विकेट 177 रन पर ही गंवा दिए थे. लेकिन सऊद शकील ने 134 रन बनाकर टीम की वापसी करवाई, जिसमें नोमान अली के 45 रन और साजिद खान के 48 रन भी शामिल रहे.

इसके बाद इंग्लैंड की दूसरी पारी और भी खराब रही. पूरी टीम 37.2 ओवर ही खेल सकी और 112 रन बनाकर ऑल आउट हो गई. इस पारी में साजिद खान और नोमान अली ने मिलकर सभी 10 विकेट हासिल किए. नोमान अली के नाम 6 विकेट रहे, वहीं साजिद खान ने कुल 4 बल्लेबाजों को अपना शिकार बनाया. इन दोनों खिलाड़ियों के दमदार प्रदर्शन के चलते पाकिस्तान की टीम सीरीज में बाजी मारने में कामयाब रही.

नेपाल प्रीमियर लीग से जुड़े लखनऊ सुपर जायंट्स के फील्डिंग कोच जोंटी रोड्स

नईदिल्ली, एजेंसी। पूर्व साउथ अफ्रीकी क्रिकेटर जोंटी रोड्स नेपाल प्रीमियर लीग में पोखरा एवेंजर्स के सलाहकार होंगे. वहीं, इससे पहले भारत के पूर्व क्रिकेटर और कोच संदीप पाटिल पोखरा एवेंजर्स के सलाहकार थे. पोखरा एवेंजर्स के मालिक सुबोध त्रिपाठी ने इस बात की जानकारी दी. सुबोध त्रिपाठी ने कहा कि जोंटी रोड्स के साथ आने से हम बेहद खुश हैं. हमें पूरा भरोसा है कि जोंटी रोड्स नेपाल प्रीमियर लीग में पोखरा एवेंजर्स को बेहतर बनाने में मदद करेंगे और अपने अनुभव से युवा खिलाड़ियों के टैलेंट को निखारने का काम करेंगे.

पोखरा एवेंजर्स के सलाहकार बनने पर जोंटी रोड्स ने क्या कहा?

इससे पहले आईपीएल में जोंटी रोड्स मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जॉयंट्स के साथ काम कर चुके हैं. इन दोनों टीमों के साथ जोंटी रोड्स का सफर शानदार रहा. वहीं, जोंटी रोड्स ने नेपाल प्रीमियर लीग में पोखरा एवेंजर्स के सलाहकार बनने पर अपनी खुशी जाहिर की. जोंटी रोड्स ने कहा कि मैं सलाहकार के तौर युवा खिलाड़ियों के साथ अपना अनुभव साझा करूंगा, ताकि युवा खिलाड़ियों के खेल को निखारा जा सके. मुझे उम्मीद है कि हेड कोच राजीव कुमार के साथ मिलकर बेहतर परिणाम देने में सफल रहूंगा. इसके अलावा ऑन द फील्ड और ऑफ द फील्ड खिलाड़ियों को बेहतर बनाने पर कान करूंगा.

ऐसा रहा है जोंटी रोड्स का करियर

जोंटी रोड्स नवंबर के पहले सप्ताह में पोखरा एवेंजर्स के साथ जुड़ जाएंगे. बताते चलें कि जोंटी रोड्स ने 52 टेस्ट मैचों के अलावा 245 वनडे मैचों में साउथ अफ्रीका का प्रतिनिधित्व किया है. जोंटी रोड्स क्रिकेट इतिहास के सबसे बेहतरीन फील्डरों में गिने जाते हैं.

अगर धोनी उपलब्ध हैं, तो वह निश्चित रूप से रिटेंशन के लिए सीएसके की पहली पसंद होंगे : हरभजन सिंह

नई दिल्ली, एजेंसी। चेन्नई सुपर किंग्स के लिए संभावित आईपीएल रिटेंशन के बारे में स्टार स्पोर्ट्स से विशेष रूप से बात करते हुए, भारतीय स्पिन दिग्गज हरभजन सिंह ने आईपीएल 2025 सीज़न से पहले सीएसके के लिए किसे प्राथमिकता दी जानी चाहिए, इस पर अपने विचार साझा किए। हरभजन ने कहा, मुझे यकीन नहीं है कि धोनी खेलेंगे या नहीं, लेकिन अगर वह उपलब्ध हैं, तो वह निश्चित रूप से रिटेंशन के लिए टीम की पहली पसंद होंगे, भले ही उन्हें इस सीजन में अनकैप्ड खिलाड़ी माना जाता हो।

उनके बाद, अगला चयन रवींद्र जडेजा और फिर रचिन रवींद्र होगा। कप्तान रुतुराज गायकवाड़ के लिए, वह भी निश्चित रूप से रिटेंशन में होंगे। उन्होंने कहा,मेरा मानना है कि इन चार खिलाड़ियों को रिटेन किया जाएगा। उनके अलावा, हम पथिराना को भी टीम में रख सकते हैं, जो एक बेहतरीन गेंदबाज हैंऔर अगर किसी अनकैप्ड खिलाड़ी को रिटेन किया जाता है, तो एक आश्चर्यजनक विकल्प हो सकता है, लेकिन यह संभव है कि सीएसके केवल पांच खिलाड़ियों को ही रिटेन करे। इसलिए मेरे विचार से, संभावित रिटेंशन - महेंद्र सिंह धोनी, रवींद्र जडेजा, रचिन रवींद्र, रुतुराज गायकवाड़ और पथिराना हैं।

सनराइजर्स हैदराबाद टीम के लिए संभावित आईपीएल रिटेंशन के बारे में स्टार स्पोर्ट्स से विशेष रूप से बात करते हुए, ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के दिग्गज टॉम मूडी ने हैदराबाद टीम की रिटेंशन रणनीति को रेखांकित किया और उन खिलाड़ियों पर प्रकाश डाला, जिनके बारे में उनका मानना है कि उन्हें आईपीएल नीलामी से पहले प्राथमिकता दी जानी चाहिए। मूडी ने कहा, जब मैं हैदराबाद टीम को देखता हूं, तो इस रिटेंशन अवधि के दौरान उन्हें फ्रेंचाइजियों में सबसे कठिन काम मिला है।

ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए टीम इंडिया की घोषणा

नईदिल्ली, एजेंसी। बीसीसीआई की पुरुष चयन समिति ने शुक्रवार को भारत के दक्षिण अफ्रीका दौरे और ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए टीम की घोषणा की। भारत की टी20 टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 4 मैचों की टी20 सीरीज खेलने के लिए तैयार है और 8 नवंबर को डरबन में अपना पहला ञ्20ढ्ढ खेलेगी। मयंक यादव और शिवम दुबे चोटों के कारण चयन के लिए उपलब्ध नहीं हैं।

वहीं, रियान पराग भी चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे क्योंकि वर्तमान में वह अपनी पुरानी दाहिने कंधे की चोट का इलाज करवा रहे हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ 3 मैचों की टेस्ट श्रृंखला के पूरा होने के बाद, भारत ऑस्ट्रेलिया में 5 मैचों की टेस्ट श्रृंखला खेलने के लिए तैयार है, जो 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का हिस्सा है।

बता दें कि कुलदीप यादव ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे क्योंकि न्यूजीलैंड के खिलाफ चल रही टेस्ट श्रृंखला की समाप्ति के बाद उनकी बाईं कमर की पुरानी समस्या उभर आई थी। वह इसका इलाज करवा रहे हैं।

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए भारत की टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उपकप्तान), यशस्वी जयसवाल, अभिमन्यु ईश्वरन, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), आर अश्विन, आर जड़ेजा, मो. सिराज, आकाश दीप, प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा, नितीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर।

रिजर्व-मुकेश कुमार, नवदीप सैनी, खलील अहमद

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 4 टी20 मैचों के लिए भारत की टीम

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई , अर्शदीप सिंह, विजयकुमार वैश्य, अवेश खान, यश दयाल।

भारत का दक्षिण अफ्रीका दौरा 2024 शैड्यूल

08-नवंबर-24 - पहला टी20, डरबन में

10-नवंबर-24 - दूसरा टी20, गक़ेबरहा में

13-नवंबर-24 - तीसरा टी20, सेंचुरियन में

15-नवंबर-24 - चौथा टी20, जोहानसबर्ग

बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 का शैड्यूल

22 से 26 नवंबर 2024- पहला टेस्ट, पर्थ स्टेडियम, पर्थ

06 से 10 दिसम्बर 2024 - दूसरा टेस्ट (दिन-रात), एडिलेड ओवल

14 से 18 दिसम्बर 2024 - तीसरा टेस्ट, गाबा, ब्रिस्बेन

26 से 30 दिसम्बर 2024 - चौथा टेस्ट, एमसीजी, मेलबर्न

03 से 07 जनवरी 2025- 5वां टेस्ट, एससीजी, सिडनी

फुटबॉल लीजेंड जॉन ब्यूरिज और जो मॉरिसन ने मिनर्वा एकेडमी में लगाया स्काउटिंग कैंप

चंडीगढ़, एजेंसी। भारत की शीर्ष फुटबॉल संस्था मिनर्वा एकेडमी ने दो खेल दिग्गजों, जॉन बुरिज (बुजी) और जो मॉरिसन का एक सप्ताह तक चलने वाले स्काउटिंग और प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए स्वागत किया। जॉन बुरिज, प्रतिष्ठित पूर्व प्रीमियर लीग गोलकीपर, मिनर्वा के जूनियर और सीनियर गोलकीपरों को प्रशिक्षित करने के लिए अपने अनुभव का खजाना लेकर आए। 20 वर्षों से अधिक के शानदार करियर, 787 मैचों और 276 क्लीन शीट के साथ उनका अनुभव शानदार है।

उनके शानदार खेल करियर में वर्किंगटन एएफसी, स्टोक सिटी और यहां तक कि मैनचेस्टर यूनाइटेड, साउथेम्प्टन और न्यूकैसल यूनाइटेड जैसी टीमों में काम करना शामिल है। बुरिज ने अपने कोचिंग करियर के दौरान मैनचेस्टर यूनाइटेड, एस्टन विला, बर्मिंघम सिटी और कार्डिफ सिटी जैसे प्रतिष्ठित क्लबों के साथ भी काम किया है।उनके प्रीमियर लीग रिकॉर्ड में एक खिलाड़ी के रूप में 269 मैच और कोच के रूप में 50 मैच शामिल हैं। एक प्रसिद्ध गोलकीपर कोच के रूप में, बुरिज असाधारण प्रतिभा की खोज और विकास करने में गर्व महसूस करते हैं। भारत के नंबर एक गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू को एफसी स्टैबेक और यूएफा यूरोपा लीग में मार्गदर्शन मिलने के पीछे वे ही कारण हैं। उन्होंने ओमान के दिग्गज गोलकीपर अली अल-हब्सी को भी निखारा, जिससे उन्हें प्रीमियर लीग में 25 साल का शानदार करियर हासिल करने में मदद मिली। जो मॉरिसन एक प्रसिद्ध ब्रिटिश खेल प्रस्तुतकर्ता और टीवी होस्ट हैं। वे अपनी आकर्षक कमेंट्री और गहन विश्लेषण के लिए जाने जाते हैं। दो दशकों से अधिक के करियर के साथ, मॉरिसन ने स्काई स्पोर्ट्स, बीबीसी और आईटीवी जैसे प्रमुख नेटवर्क के साथ काम किया है, जिसमें प्रीमियर लीग, यूईएफए चैंपियंस लीग और फीफा विश्व कप जैसे हाई-प्रोफाइल इवेंट शामिल हैं।

घर की सीढ़ियों को प्लांट्स की मदद से कुछ इस तरह करें डेकोरेट हरा-भरा लगेगा घर

आज के समय में हर व्यक्ति अपने घर में प्लांट्स को जगह देने लगा है। भले ही उसका घर स्पेशियस हो या फिर छोटा, यह प्लांट्स किसी भी घर को बेहद खूबसूरत बनाते हैं। इतना ही नहीं, अमूमन लोग अपनी सुविधा व स्पेस को देखते हुए हैंगिंग गार्डनिंग से लेकर बालकनी व टेरेस में भी गार्डनिंग करना काफी पसंद करते हैं। लेकिन घर का एक एरिया ऐसा भी है, जहां पर अगर प्लांट्स लगाए जाएं तो पूरे घर का मेकओवर हो सकता है और फिर इसके बाद आपको अलग से किसी अन्य एरिया में प्लांट्स लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

यह एरिया है आपकी सीढ़ियां। घर की सीढ़ियों को अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है, लेकिन वास्तव में यही सीढ़ियां आपके पूरे घर का लुक बदल सकती हैं। अगर आप इन्हें एक नेचुरल व ब्यूटीफुल टच देना चाहती हैं तो वहां पर गार्डनिंग करना एक अच्छा आईडिया है। आप सीढ़ियों पर उन प्लांट्स को लगाएं, जिन्हें सीधी धूप या बहुत अधिक रख-रखाव की आवश्यकता ना हो। तो चलिए आज इस लेख में हम जानते हैं कि आप अपने घर में सीढ़ियों को प्लांट्स की मदद से किस तरह और भी अधिक खूबसूरत बना सकती हैं-

वर्टिकल गार्डनिंग

जब सीढ़ियों पर प्लांटिंग करने की बात हो तो ऐसे में वर्टिकल गार्डनिंग करना एक अच्छा आईडिया है। यह वास्तव में काफी कम स्पेस लेता है, लेकिन इस तरह आप अपनी सीढ़ियों के एरिया को पूरी तरह से ट्रांसफॉर्म कर सकती हैं। आप कोशिश करें कि सीढ़ियों की एक साइड की दीवार पर आप वर्टिकल गार्डनिंग के लिए स्टैंड को हैंग करें और उसमें बेहद ही खूबसूरत स्मॉल साइज के पौधे लगाएं। यह देखने में बेहद ही ब्यूटीफुल लगेगा।

यूं दें एलीगेंट लुक

अगर आप अपनी सीढ़ियों को एक बेहद ही एलीगेंट तरीके से सजाना चाहती हैं तो आप पॉटेड प्लांट्स को सीढ़ियों पर रखें। खासतौर से, अगर आपकी सीढ़िया वुडन की हैं तो आप कॉन्ट्रास्टिंग कलर के एक बिग साइज पॉट को सीढ़ी पर रख सकती हैं। हालांकि, अगर आप ऐसे अपनी सीढ़ियों को सजा रही हैं तो अन्य पॉट्स को घर के किसी दूसरे कोने में प्लेस करें।

स्नेकप्लांट्स लगेंगे बेहद खूबसूरत

यह भी एक तरीका है सीढ़ियों को सजाने का। इसके लिए आप कई पॉट्स में केवल स्नेकप्लांट्स ही लगाएं। अब आप इन पॉट्स को अपनी हर सीढ़ी के उपर रखती जाएं। यह ना केवल देखने में अच्छे लगते हैं, बल्कि आपके घर की हवा को भी नेचुरली प्यूरिफाई करने में मदद करते हैं। इसके बाद आपको अलग से एयर प्यूरिफायर खरीदने की जरूरत महसूस नहीं होगी।

रेलिंग पर करें फोकस

जब आप सीढ़ियों पर गार्डनिंग कर रही हैं तो सिर्फ उसकी साइड की दीवार या स्टेप्स के साथ ही आप क्रिएटिव नहीं हो सकतीं, बल्कि रेलिंग का लुक भी बदल सकती हैं। आप मनी प्लांट्स से लेकर अन्य कई प्लांट्स को रेलिंग पर लगा सकती हैं। हालांकि, आप रेलिंग के लिए ऐसे प्लांट्स को चुनें, जिनकी लताएं नीचे की ओर बढ़ती जाएं, ताकि यह आपकी पूरी रेलिंग को कवर कर सकें और देखने में भी खूबसूरत लगे।

सीढ़ियों के नीचे का स्पेस

अगर आपकी सीढ़िया घर में कुछ इस तरह बनी हुई हैं कि उनके नीचे आपके पास काफी सारा स्पेस बचता है, तो वहां पर भी प्लांटिंग करना अच्छा आईडिया है। अगर आप चाहें तो इस एरिया में एक मिनी गार्डन तैयार कर सकती हैं। आप यहां पर तरह-तरह के खूबसूरत प्लांट्स रख सकती हैं। साथ ही कुछ पेबल्स व लाइटिंग के जरिए इस लुक को और भी खास बनाएं। यकीन मानिए, इस एरिया में जब आप कुछ फुरसत के पल बिताएंगी, तो आपको बेहद ही अच्छा लगेगा।

...अगर आपका बच्चा भी करता है बिस्तर गीला

कई बार बच्चे 1 साल से बड़े होने के बाद भी बिस्तर पर ही पेशाब कर देते है। अक्स पेरेंट्स बच्चे की इस आदत को लेकर परेशान रहते है लेकिन बच्चे का बार-बार ऐसा करना किसी परेशानी के कारण भी हो सकता है। कई बार तो बच्चे रात में डर के कारण बिस्तर गीला कर देते है लेकिन इसके अलावा बच्चे यूरिन इंफेक्शन, तनाव, पुरानी कब्ज या असंतुलित हार्मोन के कारण ऐसा करते है।

अगर आपका बच्चा भी ऐसा कर रहा है तो इससे आपको परेशान होने की जरुरत नहीं। इस समस्या को आप कुछ असरदार घरेलू नुस्खे से दूर कर सकते हैं। आइए जानते है किन उपायों द्वारा बच्चे की इस परेशानी को दूर किया जा सकता है।

बच्चों को बार-बार यूरिन आने के कारण

- ब्लैडर में इंफेक्शन
- ब्लड शुगर के कारण
- प्रॉस्टेट ग्रंथि में यूरिन का बढ़ना
- ज्यादा कॉफी या चाय का सेवन
- पेट में कीड़े की समस्या
- मूत्राशय में पेशाब जमा करने की क्षमता कम होना

इसके घरेलू उपचार

अखरोट
2 अखरोट और 20 किशमिश को पीसकर चूर्ण बना लें। 3 हफ्ते तक बच्चे को इसका सेवन कराने से यह समस्या दूर हो जाएगी।

पिस्ता
5 काली मिर्च, 3 पिस्ता और मिनका पीस लें। दिन में दो बार बच्चे को यह चूर्ण खिलाने से उसकी यह परेशानी दूर हो जाएगी।

काले तिल
50 ग्राम काले तिल, 25 ग्राम अजवाइन और 100 ग्राम गुड़ को मिलाकर 8-8 ग्राम के लड्डू बना लें। बच्चे को रोजाना सुबह-शाम 1 लड्डू खिलाने से उसकी पेशाब की बीमारी ठीक हो जाएगी।

शहद का सेवन
रोजाना रात को सोने से पहले बच्चे को नियमित रूप से शहद चटा दें। कुख हफ्तों में ही बच्चे को बार-बार यूरिन आने की परेशानी से छुटकारा मिल जाएगा।

अजवाइन
1 चम्मच अजवाइन में नमक मिलाकर बच्चें को गर्म पानी से सात खिला दें। दिन में 2 बार इसका सेवन बार-बार यूरिन आने की समस्या से निजात दिलाता है।

जुड़वां बच्चे होने पर दिखते हैं ये लक्षण!

प्रैग्नेंसी हर महिला की जिंदगी का सबसे अहम पल होता हैं। जब किसी औरत को मां बनने की खुशी मिलती है तो उसके साथ पूरा परिवार खुश हो उठता है। हर औरत के मन में सबसे पहला सवाल उठता है कि उसका होने वाला बच्चा कैसा होगा, वहीं अगर गर्भ में जुड़वां बच्चों के पलने की खबर मिल जाए तो खुशी दोगुणा बढ़ जाती है। जुड़वा बच्चों के होने पर गर्भवती महिला के शरीर में कुछ लक्षण दिखाई देते है, जिनके बारे में अक्सर महिलाओं को नहीं पता होता। आज हम आपको उन्हीं लक्षणों के बारे में बताने जा रहे है, जिनसे पता जलता है कि गर्भ में जुड़वा बच्चे पल रहे है।

मॉर्निंग सिकनेस

गर्भवती महिला को मॉर्निंग सिक्नेस रहना भी एक संकेत हो सकता है। 50 प्रतिशत से अधिक महिलाओं को गर्भावस्था के प्रारंभिक चरण में ही मतली और जी मिचलाना महसूस हो सकती है। जिन गर्भवती महिलाओं को जुड़वा बेबी होने वाले होते है उन्होंने बाकी गर्भवती महिलाओं की तुलना में अधिक मार्निंग सिक्नेस रहती है।

ब्लीडिंग और स्पॉटिंग

जिस महिला को जुड़वा होने वाली होती है, उन्हें स्पॉटिंग और ब्लीडिंग अधिक होती है। यदि ब्लीडिंग के साथ बुखार और लाल खून के धब्बे पड़ रहे है तो इसमें डरने की कोई बात नहीं है क्योंकि यह जुड़वा बच्चों की निशानी हो सकती है।

वजन बढ़ना

अगर वजन सामान्य गर्भावस्था की तुलना से अधिक है तो भी जुड़वां बच्चे होने का संकेत हो सकता है। एक औसत गर्भावस्था में सामान्य वजन 25 पाउंड होता है, जबकि जुड़वां गर्भावस्था में वजन 30 से 35 पुंड के बीच होता है।

अधिक भूख लगना

जुड़वां बेबी होने पर गर्भवती महिला को अधिक भूख लगती है। इसलिए जब आपको साथ भी ऐसा हो तो एक बार डॉक्टर से सलाह जरूर लें क्योंकि यह कोई और बात भी हो सकती है।

पेट में दर्द होना

जुड़वां गर्भवती महिला के सामान्य से ज्यादा पेट में दर्द रहने लगता है यह दर्द शरीर को अधिक वजन होने के कारण भी हो सकता है। इसलिए इस बात के बारे में एक बार डॉक्टर से जरूर बात करें।

बच्चे को घर की बनी चीजें खाने की आदत डालें

बच्चे और हैल्दी फूड तो मानों एक दूसरे से मेल ही नहीं खाते लेकिन बच्चों के विकास के लिए संतुलित भोजन बहुत जरूरी है। इससे न सिर्फ शारीरिक विकास होता है बल्कि भविष्य के लिए भी खाने की अच्छी आदतें फायदेमंद साबित होती हैं। जंक फूड, पिज्जा, बर्गर, चिप्स आदि बच्चे बहुत चाव से खाते हैं लेकिन खाने में ये टेस्टी तो होते हैं लेकिन सेहत को फायदे की जगह नुकसान पहुंचाने का काम करते हैं। जो आने वाले समय में मोटापा, डायबिटिज, हाई बीपी, स्ट्रोक, दिल की बीमारियां आदि होने का कारण बनते हैं। शुरू से ही अगर बच्चे को घर की बनी चीजें खाने की आदत डाल दी जाए तो उसके लिए बहुत अच्छा होगा।

बताएं हैल्दी चीजों का महत्व

बच्चे में अनुशासन, पढ़ाई के साथ-साथ खाने की अच्छी आदतों का होना भी बहुत जरूरी है। उन्हें बताएं कि घर का बना खाना खाना आपके लिए कितना अच्छा है। बाहर का खाना न तो हैल्दी होता है और न ही साफ-सुथरा। कभी-कभी बच्चों को उनकी पसंद का खाना घर पर ही बना कर खिलाएं।

एक जगह बिठा कर करवाएं भोजन

ज्यादातर बच्चों को खाना खाते समय घूमने की आदत होती है जो एक गलत आदत है। बच्चे को रोजाना एक ही जगह पर बिठा कर खाना खिलाएं और बार-बार की बजाए एक ही बार में खाना खाने को कहें लेकिन जबरदस्ती न करें।

टेस्ट में करें बदलाव

एक ही तरह का खाना खाकर बच्चे बोर हो जाते हैं, खाना का टेस्ट बरकरार रखने के लिए उनके डाइट प्लान में कभी स्नैक्स, जूस, सूप, फ्रूट सलाद आदि के साथ खाने में ट्विस्ट लाएं।

कामकाजी महिला हैं तो इस तरह रहें बच्चे के करीब

औरतों को घर और ऑफिस के काम एक साथ संभालने का हुनर बहुत अच्छी तरह से आता है। कई बार समय की कमी के कारण वह अपने बच्चों को उतना समय नहीं दे पाती, जितना कि उसके बच्चों को मां के साथ की जरूरत होती है।

बच्चों के साथ समय बिताकर आप उनके दिल की बातों को अच्छी तरह से जान सकते हैं लेकिन आप भी काम के तनाव की वजह से परेशान हैं और बच्चों के कटी-कटी रहती हैं तो कुछ स्मार्ट टिप्स आपके काम आ सकते हैं जो बच्चे के साथ आपके रिश्तों के पहले से भी ज्यादा मजबूत बना देंगे।

बच्चों से करें दिनभर की बातें

रात को आपके पास परिवार के साथ समय बिताने के सबसे अच्छा बहाना होता है। डिनर के समय पति और बच्चों के साथ ही खाना खाएं। दिन भर की बातें परिवार के साथ शेयर करें और उनकी बातें सुनें। इससे बच्चों का आपके साथ प्यार बढ़ेगा और वह आपसे बातें करने के लिए बेताब रहेगा।

काम में लें बच्चों की मदद

बच्चे तब बहुत खुश होते हैं जब आप उनसे किसी बात के लिए मदद मांगते हैं। कभी-कभी प्यार से बच्चे को आपकी मदद करने के लिए कहें जैसे खाना बनकर तैयार है तो उसे डाइनिंग टेबल सजाने के लिए कह सकते हैं। उसकी पसंद की डिश बना रही हैं तो उससे परोसने के लिए मदद ली जा सकती है।

मस्ती भी जरूरी

बच्चों के करीब आने के लिए उनके साथ कभी-कभी खुद भी बच्चे बनना पड़ता है। आप परिवार के साथ कुछ ऐसे गेम्स खेल सकते हैं जिसे बच्चे पूरी तरह से एंज्वाय भी करें और उन्हें कुछ सीखने के लिए भी मिले। जैसे हॉट सीट, पर्ची पर सारे सदस्यों का नाम लिखें, जिसके नाम की पर्ची निकले वह हॉट सीट पर बैठे और बाकी के सदस्य उससे सवाल पूछें। जो सबसे ज्यादा सही जवाब दे उसे शॉपिंग या पिंकनिक का गिफ्ट दिया जा सकता है।

बच्चों के मां-बाप नहीं दोस्त बनें

हर मां- बाप चाहते हैं कि उनकी बेटियां पढ़ लिखकर जिंदगी में कामयाब बने। बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए पेरेंट्स उन्हें घर से बाहर दूसरे शहरों में भी पढ़ने के लिए भेजते हैं लेकिन दिन-प्रतिदिन लड़कियों के खिलाफ बढ़ते अपराध को देखकर कुछ मां- बाप अच्छी नौकरी या पढ़ाई के लिए उन्हें बाहर भेजने से डरने लगे हैं। उन्हें हर पल यही फिक्र सताती है कि उनकी बच्ची सही सलामत है या नहीं। अगर आपके घर में लड़किया हैं और वह पढ़ाई करने, नौकरी करने या किसी अन्य काम से रोजाना घर से बाहर जाती हैं या घर से दूर कहीं बाहर रहती हैं। तो माता- पिता होने के नाते आपको कुछ सावधानियां बरतने की खास जरूरत है ताकि वह हर छोटी से छोटी बात भी आपसे शेयर कर सके। तो आइए जानते हैं उन बातों के बारे में जो आपकी बच्ची को घर के बाहर भी सुरक्षित रख सकती हैं।

मोबाइल भी जरूरी

कुछ मां- बाप की सोच है कि मोबाइल फोन से बच्चों पर बुरा प्रभाव पड़ता है। वह पढ़ना-लिखना छोड़ देंगे और पूरा दिन सिर्फ मोबाइल फोन पर ही लगे रहेंगे लेकिन बेटियों के पास मोबाइल फोन होना जरूरी है। वह कहीं बाहर गई हो और घर वापसी में लेट हो जाए तो आपको फोन करके बता सकती हैं। इसके अलावा अगर कभी कोई मुसीबत आती है तब भी वह आपको फोन कर सकती हैं। बच्चों का दोस्त बनना बहुत जरूरी है अगर आप उनके साथ दोस्तों जैसा व्यवहार करेंगे तो वह खुल कर आप से हर बात शेयर कर पाएंगे। जब आपको उसके बारे में हर बात पता होगी तो आप अपनी बच्ची को परेशानियों से बचा सकते हैं।

थोड़ी दूरी भी बनाएं

बच्चों को स्पेस देना भी जरूरी है हर वक्त उनके पीछे परछाई की तरह लगने रहने से वह परेशान हो जाएगी। इससे आपका बच्चा धीरे-धीरे आप से दूर होता चला जाएगा और कभी आप पर भी भरोसा नहीं करेगा। खुद का भरोसा बच्चे पर बनाने के लिए कुछ समय उसे अकेले भी समय बिताने का मौका दें ताकि उन्हें पता चल सके कि क्या सही है और क्या गलत।

दोस्तों की जानकारी

आपको उनके दोस्तों के बारे में पता होना जरूरी है वह पूरा दिन कौन से दोस्तों के साथ रहती है इस बात की पूरी जानकारी होनी चाहिए। इस बात को सुनिश्चित करें की उसकी संगत अच्छी हो। अपने बच्चे ही नहीं बल्कि उनके दोस्तों से भी दोस्ती बनाएं।

आत्मरक्षा के तरीके

बेटियों को आत्मरक्षा करने के लिए तरीके बताएं। आजकल तो बहुत से स्कूलों और कॉलजों में बच्चों को कराटे और बहुत-से ऐसे टिप्स बताए जाते है जिनसे वह अकेली होने पर अपनी रक्षा कर सके। लड़कियों को कभी भी कमजोर या अकेला महसूस न होने दें।

अपनी राय न थोपें

बच्चों को अच्छी बुरी के बातों के बीच फर्क बताना जरूरी है लेकिन उन पर अपनी राय थोपना गलत है। जब आप उनकी हर बात पर अपनी राय थोपेंगे तो वह बहुत-सी बातों को आप छीपाएगी। जो उसके लिए बाद में परेशानियां खड़ी कर सकती हैं।



वेट्टैयन के फिसड्डी साबित होने पर घाटे की भरपाई करेंगे रजनीकांत?

रजनीकांत की नवीनतम रिलीज वेट्टैयन बॉक्स ऑफिस की उम्मीदों से मेल खाने में विफल रही है। दिलचस्प स्टार कास्ट के साथ रजनीकांत और अमिताभ बच्चन को एक साथ लाने के बावजूद फिल्म अपने पहले सप्ताह के अंत में दुनिया भर में केवल 207 करोड़ रुपये ही जुटा सकी। अब, ऐसी खबरें सामने आई हैं कि फिल्म के पीछे के प्रोडक्शन हाउस लाइका प्रोडक्शंस ने नुकसान की भरपाई के लिए सुपरस्टार से संपर्क किया है। हालांकि, इस पर आधिकारिक पुष्टि होना अभी बाकी है। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि लाइका प्रोडक्शन ने वेट्टैयन के वित्तीय झटके की भरपाई करने के लिए रजनीकांत से उनके लिए एक और फिल्म करने के लिए कहा है।

अभिनेता से अगले सहयोग के लिए अपना वेतन कम

कथित तौर पर यह कदम इसलिए उठाया गया है क्योंकि प्रोडक्शन हाउस की रजनीकांत के साथ आखिरी रिलीज फिल्में 2.0, लाल सलाम और दरबार भी उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे। वेट्टैयन के साथ, निर्माताओं को मुआवजे की उम्मीद थी लेकिन नवीनतम रिलीज भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी। आगामी सहयोग के बारे में विवरण गुप्त रखा गया है। टीजे ग्नानवेल द्वारा निर्देशित वेट्टैयन में रजनीकांत ने एक बार फिर एक पुलिस वाले की भूमिका निभाई। इससे पहले, एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान, फिल्म निर्माता ने फिल्म का प्रीक्वल बनाने के अपने इरादे पर विचार किया था। इस बात पर जोर देते हुए कि वह प्रीक्वल के माध्यम से फिल्म में रजनीकांत के किरदार अथियान के चरित्र का पता लगाना चाहते हैं। ग्नानवेल ने साझा किया कि वह एनकाउंटर स्पेशलिस्ट बनने की अपनी यात्रा दिखाना चाहते हैं। अमिताभ बच्चन और रजनीकांत 1991 की फिल्म हम के वर्षों बाद वेट्टैयन के साथ बड़े पर्दे पर साथ आए हैं। इस पुनर्मिलन ने प्रशंसकों को उत्साह से भर दिया था। हालांकि, वेट्टैयन के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन में इसका कोई फायदा नहीं हुआ। इस जोड़ी और फहद फासिल के अलावा, फिल्म में राणा दग्गुबाती, मंजू वारियर, रितिका सिंह और दुशारा विजयन भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

तमन्ना भाटिया की फिल्म ओडेला 2 को लेकर आया नया अपडेट

तमन्ना भाटिया एक मशहूर भारतीय अभिनेत्री हैं, जो साउथ के अलावा हिंदी फिल्मों में भी अभिनय करती हैं। वह इन दिनों अपनी आगामी फिल्म ओडेला 2 को लेकर व्यस्त हैं। ये फिल्म एक हाई-वोल्टेज आध्यात्मिक थ्रिलर होने वाली है। फिल्म में तमन्ना बेहद अलग अवतार में नजर आने वाली है। वह इस फिल्म में शिवशक्ति नामक एक नागा साध्वी का किरदार निभाएंगी। हाल में ही फिल्म के निर्माण की औपचारिकताएं पूरी की गई हैं। वर्तमान में फिल्म का पोस्ट-प्रोडक्शन चल रहा है। अब इस फिल्म पर नया अपडेट आया है।

हिंदी में भी डब होगी तमन्ना की ओडेला 2

123 तेलुगु डॉट कॉम की एक रिपोर्ट के मुताबिक, इस फिल्म को लेकर आए एक नवीनतम अपडेट के अनुसार ओडेला 2 को हिंदी में भी डब किया जाएगा। फिलम को मूल भाषा तेलुगु के साथ-साथ पूरे भारत में रिलीज किया जाएगा। तमन्ना भाटिया एक ऐसी अभिनेत्री हैं, जिनके फैंस पूरे देश भर में हैं और वो लगातार साउथ के अलावा हिंदी फिल्मों में भी नजर आती रही हैं। इस वजह से उनके हिंदी फैंस के लिए ये खबर काफी उत्साह बढ़ाने वाली है। ओडेला 2 की शुरुआत हिंदी बेल्ट में पूरी तरह से तमन्ना के स्टारडम पर निर्भर करेगी।

कंतारा फेम अजनीश लोकनाथ दे रहे हैं संगीत

तमन्ना भाटिया की इस फिल्म से अभिनेत्री के फैंस को काफी उम्मीदें हैं। हाल में ही फिल्म के सेट से अभिनेत्री ने अपनी तस्वीर साझा की थी, जिसे फैंस ने काफी पसंद किया था। फिल्म में तमन्ना के अलावा हेबाह पटेल, लोकप्रिय चरित्र कलाकार मुरली शर्मा, केजीएफ फेम वशिष्ठ सिम्हा और अन्य कई कलाकार नजर आने वाले हैं। फिल्म का निर्माण लोकप्रिय निर्देशक संपत नंदी द्वारा किया जा रहा है। वहीं, इस फिल्म का निर्देशन अशोक तेजा कर रहे हैं। कंतारा फेम अजनीश लोकनाथ फिल्म में संगीत दे रहे हैं।

स्त्री 2 और वेदा में भी आ चुकी हैं नजर

तमन्ना भाटिया हाल ही में रिलीज़ हुई ब्लॉकबस्टर हॉरर कॉमेडी, स्त्री 2 में अपने शानदार स्पेशल डांस नंबर आज की रात से काफी वाहवाही बटोरी है। इस गाने में अपने डांस और भाव से अभिनेत्री ने फैंस को मंत्रमुग्ध कर दिया था। इस फिल्म में वह एक कैमियो करती नजर आईं, जिसमें उनके किरदार का नाम शमा रखा गया था। स्त्री 2 की बात करें, तो ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई है।

पुष्पा 2 द रूल में होगा धमाल, अल्लू के साथ श्रद्धा कपूर को होगा आइटम सॉन्ग?

पुष्पा 2 इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। यह फिल्म साल 2021 में आई पुष्पा द राइज का दूसरा भाग है। इस फिल्म में अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना की जोड़ी एक बार फिर से बड़े पर्दे पर धमाल मचाएगी। पुष्पा 1 में सामंथा रुथ प्रभु का बेहद ही शानदार और सिजलिंग आइटम सॉन्ग ऊ अंटावा था, जिसने सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया था। लेकिन क्या आपको यह पता है कि पुष्पा 2 द रूल में कौन सी अभिनेत्री अल्लू के साथ जबर्दस्त ठुमके लगाती नजर आएंगी।

2021 में रिलीज हुई ब्लॉकबस्टर फिल्म पुष्पा द राइज का दूसरा भाग पुष्पा 2 द रूल की रिलीज का हर एक अल्लू अर्जुन का प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहा है। पुष्पा 2 इस साल की सबसे ज्यादा चर्चित फिल्मों में से एक है। इस फिल्म में पिछली फिल्म की तरह ही एक सिजलिंग और हॉट आइटम सॉन्ग होने की बात काफी समय से सुर्खियों में बनी हुई है, लेकिन क्या आपको यह पता है कि इस बार पुष्पा 2 द रूल में अल्लू के साथ कौन सी अभिनेत्री अपना जलवा बिखेरेगी। आइए बताते हैं।

अल्लू के साथ श्रद्धा कपूर को होगा आइटम सॉन्ग?

पुष्पा 2- द रूल इस साल की सबसे प्रतिष्ठित फिल्मों में से एक मानी जा रही है। अल्लू अर्जुन अभिनीत इस फिल्म के बारे में कई जानकारियां सामने आती रहती हैं। अब सोशल मीडिया पर यह जानकारी सामने आई है कि फिल्म के निर्माता-निर्देशक ने अल्लू अर्जुन के साथ एक खास गाने में धमाल मचाने के लिए श्रद्धा कपूर को फाइनल कर लिया है। श्रद्धा से पहले कई अभिनेत्रियों के नामों पर विचार किया जा चुका है, लेकिन आखिर में स्त्री 2 फेम अभिनेत्री श्रद्धा कपूर के नाम को फाइल कर लिया गया है। हालांकि, इसको लेकर अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

साल 2021 में आई अल्लू और रश्मिका की फिल्म पुष्पा द राइज में ऊ अंटावा सॉन्ग ने सभी का खूब मनोरंजन किया था। इस गाने में साउथ अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु के साथ अल्लू के डांस मूव्स ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा था। इस गाना उस समय नंबर वन पर ट्रेंड कर रहा था। अब मेकर्स पुष्पा 2 में भी एक जबर्दस्त आइटम सॉन्ग लेकर आएंगे। सुकुमार द्वारा निर्देशित पुष्पा 2, 6 दिसंबर, 2024 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अल्लू के अलावा रश्मिका मंदाना इस फिल्म में मुख्य भूमिका में हैं, जबकि फहाद फासिल खलनायक की भूमिका में नजर आएंगे। माइथ्री मूवी मेकर्स की इस फिल्म को लेकर अल्लू और रश्मिका के प्रशंसक बेहद उत्साहित हैं। फिल्म में देवी श्री प्रसाद का संगीत है।

सूर्या की अगली फिल्म को निर्देशित करेंगे आर.जे.बालाजी, सोशल ड्रामा में होगा एक्शन का तड़का

सूर्या अपनी अगली फिल्म के लिए कमर कस रहे हैं, जिसका नाम अस्थायी रूप से सूर्या 45 रखा गया है, जिसे आरजे बालाजी द्वारा निर्देशित किया जाएगा। प्रोडक्शन टीम ने आधिकारिक तौर पर इस प्रोजेक्ट की घोषणा करते हुए खुलासा किया कि संगीत एआर रहमान द्वारा रचित किया जाएगा। सूर्या ने फिल्म की घोषणा पोस्टर को कैप्शन के साथ साझा किया रोमांचित! जबकि आरजे बालाजी ने खबर साझा करते हुए लिखा, हम आप सभी से एक ब्लॉकबस्टर मनोरंजक फिल्म का वादा करते हैं। कहा जा रहा है कि यह फिल्म एक एक्शन से भरपूर थ्रिलर है, जो गांव की पृष्ठभूमि पर आधारित है। जारी किए गए पोस्टर में तिलक के साथ लंबी दरांती और बीच में एक वेल (भाला) दिखाया गया है, जो एक गहन कहानी की ओर इशारा करता है। सूर्या 45 सूर्या और एआर रहमान के बीच चौथा सहयोग भी है। इससे पहले वे आयुथा एज़ुथु सिल्लुनु ओरु काधल और 24 जैसी फिल्मों में साथ काम कर चुके हैं। प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं कि रहमान का संगीत इस नए प्रोजेक्ट को कैसे आगे बढ़ाएगा। सूर्या 45 से पहले सूर्या शिवा द्वारा निर्देशित बहुप्रतीक्षित फिल्म कंगुवा में नजर आएंगे। यह फिल्म एक फंतासी-एक्शन एडवेंचर है जिसमें बॉबी देओल और दिशा पटानी हैं जो तमिल में अपना डेब्यू कर रहे हैं। सहायक कलाकारों में जगपति बाबू, नटराजन सुब्रमण्यम, योगी बाबू, रेडिन किंग्सले और कोवई सरला शामिल हैं। 14 नवंबर 2024 को रिलीज होने वाली कंगुवा भारत की सबसे महंगी फिल्मों में से एक होने की उम्मीद है। फिल्म में सूर्या दो अलग-अलग भूमिकाओं में नज़र आएंगे, जो कई अलग-अलग समय पर आधारित होंगे। निर्देशक ने बताया कि फिल्म ऐतिहासिक रोमांचकारी तत्वों पर केंद्रित होगी।

बेटे अरहान के डेब्यू में अभी वक्त है



अरबाज खान ने हाल ही में बेटे अरहान खान के बॉलीवुड डेब्यू पर बात की। उन्होंने कहा कि अरहान को फिल्मों में आने के लिए अभी कुछ साल लग सकते हैं। वह अभी काफी युवा हैं और खुद पर काम कर रहे हैं। इंस्टेंट बॉलीवुड से बातचीत के दौरान अरबाज खान ने कहा, 'उम्मीद है कि एक्टिंग की दुनिया में कदम रखने के लिए अरहान को अभी एक से दो साल तक का समय और लग सकता है। मुझे यकीन है कि वह पहले एक एक्टर के रूप में सामने आएगा, फिर वह किसी और काम को करेगा। उसके लिए एक्टिंग ही पहली प्राथमिकता होगी।' अरहान के साथ दोस्ती जैसा रिश्ता- मलाइका अरोड़ा बता दें, एक इंटरव्यू के दौरान मलाइका अरोड़ा ने बेटे अरहान खान संग अपने रिश्ते के बारे में बात की थी। उन्होंने कहा था, मैं सख्त होने के साथ ही सपोर्टिव मां भी हूं। अरहान जानता है कि वो किसी भी बात के लिए मेरी मदद ले सकता है। हालांकि, मुझे ये भी लगता है कि आज के टाइम में बच्चों के साथ दोस्ती बनाना काफी जरूरी है। लेकिन उससे भी ज्यादा ये जरूरी है कि आप अपने माता-पिता के रोल को गंभीरता से निभाएं। इसके अलावा अरहान खान के टॉक शो डंब बिरयानी में मलाइका ने बेटे अरहान और पिता अरबाज की आदतों के बारे में भी बात की। एक्ट्रेस ने कहा, अरहान की कुछ आदतें अरबाज जैसी हैं, जैसे कान और सिर खुजलाना। इसके साथ ही अरहान अपने पिता अरबाज जैसी साफ और पाक सोच भी रखता है।



रिलेशनशिप स्टेटस पर आदित्य रॉय कपूर ने तोड़ी चुप्पी

आदित्य रॉय कपूर और अनन्या पांडे का रिलेशनशिप लोगों के बीच खूब चर्चा का विषय रहा। अनन्या से ब्रेकअप के बाद पहली बाद आदित्य ने अपने रिलेशनशिप स्टेटस के बारे में बात की। उन्होंने कहा 'मैं इस समय पूरी तरह से चिल हूं।'करीना कपूर के चैट शो 'व्हाट वीमेन वांट' में इस बार गेस्ट के तौर पर आदित्य रॉय कपूर नजर आएंगे। इसका प्रोमो वीडियो सामने आया है, जिसमें करीना आदित्य से उनकी तीन पसंदीदा खूबियों पूछती नजर आईं। इसपर आदित्य ने कहा, 'मैं बहुत हैंडसम हूं, मैं आकर्षक हूं।' करीना आगे कहती हैं कि बहुत वीमेन आपके रिलेशनशिप स्टेटस के बारे में जानना चाहती हैं। इसका जवाब देते हुए आदित्य ने कहा, क्या चिल करना भी कोई स्टेटस है? मैं चिलर हूं।' आदित्य रॉय कपूर ने अपने करियर के बारे में बात करते हुए कहा, फिल्म आशिकी ने मेरे फिल्मी करियर की दिशा ही बदल दी। ऐसा नहीं है कि मैं उस रोल से इसलिए जुड़ा क्योंकि वह एक शराबी था।' करीना ने आदित्य से पूछा कि वह रिश्ते में घोस्टिंग (बिना कुछ बताए संपर्क खत्म करना) से कैसे निपटते हैं। आदित्य ने कहा, मैं ज्यादा फोन यूज नहीं करता। मुझे कोई सौ मैसेज भेजे तो मैं इग्नोर करके ब्लॉक कर दूं।'

पार्टनर को 50 से 75 बार कॉल करती हूं

अनन्या पांडे ने हाल ही में शो नो फिल्टर नेहा पर बताया था, अगर मेरे पार्टनर ने फोन नहीं उठाया, तो मैं 50 से 75 बार कॉल करती हूं। मैं ऐसी व्यक्ति हूं, जिसे एक मिनट में समस्या का समाधान चाहिए होता है। मुझे लोगों को स्पेस देना पसंद नहीं है। यह अच्छी आदत नहीं है।'

मार्च में हुआ था ब्रेकअप

आदित्य रॉय कपूर और अनन्या पांडे ने लगभग दो सालों तक एक दूसरे को डेट किया। दोनों को कई बार साथ समय बिताते स्पॉट किया गया था। हालांकि, ये रिश्ता भी लंबा नहीं चला और मार्च में उनका ब्रेकअप हो गया था।

टीवी शो के अलावा भोजपुरी गाने में भी काम कर चुकी हैं अपर्णा दीक्षित

टीवी एक्ट्रेस अपर्णा दीक्षित अपने धारावाहिक शो के कारण प्रशंसकों के बीच काफी चर्चा में रहती हैं। अपर्णा अपना जन्मदिन मना रही हैं। अपर्णा को अम्बिका, देविका देओल जैसे किरदारों के कारण काफी प्रशंसकों के बीच चर्चा में रही हैं। कलश एक विश्वास, बेपनाह प्यार, प्यार की लुका छुपी, तुलसी हमारी बड़ी सयानी, मेरी आशिकी तुमसे ही, महाभारत जैसे धारावाहिकों में नजर आईं। टीवी शो के अलावा अपर्णा को भोजपुरी गाने दिलदारा में भी देखा गया था। इस गाने में अपर्णा ने विशाल सिंह के साथ अभिनय किया था।

एनसीआर समाचार प्रा. लि. की ओर से मुद्रक, प्रकाशक मो. हनीफ द्वारा आर.डी. प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स प्राईवेट लिमिटेड, ए-41 सेक्टर-8 नोएडा, यू.पी.-201301 से मुद्रित व जी-12/276बी, संगम विहार, नई दिल्ली-62 से प्रकाशित। फोनः 8888883968, 9811111715 किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही होगा। **संपादक : मो इस्माईल खान** RNI No. DLHIN/2010/37009